# देश

**उवाच**

वक्फ सुधार कानून, आस्था के संरक्षण और व्यवस्था के सुधार का है, यह कानून किसी मजहब का नहीं मुल्क का है, इससे ना धर्म को नुकसान है ना धार्मिक स्थल को। कुछ लोग भय-भ्रम के भंवरजाल से सीधे-साधे लोगों के कंधों पर बंदूक ले कर घूम रहें हैं।

-मुख्तार अब्बास नकवी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 33.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए काम करें लोक सेवक : मुर्मु

- राष्ट्रपति ने लोक सेवकों से की ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करने की अपील
- राष्ट्रपति ने नवनियुक्त आईएएस अधिकारियों को किया संबोधित



**स्थानीय और राज्य स्तर पर लोक सेवकों द्वारा किए गए विकास एवं जन कल्याण कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक होंगे : द्रौपदी मुर्मु**

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोक सेवकों से ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा है कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास एवं जन कल्याण कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक होंगे। मुर्मु ने मंगलवार को यहां विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के एक समूह से राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से आईएएस अधिकारी बने हैं। इससे उनके व्यक्तिगत जीवन में एक परिवर्तनकारी बदलाव आया है। अब और भी अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ, उनके पास अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर है। उनकी सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई साथी नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

**लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हर लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सभी सामना कर रहे हैं। अनैतिकता का प्रदूषण और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। समर्पित और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक खुश रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति है। लोक सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और संवेदनशीलता का उदाहरण पेश करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। वे प्रशासकों की जवाबदेही के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपने साथी नागरिकों के साथ निकटता विकसित करने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी।

## लोक सेवक के कर्तव्य ही उसकी जिम्मेदारियां : राष्ट्रपति

मुर्मु ने अधिकारियों को वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि वे अपने करियर की यात्रा के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग के स्थानों का दौरा करें और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों को सिविल सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। लोक सेवक के कर्तव्य ही उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार ही उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उनके असली करियर की कहानी उनके काम से बनेगी,सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से नहीं। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी।

## प्रियंका ने स्थापना दिवस पर दी हिमाचल के लोगों को बधाई

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वाड्रा का हिमाचल प्रदेश तथा यहां के



लोगों से कितना गहरा लगाव है और इसका परिचय उन्होंने राज्य विधानसभा के लिए हुए पिछले चुनाव में तब दिया था, जब वह लम्बे समय तक राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के लिए प्रचार करती रही हैं। उन्होंने प्रदेश के लोगों को स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सभी भाई-बहनों को प्रदेश स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हिमालय की गोद में पनपी देवभूमि की अनूठी संस्कृति, प्राचीन सभ्यता और प्राकृतिक सौंदर्य सबसे विशिष्ट है। ईश्वर से सभी प्रदेशवासियों के लिए प्रगति एवं सुख-समृद्धि की कामना करती हूं।

# जम्मू-कश्मीर को जल्द बहाल किया जाएगा राज्य का दर्जा : उमर अब्दुल्ला



**अमित शाह के साथ हालिया बैठक के बाद जताई उम्मीद**

**श्रीनगर,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी हालिया बैठक के बाद मंगलवार को राज्य का दर्जा जल्द बहाल होने की उम्मीद जताई। अब्दुल्ला ने पुलवामा जिले में संवाददाताओं से कहा कि हमें लगता है कि राज्य का दर्जा बहाल करने का सही समय आ गया है, क्योंकि विधानसभा चुनाव के छह महीने बीत चुके हैं। पिछले सप्ताह, शाह ने श्रीनगर और जम्मू दोनों का दौरा किया था। मैंने उनके साथ एक अलग बैठक की। यह एक अच्छी बैठक थी, मुझे अब भी उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द ही फिर से राज्य का दर्जा मिल जाएगा। उमर की हाल में सम्पन्न हुई विधानसभा सत्र के दौरान वक्फ अधिनियम पर बहस की अनुमति न देने पर आलोचना की गई। इसके लिए उन्होंने प्रक्रियागत बाधाओं को जिम्मेदार ठहराया। उमर ने कहा कि स्थगन प्रस्ताव केवल जम्मू-कश्मीर सरकार के काम के लिए लाया जाता है, क्योंकि उस समय सरकार को जवाब देना होता है। उन्होंने केंद्र की ओर से बनाए गए कानून के मुद्दे के लिए स्थगन प्रस्ताव का उपयोग करने की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अब मुझे बताएं, अगर यह स्थगन प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया होता, तो हम क्या जवाब देते। वक्फ बिल हमारे द्वारा नहीं लाया गया था। इसे केंद्र सरकार और संसद ने पारित किया है तो जम्मू-कश्मीर सरकार क्या जवाब देगी। उमर ने कहा कि अगर यह प्रस्ताव किसी दूसरे कानूनी प्रावधान के तहत पेश किया गया होता तो शायद इस पर विचार किया जा सकता था।

## पुलवामा जिले में एक पुल का किया उद्घाटन

मंगलवार को पुलवामा जिले में एक पुल का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुल बनने में 11 साल लग गए, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। 2014 की बाढ़ में यह पुल बह गया था। 2014 की बाढ़ ने इस पुल को बर्बाद कर दिया, जिसे बनाने में 11 वर्ष लगे। यह पुल चार-ए-शरीफ को दक्षिण कश्मीर से जोड़ता है। शायद इसकी किस्मत में था कि इसका उद्घाटन हम ही करें।

# बढ़ती महंगाई पर मोदी सरकार मौन : कांग्रेस

- भाजपा सरकार पर लगाया महंगाई से मुंह मोड़ने का आरोप
- महंगाई के कारण आम लोगों का जीवन हुआ कठिन



**संसद का विशेष सत्र बुलाकर महंगाई पर श्वेतपत्र जारी करे केंद सरकार : अलका लाम्बा**

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम आम लोगों की पहुंच से बहुत दूर हो गए हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार इस बारे में आंख मूंदे है और जनता को महंगाई से राहत देने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई चरम पर पहुंच गई है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है।

उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है इसलिए सरकार को इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करानी चाहिए और इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। लाम्बा ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई से मुंह मोड़ लिया है। इनका एकमात्र लक्ष्य है कि कैसे सरकारी और निजी कंपनियों की जेब भरी जाए। लाम्बा ने कहा कि हम महंगाई के खिलाफ देश भर में आंदोलन कर रहे हैं। आज देश की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और वे हमारे साथ आंदोलन में जुड़ रही हैं। दिल्ली, केरल, राजस्थान, यूपी, पंजाब, अंडमान-निकोबार, गोवा, पुडुचेरी, हरियाणा समेत कई राज्यों में हमने सड़क पर उतरकर महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की है। मैं खुद, आने वाली 17, 18, 19 अप्रैल को बिहार में महंगाई के खिलाफ जारी इस आंदोलन का हिस्सा बनूंगी। यह मामला जनता से लूट-खसोट और कंपनियों को मुनाफा पहुंचाने का है जिसका एकमात्र लक्ष्य मुनाफा कमाने वाली कंपनियों से भाजपा के खजाने में चंदा लेना है। हमारी मांग है कि इस मामले में कैग ऑडिट किया जाए। अगर ये नहीं होगा तो साफ हो जाएगा कि इस पूरे मामले में भाजपा की मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि घरेलू सिलिंडर की कीमतों को देखेंगे तो 2014 में यह 414 रुपए थी, इसमें सब्सिडी भी दी जाती थी लेकिन आज सब्सिडी खत्म करके सिलिंडर की कीमत 1,103 रुपए कर दी गई है। आज हम पूछना चाहते हैं कि भाजपा ने राजस्थान में 450 रुपए का गैस सिलिंडर देने की बात कही थी, आखिर वो सिलिंडर कहां है।

चुनावी जुमले देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह इस पर जवाब दें और तत्काल कदम उठाते हुए एलपीजी, पेट्रोल और डीजल के दाम को तुरंत कम करें।

## कम नहीं हो रहीं पेट्रोल-डीजल की कीमत

देश का आम आदमी इस महंगाई का खामियाजा भुगत रहा है। आज अगर हम देश भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों की तुलना करें तो-2014 में पेट्रोल की कीमत 72 रुपए प्रति लीटर थी, लेकिन आज यही आंकड़ा 98 से 100 रुपए प्रति लीटर तक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में डीजल 55 प्रति लीटर था जबकि भाजपा सरकार में 88 रुपए प्रति लीटर हो गया है। कांग्रेस की सरकार में पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 9.20 रुपए थी, आज वही बढ़कर 19.90 रुपए हो गई है। डीजल पर 2014 में एक्साइज ड्यूटी 3.46 रुपए थी, आज वही बढ़कर 15.80 रुपए हो गई है। कांग्रेस सरकार में कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन आज 65.31 डॉलर प्रति बैरल है। कच्चे तेल की कीमतों में 40 प्रतिशत गिरावट आई है, लेकिन न पेट्रोल-डीजल की कीमत कम हो रही है, न एक्साइज ड्यूटी कम हो रही है। उल्टे तेल कंपनियां तगड़ा मुनाफा कमा रही हैं।

## प्राकृतिक कृषि को योग्य तालिम आवश्यक : देवव्रत

**गांधीनगर।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मंगलवार को यहां कहा कि प्राकृतिक कृषि योग्य पद्धति और पूरी प्रमाणिकता से हो, तो बहुत अच्छा परिणाम मिलेगा, इसके लिए योग्य तालिम अत्यंत आवश्यक है।

# लिंगायत महासभा ने कर्नाटक जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट को किया खारिज



- महासभा ने की तत्काल नए सर्वेक्षण की मांग

**बेंगलुरु,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। अखिल भारतीय वीरशैव लिंगायत महासभा ने लीक हुई कर्नाटक जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है और दावा किया है कि लिंगायत राज्य की आबादी का लगभग 35 प्रतिशत हैं, जो रिपोर्ट किए गए 11 प्रतिशत से तीन गुना अधिक है। लिंगायत महासभा ने तत्काल नए सर्वेक्षण की मांग की है, जिससे सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर तनाव बढ़ गया है और इस सप्ताह के अंत में इस पर चर्चा हो सकती है। लीक हुई रिपोर्ट ने राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। इसमें लिंगायत की आबादी 66.3 लाख (11 प्रतिशत) बताई गई है, जिसमें आठ प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव है, जबकि वोक्कालिगा की आबादी 61.6 लाख (10.3प्रतिशत) बताई गई है, जिसमें सात प्रतिशत आरक्षण है। मुस्लिम आबादी, जो कथित तौर पर सबसे बड़ा समूह है, अनुमानित 75.2 लाख (12.6 प्रतिशत) है, जिसमें उनके आरक्षण को चार प्रतिशत से दोगुना करके आठ प्रतिशत करने का विवादास्पद प्रस्ताव है। बढ़ते विरोध के बीच उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को वोक्कालिगा समुदाय के कांग्रेस विधायकों की एक विशेष बैठक बुलाई है, ताकि उनकी शिकायतों का समाधान किया जा सके। शिवकुमार ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हर समुदाय को सम्मान महसूस हो।

मैंने अभी तक पूरी रिपोर्ट नहीं पढ़ी है, लेकिन हम मिलकर विचार-विमर्श करेंगे।

## आंकड़े को बताया मनगढ़ंत

पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक शंकर बिदारी ने मंगलवार को कहा कि यह आंकड़े मनगढ़ंत हैं। 15 से अधिक जिलों में, लिंगायतों की संख्या 10 लाख से अधिक है। यह आंकड़े जमीनी हकीकत को नहीं दर्शाते हैं। उन्होंने मौजूदा रिपोर्ट को कर्नाटक के सामाजिक ढांचे का 'घोर गलत चित्रण' बताया।

# महाराष्ट्र के बीड जिले में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र घोटाला



- किरीट सोमैया ने की जांच की मांग

**बीड,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बीड जिले के परली शहर में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने का मामला सामने आया। बड़ी संख्या में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। इस पूरे मामले पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बीड जैसे संवेदनशील जिले में इतने बड़े पैमाने पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों का जारी होना बेहद गंभीर मामला है। यह कानून व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों पर सवाल उठाता है।

किरीट सोमैया ने कहा कि परली शहर में बांग्लादेशी और रोहिंग्या जैसे अपात्र लोगों ने 1200 से अधिक जन्म प्रमाण पत्र हासिल किए, यह साबित हो चुका है। हमारी शिकायत के बाद इन 1244 लोगों को दिए गए जन्म प्रमाण पत्रों को रद्द करने का आदेश जारी हुआ है। लेकिन इसके पीछे का षड्यंत्र क्या है? इसमें शामिल वकील, सरकारी अधिकारी और उनका राजनीतिक संरक्षक कौन है। इसकी गहन जांच होनी चाहिए। बीड जिले में चार स्थानों पर इस तरह की धांधली हुई है। बीड शहर में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और यहां भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस ने मुझे आश्वासन दिया है। उन्होंने आगे कहा कि अगले 15 दिनों में मैं इसकी प्रगति का अनुसरण करूंगा।

बीड जिले में 10 हजार से अधिक बांग्लादेशी या अपात्र लोगों को जन्म प्रमाण पत्र दिए गए हैं और अब इस घोटाले का खुलासा हो चुका है। पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा और हिंदुओं की स्थिति को लेकर सवाल किए जाने पर किरीट सोमैया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल हो रहा है।

## ओडिशा में स्वयं सहायता समूहों को ब्याज मुक्त ऋण मिलते रहेंगे

**भुवनेश्वर,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजना जारी रखने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को यहां इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि मांझी ने इससे पहले इस योजना को इस वर्ष 31 मार्च तक जारी रखने का फैसला किया था। उन्होंने हालांकि आज यह योजना वित्त वर्ष 2025-26 और उसके आगे भी जारी रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

माझी ने कहा कि योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूह बिना किसी ब्याज के 10 लाख रुपसे तक का ऋण ले सकेंगे। सरकार के इस कदम से महिला उद्यमियों की नई खेप तैयार हो सकेंगी और राज्य में करोड़पतियों की संख्या भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिसके कारण ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्थाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।


**CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED**

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय पता – 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान सीजीएचएफएल को, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य दस्तावेजो/प्रलेखों, यदिकोई, जो उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित किया गया है, के तहत देय आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की प्रतिभूति के लिए निम्नलिखित आस्तियां सीजीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या LNHLRAP000096223 (पुरानी) 51200000808199 (नई) (रायपुर शाखा) श्री सैय्यद मोहम्मद नईम (कर्जदार) श्रीमती फिरदोश (सह-कर्जदार) | 09-04-2025 रु. 16,14,106/- (04-04-2025 तक) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि और भवन के रूप में आवासीय सम्पत्ति, मौजा देवरी खसरा नंबर 356/1 का हिस्सा, क्षेत्रफल परिमाप 5000 वर्ग फीट, जो ग्राम देवरी, पी.एच. नंबर 04, आरआईसी धारसीवा, तहसील और जिला – रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001 में स्थित है, चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार) पूरब : सड़क, पश्चिम : सड़क, उत्तर : प्लॉट नंबर 40 और 45, दक्षिण : प्लॉट नंबर 42 और 43 |

यदि उक्त कर्जदार सीजीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, सीजीएचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उक्त कर्जदार उक्त अधिनियम के तहत, सीजीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त आस्तियां बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरित नहीं कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के प्रावधानों अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उल्लंघन हेतु अभिप्रेरित करता है, उक्त अधिनियम के तहत दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

स्थान : रायपुर
तिथि : 16-04-2025

हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल)



**OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.**

**ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय : कोहिनूर स्क्वायर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (वेस्ट), मुंबई-400028, फोन : 022-6923 1111/8879093790

**[परिशिष्ट – 4-क,खनियम 8(6) का परंतुक देखें, अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**ई-नीलामी की तिथि : 17 मई, 2025**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी (कर्जदार/बंधकदाता) सुरेन्द्र कुमार जैन एवं गोविंद चन्द्र राठ (व्यक्तिगत गारंटर), मैसर्स पंचम सेल्स प्रा. लि. एवं मैसर्स सिल्वा गुड्स प्रा. लि. (कार्पोरेट गारंटर) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्तियां, जिनका सांकेतिक कब्जा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अब ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि. को समनुदेशित) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है। तदुपरांत, ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) (ओंकारा पीएस 02/2024-25 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 05-02-2025 के माध्यम से उक्त कर्जदार/गारंटरों के संबंध में सम्पूर्ण बकाया ऋण उसके तहत प्रतिभूति हित सहित अधिग्रहीत कर लिए हैं। उक्त समनुदेशन अनुबंध के अनुसरण में ओएआरपीएल ने समनुदेशक का स्थान ले लिया है और सम्पूर्ण बकाया की वसूली करने तथा प्रतिभूति प्रवर्तित करने की हकदार हो गई है। तदनुसार, उपरिवर्णित कर्जदार/गारंटरों से ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को 13-06-2017 तक देय बकाया राशि रू. 163,38,86,678/- (रूपये एक सौ तिरेसठ करोड़ अड़तीस लाख छियासी हजार छह सौ अठहत्तर मात्र) + 14-06-2017 की प्रभावी तिथि से ब्याज और खर्चों की वसूली के लिए, सांकेतिक कब्जा के आधार पर रायपुर में "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" और "कोई उपाय नहीं" आधार पर बेची जाएगी। सम्पत्ति की बिक्री सरफासी ऐक्ट के प्रावधानों के तहत अधिकारी और शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेची जाएंगी।
सम्पत्ति का सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि संबंधित कालम में वर्णित की गई है।

| क्र. सं. | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 864, 865, 866/1, 866/2, 866/3, 867, 868, 869, 870, 871, 872, 874, 876, 877/1, 877/2, 878, 879, कुल परिमाप 6.07 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 17,90,00,000/- | Rs. 17,90,000/- |
| 2. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 800 कुल परिमाप 0.63 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 1,75,00,000/- | Rs. 17,50,000/- |
| 3. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 752 (पार्ट), नया खसरा नंबर 752/2, कुल परिमाप 1.62 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 2,05,00,000/- | Rs. 20,50,000/- |
| 4. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 882, 883, 884, 885/1, 885/2, 886, 887, 888, कुल परिमाप 1.26 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 1,68,00,000/- | Rs. 16,80,000/- |
| 5. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 836, 837 एवं 840, कुल परिमाप 0.52 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 53,00,000/- | Rs. 5,30,000/- |
| 6. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 833, 835, 834 एवं 839, कुल परिमाप 0.59 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 79,00,000/- | Rs. 7,90,000/- |
| 7. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम चटौद, पीएच नंबर 81/2, खसरा नंबर 826, 828 एवं 823, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन कुल परिमाप 0.67 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 60,00,000/- | Rs. 6,00,000/- |
| 8. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम चांदखुरी, पीएच नंबर 77/3, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में खसरा नंबर 101, 107, 111, 99, 104, 100, 106, 103, 105, 108, 109, 110 स्थित भूमि एवं भवन कुल परिमाप 3.42 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 3,04,00,000/- | Rs. 30,40,000/- |
| 9. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 894, 896 एवं 895, कुल परिमाप 1.46 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 1,95,00,000/- | Rs. 19,50,000/- |
| 10. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम पचेडा, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि एवं भवन खसरा नंबर 889, परिमाप 0.45 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 60,00,000/- | Rs. 6,00,000/- |
| 11. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स दिशा एजूकेशन सोसायटी के नाम ग्राम चांदखुरी, पीएच नंबर 77/3, आरएनएम मंदिर हसौद, तहसील अरांग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में खसरा नंबर 150 एवं 151 स्थित भूमि एवं भवन कुल परिमाप 0.30 हेक्टेयर, इक्विपमेंट्स एवं फिक्स्ड असेट्स सहित। | Rs. 40,00,000/- | Rs. 4,00,000/- |
| 12. | म्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री सुरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री एस एन जैन के नाम ग्राम शंकरनगर, पीएच नंबर 110, आरएनएम रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर में खसरा नंबर 637/1, 640217 एवं 642/16 स्थित बिल्डिंग "अशोक क्राउन" में फ्लैट नंबर "ए", भू तल, क्षेत्रफल परिमाप 1645 वर्ग फीट स | Rs. 52,00,000/- | Rs. 5,20,000/- |
| 13. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री सुरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री एस एन जैन के नाम ग्राम शंकरनगर, पीएच नंबर 110, आरएनएम रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर में खसरा नंबर 637/1, 640/17 एवं 642/16 स्थित बिल्डिंग "अशोक क्राउन" में फ्लैट नंबर "बी", भू तल, क्षेत्रफल परिमाप 1645 वर्ग फीट | Rs. 52,00,000/- | Rs. 5,20,000/- |
| 14. | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मैसर्स पंचम सेल्स प्रा. लि. के नाम महर्षि वाल्मीकि वार्ड नंबर 28 शंकरनगर कच्चा रोड रायपुर, पीएच नंबर 110, आरएनएम रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर में खसरा नंबर 637/1, 640/17 एवं 642/16 स्थित बिल्डिंग "अशोक क्राउन" में फ्लैट नंबर "डी", भू तल, क्षेत्रफल परिमाप 1820 वर्ग फीट | Rs. 57,00,000/- | Rs. 5,70,000/- |

| | |
|---|---|
| निरीक्षण की तिथि एवं समय | तिथि : 12-05-2025, समय : पूर्वा. 11.00 बजे |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रूपये 5,00,000/- |
| प्रतिभागिता हेतु बोली पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ ईएमडी का प्रमाण जमा करने हेतु अंतिम तिथि और समय | 16-05-2025 |
| ई-नीलामी की तिथि | 17-05-2025 पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 12.00 बजे तक |

ओएआरपीएल द्वारा नीलामी ऑनलाइन संचालित की जाएगी। ईएमडी (डीडी/पे ऑर्डर मूल प्रति अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा प्रेषण) के सहित बोली (ऑनलाइन तथा हार्ड कॉपी) जमा करने की अंतिम तिथि 16-05-2025 अप. 06.00 बजे तक है। बोली जमा करने के समय पर बोलीदाता को दिवाला ऋणशोध अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29(क) के तहत शपथपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर बोली अस्वीकृत होगी।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://omkaraarc.com/auction.php** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें। इच्छुक बोलीदाता जो ईएमडी जमा कर चुके हैं और लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बिड जमा करने में सहायता, ई-बिडिंग प्रोसेस में प्रशिक्षण के इच्छुक हैं, ई-नीलामी सेवा प्रदाता "मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि.", टेली. हेल्पलाइन : +91-7291981124/25/26, हेल्पलाइन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** पर सम्पर्क करें। किसी सम्पत्ति संबंधी पूछताछ के लिए, प्राधिकृत अधिकारी – श्री पीयूष जैन, मोबाइल : +91 8879093790 ई-मेल : **piyush.jain@omkaraarc.com** से कार्यदिवस को कार्य समय के दौरान सम्पर्क करें। ऐसा नहीं करने पर बोली अस्वीकृत होगी।

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत बिक्री हेतु कानूनी नोटिस**

यह सूचना उपरोक्त ऋण खाते के कर्जदार/गारंटरों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) और वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत न्यूनतम 30 (तीस) दिन की अनिवार्य सूचना भी है कि सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री उपरिसंदर्भित तिथि एवं समय पर की जाएगी, इसके साथ ही उनको, यदि वे चाहें, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(8) के तहत अनुबद्ध समय के भीतर, उपरिवर्णित बकाया राशि आगे ब्याज तथा सभी लागतों और खर्चों के साथ चुका करा आस्तियां छुड़ाने की सलाह भी दी जाती है। भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार के विवेकानुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(5) के तहत निर्धारित किसी विधि से की जाएगी।

स्थान : मुंबई
तिथि : 16-04-2025

हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी,
ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(ओंकारा पीएस 02/2024-25 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत)

### अनुपम खेर ने दिखाई 'तन्वी द ग्रेट' मेकिंग की झलक

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म मेकिंग की झलक दिखाते हुए बताया कि बेहतरीन कहानी के पीछे एक बेहतरीन कहानीकार होता है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें वह स्क्रीन के पीछे बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। अन्य दो तस्वीरों में खेर कलाकारों को शॉट्स के बारे में कलाकारों को समझाते, एक अन्य में वह अपनी टीम के साथ सीन पर चर्चा करते दिखे। पोस्ट के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा कि हर ग्रेट कहानी के पीछे उससे भी ग्रेट कहानीकार होते हैं। तन्वी द ग्रेट के निर्माण की पहली झलक यहां देखिए।

# सुबह खाएं मुट्ठी भर चना व गुड़, बनाएगा तंदुरुस्त

■ पाचन संबंधित समस्याएं जैसे वात, कब्ज, अपच से राहत ■ एंटीऑक्सीडेंट बीमारियों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है चना और गुड़

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां। मन और शरीर को सेहतमंद रखने के लिए हेल्दी नाश्ता और भोजन बेहद आवश्यक होता है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि सुबह खाली पेट भीगे या भुने हुए चने के साथ गुड़ खाना फायदेमंद होता है और यह परफेक्ट नाश्ता भी है। इससे न केवल पाचन तंत्र मजबूत होता है बल्कि कई समस्याएं कोसो दूर चली जाती हैं। आयुर्वेदाचार्य ने गुड़-चने की खूबियों को गिनाया।



पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी ने भीगे या भुने चने और गुड़ को सेहत के लिए कई तरीकों से फायदेमंद बताया। इसमें ऐसे कई पोषक तत्व होते हैं, जिन्हें खाने से शरीर के साथ मन भी फिट रहता है।

डॉ. तिवारी ने बताया कि चना और गुड़ पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, ऐसे में नियमित सुबह के समय एक मुट्ठी चना के साथ गुड़ खाने से शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। इससे शरीर को एनर्जी मिलती है। आप चाहें तो अंकुरित या भुने हुए चने के साथ गुड़ खा सकते हैं, दोनों ही फायदेमंद और पोषक तत्वों से भरे होते हैं।

डॉ. तिवारी ने यह भी बताया कि सुबह खाली पेट चने और गुड़ खाने से क्या-क्या फायदे मिलते हैं। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अंकुरित चने में फाइबर होते हैं, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है, जिससे पाचन संबंधित समस्याएं जैसे वात, कब्ज, अपच के साथ पेट में जलन जैसी समस्याएं खत्म हो सकती हैं। गुड़ भी पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है। एक मुट्ठी गुड़ और चने के साथ यदि आप दिन की शुरुआत करते हैं तो फिर पूरे दिन एनर्जी से भरा महसूस कर सकते हैं। चना और गुड़ दोनों ही शरीर की कमजोरी को खत्म करते हैं, जिससे एनर्जी मिलती है और आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करते हैं।


डॉ. तिवारी ने बताया कि यदि आपकी इम्यूनिटी कमजोर है तो गुड़-चने का सेवन आपके लिए और भी फायदेमंद है। चने और गुड़ में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बीमारियों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे संक्रमण होने का खतरा नहीं होता। गुड़ में मिनरल्स पाए जाते हैं, जो चने के साथ मिलकर खून को शुद्ध करने का भी काम करते हैं। यह एनीमिया के मरीजों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि गुड़ में कैल्शियम और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों को भी मजबूत बनाते हैं।

हालांकि, डॉ. तिवारी ने गुड़-चने के सेवन में कुछ एहतियात बरतने को भी कहा। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को मधुमेह है, उन्हें गुड़ का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। सीमित मात्रा में वे खा सकते हैं। जिन लोगों को एलर्जी की समस्या रहती है, उन्हें भी अंकुरित चने खाने से पहले एहतियात बरतनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह लिए बिना नहीं खाना चाहिए।

# युवाओं के दिल पर बढ़ता खतरा, हृदय रोग अब उम्र नहीं देखता

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। पहले हृदय रोग को बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था। लेकिन, अब यह युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है। खासकर 20 और 30 की उम्र के लोग तेजी से हृदय संबंधी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। हाल के अध्ययनों से पता चला है कि खराब खान-पान, तनाव, आधुनिक जीवनशैली, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याएं इसके लिए जिम्मेदार हैं। इसके अलावा, बैठे रहने की आदत, धूम्रपान, शराब का सेवन और मोटापा भी इस खतरे को बढ़ा रहे हैं। युवाओं में हृदय रोग के मामले बढ़ने से स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंतित हैं।



एक प्रमुख दवा कंपनी यूएसवी के अध्ययन में सामने आया कि युवा भारतीयों में असामान्य कोलेस्ट्रॉल स्तर आम है। इस अध्ययन में जीवनशैली और मधुमेह से जुड़े ग्लाइकेटेड हीमोग्लोबिन के उच्च स्तर को प्रमुख जोखिम बताया गया।

एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि 35 से 45 साल की उम्र के लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या तेजी से बढ़ रही है। धूम्रपान, मोटापा, पारिवारिक इतिहास और शराब का सेवन इसके मुख्य कारण हैं। ये नतीजे बताते हैं कि अनियंत्रित मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याएं युवाओं में हृदय रोग को बढ़ावा दे रही हैं।

पटना मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. उपेंद्र नारायण सिंह के मुताबिक, हाल के शोधों में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हृदय रोग के मामले बढ़े हैं। भारत में यह समस्या विकसित देशों की तुलना में कम उम्र में और ज्यादा बार देखी जा रही है। इसका कारण आधुनिक जीवनशैली और तनाव के साथ-साथ खराब आदतें हैं।

हालांकि, अच्छी खबर यह है कि हृदय रोग को रोका जा सकता है। अगर युवा समय रहते सही कदम उठाएं, तो वे अपने दिल को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच से कोलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और शुगर के स्तर पर नजर रखी जा सकती है, जिससे समस्याओं का जल्द पता चल सकता है। खान-पान में सुधार भी जरूरी है। फल, सब्जियां, साबुत अनाज और जैतून जैसे तेलों का सेवन बढ़ाने से हृदय को फायदा होता है। साथ ही, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और चीनी को कम करना चाहिए।

शारीरिक गतिविधि भी बेहद जरूरी है। हफ्ते में पांच दिन सिर्फ 30 मिनट की हल्की-फुल्की कसरत हृदय रोग के खतरे को काफी कम कर सकती है। तनाव को कम करने के लिए योग और ध्यान जैसे तरीके अपनाए जा सकते हैं। पर्याप्त नींद भी तनाव को नियंत्रित करती है। धूम्रपान और शराब से दूरी बनाना भी जरूरी है, क्योंकि ये दोनों हृदय के लिए नुकसानदायक हैं।

आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में प्रदूषण का बढ़ता स्तर भी हृदय स्वास्थ्य के लिए खतरा है। इसे रोकने के लिए जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना जरूरी है। 20 और 30 की उम्र में किए गए छोटे-छोटे बदलाव लंबे समय तक हृदय को स्वस्थ रख सकते हैं। अपने दिल की सेहत के लिए आज से ही शुरुआत करें।

## मुझे गर्व है कि मैं वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं : ईशा मालवीय

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। फिल्म के साथ टेलीविजन और म्यूजिक वीडियो के लिए काम करने वाली अभिनेत्री ईशा मालवीय हर भूमिका को जुनून के साथ निभाती हैं। अभिनेत्री ने बताया कि स्क्रीन पर कोई भी किरदार निभाने में उन्हें खुशी मिलती है। ईशा ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह वर्सेटाइल अभिनेत्री हैं।

इस बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें काम के दौरान क्या मुश्किल लगता है, खुद से बिल्कुल अलग किरदार निभाना या अभिनेत्री से मिलता-जुलता किरदार निभाना, ईशा ने बताया कि मुझे काम से एक अलग तरह की खुशी मिलती है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं, जो कोई भी भूमिका निभा सकती है। मालवीय ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, किसी भी किरदार को निभाते समय मेरे मन में कभी दूसरे विचार नहीं आए। मैं बस काम पर फोकस करती हूं।




21 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि इंडस्ट्री में उनसे बेहतर काम की अपेक्षाएं की जाती हैं। हालांकि, यह उनके लिए अच्छा है और वह इससे दबाव महसूस नहीं करती हैं। उन्होंने कहा कि मैं काम को लेकर खुद पर प्रेशर नहीं लेती क्योंकि मेरा मानना है कि हम सभी को खुश नहीं कर सकते। इसलिए दूसरों के सामने कुछ साबित करने के लिए काम करना मेरा तरीका नहीं है। मैं अपने लिए काम करती हूं। मेरे लिए, एक स्पष्ट लक्ष्य होना बहुत जरूरी है।

इसके बिना, कोई दिशा नहीं है। मैं हमेशा ध्यान में रखती हूं कि मैं क्या हासिल करना चाहती हूं, चाहे वह अगले 30 दिनों में हो, 30 महीनों में या फिर 30 सालों में। यही स्पष्टता मुझे आगे बढ़ने में मदद करती है। ईशा ने साल 2021 में टेलीविजन शो 'उड़ारियां' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उनके किरदार का नाम जैस्मीन रहता है। शो में उनके साथ अभिनेता अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। इसके बाद ईशा को साल 2023 में सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 17वें सीजन में देखा गया।

## विवेक रंजन ने बंगाल में शांति और सद्भाव के लिए की मां काली से प्रार्थना

**मुंबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बंगाली नववर्ष पोइला बैसाख की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां काली से प्रार्थना की कि बंगाल दूसरा कश्मीर न बने और वहां शांति और सद्भाव आए। बंगाली नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए विवेक रंजन ने कैप्शन में लिखा कि इस पोइला बैसाख पर मैं मां काली को नमन करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि बंगाल में शांति और सद्भाव बहाल हो।

अग्निहोत्री ने कैप्शन में देश के युवाओं को भी संदेश दिया। उन्होंने लिखा कि मैं युवाओं से साहस और बुद्धि के साथ आगे बढ़ने और भारतीय पुनर्जागरण का नेतृत्व करने का आग्रह करता हूं, ताकि बंगाल कभी भी दूसरा कश्मीर न बन सके।



शुभो नोबो बोरशो। शेयर पोस्ट में विवेक देवी काली की तस्वीर वाली एक आकर्षक पृष्ठभूमि के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। पोइला बैसाख या बंगाली नववर्ष के पहले दिन को बंगाली समुदाय खुशी, सांस्कृतिक गौरव और उत्साह के साथ मनाते हैं। इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर अग्निहोत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की थी और कहा था, बंगाल मिनी कश्मीर बनने की कगार पर खड़ा है।

विवेक ने लिखा कि सावधान, ममता बनर्जी सरकार के नेतृत्व वाले पश्चिम बंगाल के बारे में चिंतित होने के कारण सामने आ चुके हैं। पहला, बंगाल में सरकार द्वारा प्रायोजित डेमोग्राफिक परिवर्तन वास्तविक है। दूसरा, डेमोग्राफिक परिवर्तन के कारण बंगाल का विभाजन 1905 में सांप्रदायिक आधार पर हुआ था। तीसरा, 'डायरेक्ट एक्शन डे' पर 40 हजार हिंदुओं की हत्या की गई और इसकी वजह थी डेमोग्राफी। नोआखली में हजारों हिंदुओं की हत्या की गई और महिलाओं का बलात्कार किया गया और जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया और ये भी डेमोग्राफी की वजह से हुआ।

## शेखर कपूर ने सुनाया बचपन का किस्सा

**मुंबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता-निर्देशक शेखर कपूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने बचपन की यादों को ताजा किया। उन्होंने उन दिनों को याद किया, जब दिल्ली प्रदूषण से मुक्त थी और रात के समय आसमान में तारे चमकते थे और ताजी हवाएं चलती थीं। खुली आसमान की एक तस्वीर के साथ शेखर कपूर ने अपने बचपन को याद करते हुए लिखा कि एक समय था जब दिल्ली प्रदूषित शहर में नहीं आती थी। गर्मियों में हम अपने एक मंजिला घर की छत पर खुले आसमान के नीचे सोते थे। तारे इतने चमकीले थे कि खूब रोशनी लगती थी। मैं लगभग नौ साल का था और तारों को उत्सुकता के साथ देखता रहता था। तारों और आकाशगंगा को लेकर मैं अपनी मां से पूछता




था- अंतरिक्ष कितनी दूर है? वह कहतीं - बहुत दूर।

शेखर कपूर ने कहा कि मैं उस उम्र में था जब शिक्षा का असर मेरे दिमाग पर होना शुरू हो चुका था। मुझे सिखाया गया था कि कुछ भी होने के लिए उसे मापने योग्य होना चाहिए। उसे परिभाषित किया जाना चाहिए। दूरी, लंबाई, चौड़ाई, वजन, और समय से परिभाषित किया जाना चाहिए। नौ साल की उम्र में मैं रात में जागता रहता था और कल्पनाओं में खो जाता था। मैं हमेशा उस आकाशगंगा के बारे में सोचता रहता और छूने की कोशिश करता। उन्होंने कहा कि बेशक यह भावनात्मक उथल-पुथल थी। मैं वहीं लेटा रहता। सो नहीं पाता। निराशा और पीड़ा के आंसू बहते रहते थे और तभी मुझे जादुई औषधि का पता चला।

## 89 की उम्र में जिम में वर्कआउट करते नजर आए धर्मेंद्र

**मुंबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता धर्मेंद्र उम्र के इस पड़ाव में भी दमदार हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह जिम में वर्कआउट करते नजर आए। धर्मेंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि दोस्तों, मैं आपका मनोरंजन करने और आपको प्रेरित करने के लिए हूं... आप सभी को ढेरों प्यार, खुश रहो, स्वस्थ रहो और मजबूत रहो। वहीं, वीडियो में अभिनेता कहते नजर आए, दोस्तों, मैंने



एक्सरसाइज, फिजियोथेरेपी फिर से शुरू कर दी है। मुझे पता है, आप सभी मुझे यहां देखकर बहुत खुश होंगे। सामने आए वीडियो में धर्मेंद्र एक्सरसाइज करते दिखे। यह कोई पहली बार नहीं है, जब अभिनेता अपने प्रशंसकों को प्रेरित करते नजर आए। इससे पहले एक वीडियो में वह अपने फार्म हाउस के छोटे-से स्विमिंग पूल के अंदर वाटर एरोबिक्स करते दिखे थे। अभिनेता का मानना है कि सेहत ऊपर वाले की दी हुई कृपा है। इसका हम सभी को ध्यान रखना चाहिए। हाल ही में शेयर की गई एक तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, क्या हुआ, क्या सोच रहे हो? हर लम्हा एक चैलेंज है।

## इतिहास की किताबों ने जो सिखाया, वही जानता हूं : अक्षय कुमार

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। 13 अप्रैल 1919 में हुए जालियांवाला बाग हत्याकांड पर बनी अभिनेता अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म सिनेमाघरों से ज्यादा दूर नहीं है। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित फिल्म के प्रीमियर में राजनीतिक हस्तियों के साथ अभिनेता अक्षय कुमार और आर माधवन भी शामिल हुए। इस मौके पर कुमार ने कहा कि 'इतिहास की किताबों ने जो सिखाया, वही जानता हूं। अभिनेता ने कहा कि जब जलियांवाला बाग की बात आई, तो उन्हें केवल वही पता था, जो इतिहास की किताबों ने उन्हें सिखाया था।




'केसरी चैप्टर 2' के प्रीमियर में कई प्रमुख राजनीतिक नेता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में अक्षय कुमार, आर. माधवन, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और मंत्री अनुराग ठाकुर शामिल हुए।

प्रीमियर के बारे में अक्षय ने कहा कि हम बहुत आभारी हैं कि हरदीप सर ने इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन और मेजबानी की। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि लोगों को यह फिल्म पसंद आएगी।

अक्षय ने कहा कि वह बहुत आभारी और खुश हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वकील सी. शंकरन नायर की बात की। अक्षय ने कहा, मैं आभारी और खुश हूं कि उन्होंने इसे देखा और इसे स्वीकार किया।

अक्षय ने माना कि उन्हें जालियांवाला बाग हत्याकांड के बारे में थोड़ा बहुत पता है, जो उन्होंने इतिहास की किताबों में पढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में ज्यादा नहीं पता था, मुझे इसके बारे में बस इतना पता था कि जलियांवाला बाग में क्या हुआ था? मुझे सिर्फ वही पता था जो इतिहास की किताबों ने मुझे पढ़ाया, लेकिन इतिहास की किताबों ने हमें कभी नहीं बताया कि उसके बाद क्या हुआ।

अक्षय को यह भी उम्मीद है कि ब्रिटिश सरकार 'केसरी चैप्टर 2' देखेगी। अभिनेता ने कहा कि मैं बस उम्मीद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि ब्रिटिश सरकार फिल्म देखें और उन्हें एहसास हो कि क्या गलत हुआ है और वे इसे स्वीकार करें।

'केसरी' का सीक्वल 'केसरी चैप्टर 2' शंकरन नायर के बेटे रघु पलात और बहू पुष्पा पलात की पुस्तक 'द केस दैट शुक द एम्पायर' पर आधारित है, जो सी. शंकरन नायर और 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। 'केसरी चैप्टर 2' 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# फेक पेमेंट ऐप्स : पहचान व बचाव के उपाय

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। फेक पेमेंट ऐप वैध पेमेंट एप्लिकेशंस की नकल होते हैं। यूजर इंटरफेस (यूआई), कलर स्कीम और ओवरऑल रंगरूप में वे लोकप्रिय पेमेंट ऐप्स से काफी ज्यादा मिलते-जुलते हैं। आम तौर पर इनकी भुगतान प्रक्रिया भी असली ऐप जैसी ही होती है, जिससे पहली नजर में अंतर करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इनमें से कुछ फेक ऐप पेमेंट नोटिफिकेशन की आवाज, जैसे एक बीप या चाइम, की नकल करके धोखे को और पुख्ता कर देते हैं। साथ ही, वे काफी विश्वसनीय पेमेंट इनफॉर्मेशन प्रदान करते हैं जिससे यूजर को लगता है कि ट्रांजेक्शन सफल रहा है। इन्हें सरसरी निगाह से देखने पर अंतर करना चुनौतीपूर्ण है।

### फेक पेमेंट ऐप्स से कैसे बचें

ठग फेक पेमेंट ऐप्स का इस्तेमाल कर भोले-भाले शिकार को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करते हैं कि ट्रांजेक्शन पूरा हो गया है। वास्तव में, वे एक फेक ऐप का इस्तेमाल करते हैं जो सिर्फ पेमेंट ट्रांजेक्शन फ्लो की नकल करता है, और पीड़ित को बाद में पता चलता है कि ट्रांजेक्शन असल में नहीं हुआ है।

### व्यापारियों को क्या अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए

व्यापारी तेजी से नकली भुगतान ऐप के निशाने पर आ रहे हैं। धोखेबाज किसी व्यस्त दुकान में अव्यवस्था या व्यापारी के ध्यान बंटे होने का फायदा



उठाकर इन नकली भुगतान ऐप्स से उन्हें धोखा देते हैं। धोखे के कारण व्यापारी को नुकसान में सामान और सेवाएं देनी पड़ती हैं।

व्यापारियों के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं जो नकली भुगतान ऐप से धोखाधड़ी को रोकने में मदद करेंगे।

**अपने कर्मचारियों को शिक्षित करें :** सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी इस धोखाधड़ी के बारे में जानते हैं और जानते हैं कि धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन को कैसे पहचाना जाए।

**सत्यापन प्रक्रिया लागू करें :** सामान या सेवाएं प्रदान किए जाने से पहले पेमेंट्स को सत्यापित करने के लिए एक मानक प्रक्रिया विकसित करें। इसमें आपके फोनपे स्मार्ट स्पीकर से भुगतान ऑथेंटिकेशन की प्रतीक्षा करना (नकली ऐप इन अलर्ट संदेशों को ट्रिगर नहीं कर सकते हैं), ट्रांजेक्शन आईडी की जांच करना या आपके भुगतान प्रोसेसर से पुष्टि की प्रतीक्षा करना शामिल हो सकता है।

**संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें :** यदि आपको कोई संदिग्ध नकली भुगतान ऐप मिलता है, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों और अपने भुगतान प्रोसेसर को इसकी रिपोर्ट करें।

फोनपे सक्रिय रूप से अपने ब्रांड की नकल करने वाले धोखाधड़ी वाले ऐप और चैनलों का मुकाबला कर रहा है। कंपनी ने अपने ट्रेडमार्क के उल्लंघन को रोकने के लिए 'जॉन डो' निषेधाज्ञा आदेश की अपील करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर सक्रिय कार्रवाई की है।

उक्त मुकदमे के बाद, न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को फोनपे से कोई भी शिकायत मिलने पर तुरंत किसी भी फर्जी भुगतान ऐप पोस्ट पर कार्रवाई करने और हटाने का आदेश दिया है।

यदि आपको फोनपे के माध्यम से किसी धोखेबाज ने ठगा है, तो आप तुरंत फोनपे ऐप पर या कस्टमर केयर नंबर 080-68727374 / 022-68727374 पर कॉल करके या फोनपे के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर ऐसे फर्जीवाड़े की रिपोर्ट कर सकते हैं। अंततः, आप निकटतम साइबर अपराध सेल में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कर सकते हैं या https://www.cybercrime.gov.in/ पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं या साइबर अपराध सेल हेल्पलाइन नंबर '1930' पर संपर्क कर सकते हैं। सुरक्षित रहें, सतर्क रहें और अपने व्यवसाय को सुरक्षित रखें।

### सतर्क रहने और फेक पेमेंट ऐप्स से बचने के लिए कुछ सुझाव

**ट्रांजेक्शन हिस्ट्री चेक करें :** हमेशा अपने पेमेंट ऐप या बैंक अकाउंट से ट्रांजेक्शन को सत्यापित करें। सिर्फ स्क्रीनशॉट या नोटिफिकेशन पर भरोसा न करें।

**सूचनाओं में विसंगति :** ट्रांजेक्शन के विवरण में विसंगतियां खोजने का प्रयास करें। फेक ऐप्स में कुछ बारीक गलतियां या विसंगतियां होती हैं जिससे आप धोखाधड़ी को लेकर सतर्क हो सकते हैं।

**दबाव डालने की रणनीति :** उन लोगों से सावधान रहें जो ट्रांजेक्शन पूरा करने के लिए आप पर जल्दबाजी करने का दबाव डालते हैं और आपको समुचित सत्यापन के लिए समय नहीं देते हैं।

**अनजाने ऐप :** अपने क्षेत्र में आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले वैध पेमेंट ऐप्स के बारे में जानकारी रखें। यदि कोई अनजाने ऐप से भुगतान करने के लिए कहता है तो सावधानी बरतें।

रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## क्या हम बहुसंख्यक तानाशाही के दौर में प्रवेश कर चुके हैं ?

महज तीन साल पुरानी बात है जब बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय प्रमुख ने अपने अधीन समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र में छात्रों को गाय के गोबर के उपले बनाने का प्रशिक्षण देने के लिये कार्यशाला आयोजित की और खुद ही उसका वीडियो वायरल किया। इससे घटना से कुछ ही दिनों पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के सर्वाधिक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक हंसराज कॉलेज में महर्षि दयानन्द सरस्वती के नाम पर गौ संवर्धन एवं अनुसंधान केंद्र खोलने की खबर आई थी और इससे भी कुछ बरस पहले मध्यप्रदेश में एक संघनिष्ठ कुलपति ने शहर के बाहर बनने वाले विश्वविद्यालय के नये परिसर में गौशाला स्थापित करने का निर्णय कर लिया था। उन्होंने महापरिषद और प्रबंध समिति की मंजूरी के बिना गौशाला के संचालन के लिए अख़बारों में निविदा विज्ञप्ति तक जारी कर दी थी, ये बात और है कि उस फ़ैसले पर अमल नहीं किया जा सका।

ये बातें याद इसलिये आईं कि सोशल मीडिया पर फिर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक महिला किसी कक्षा की दीवार पर गोबर लीप रही है। बताया गया कि ये मोहतरमा दिल्ली के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्राचार्य प्रत्यूष वत्सला हैं। वे संस्थान परिसर में गाय पालती हैं और अभी हनुमान जयंती पर कॉलेज में सुंदरकांड का पाठ भी उन्होंने करवाया। इतना ही नहीं, नवरात्र के दौरान वे कॉलेज में दुर्गा स्थापना भी करवाती हैं। किसी उच्च शिक्षा संस्थान में धार्मिक कर्मकांड का यह अकेला मामला नहीं है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय में, नये विभागाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण करने से पहले पूजा-पाठ करवाया। दूसरी तरफ तमिलनाडु के राज्यपाल ने संविधान और अपने पद की गरिमा के खिलाफ़ जाकर मदुरै के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों से जय श्रीराम का नारा लगवा दिया।

इन घटनाओं के बरक्स मेरठ, भागलपुर और शिमला में जो हुआ, उसे देखा जाना चाहिये। मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग द्वारा पिछले दिनों ईद मिलन समारोह आयोजित किया जाना था। इसका पता चलते ही एक छात्र नेता ने धमकी दी कि शिक्षा के मंदिर में किसी तरह के भी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिये और अगर विश्वविद्यालय परिसर में ईद मिलन का कार्यक्रम आयोजित होता है तो फिर वह खुद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर हनुमान चालीसा का पाठ करेगा। इस धमकी का नतीजा यह हुआ कि ईद मिलन का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। भागलपुर के टीएनबी कॉलेज में शिक्षक संघ ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आपत्ति जताई और कहा कि नवदुर्गा के समय कॉलेज प्रशासन ने गरबा के लिये जगह नहीं दी थी, इसलिये कॉलेज में ईद मिलन भी नहीं होना चाहिये।

शिमला के एक निजी स्कूल में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के छात्रों के लिए ईद मनाने का कार्यक्रम तय किया था और इसके लिये छात्रों को कुर्ता-पायजामा, टोपी पहनकर आने और टिफिन में सेवइयां लाने को कहा गया था। स्कूल प्रशासन के इस निर्देश पर हिंदू संगठनों ने कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने इसे हिंदू संस्कृति के खिलाफ़ साजिश बताया और कहा कि यह भारत के संविधान के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के विरुद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्कूल ने अपना निर्देश वापस नहीं लिया गया तो स्कूल का घेराव किया जायेगा और कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। मजबूर स्कूल प्रबंधन ने ईद मनाने का कार्यक्रम को रद्द कर दिया। हालांकि उसने साफ़ किया कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक विविधता को समझाने और छात्रों को विभिन्न त्योहारों से परिचित कराने के उद्देश्य से किया जा रहा था।

क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि किसी शैक्षणिक परिसर में पूजा-पाठ, यज्ञ-हवन होने, धार्मिक ग्रंथों का पाठ करने, दुर्गोत्सव और गणेशोत्सव मनाने जैसे क्रियाकलाप हों तब किसी को याद नहीं आता कि कोई एक नहीं, बल्कि सारे ही शिक्षा संस्थान, शिक्षा के मंदिर हैं। संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति द्वारा छात्रों से जय श्रीराम के नारे लगवाने पर किसी को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का ख्याल नहीं आता। लेकिन अगर कोई आयोजन दूसरे धर्म से जुड़ा हो और उससे सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ता हो तो बहुसंख्यकों को तुरंत अपना धर्म खतरे में नज़र आने लगता है। क्या इसके मायने ये हैं कि बहुसंख्यक मनमानी करें तो जायज है और अल्पसंख्यक अगर अपनी खुशियां भी बांटना चाहे तो बेजा हरकत! और क्या बच्चों को सर्वधर्म समभाव की सीख देना भी गुनाह हो गया है!

इन सब बातों से सवाल उठता है कि हमारे देश में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता अभी भी ज़िंदा हैं या हम बहुसंख्यक तानाशाही के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। अभी तक हमने दुनिया के कई मुल्कों में में और थोड़ी-बहुत अपने यहां भी, सत्ता की तानाशाही देखी है लेकिन अब समाज में इस प्रवृत्ति को पनपते देखना दुखद है।

# अपनी बेअदबी आमंत्रित करने वाले मोदी पहले प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके साथ किसी भी विपक्ष शासित राज्य के मुख्यमंत्री के रिश्ते सामान्य नहीं है। प्रधानमंत्री और विपक्षी मुख्यमंत्रियों के बीच टकराव के चलते कई बार दोनों तरफ से सामान्य शिष्टाचार भी नहीं निभाया जाता है। पिछले 10 वर्षों में ऐसे कई मौके आए हैं जब प्रधानमंत्री की ओर बुलाई गई मुख्यमंत्रियों की बैठक का विपक्षी मुख्यमंत्रियों ने बहिष्कार किया है। ऐसा भी कई बार हुआ है कि जब प्रधानमंत्री किसी विपक्ष शासित राज्य के दौरे पर गए तो वहां के मुख्यमंत्री ने उनकी अगवानी नहीं की और प्रधानमंत्री के साथ सरकारी कार्यक्रम से भी दूरी बना कर रखी। हाल ही में प्रधानमंत्री की तमिलनाडु यात्रा के दौरान भी ऐसा ही हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने की 6 तारीख को तमिलनाडु के रामेश्वरम पहुंचे थे, जहां राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन न तो उनकी अगवानी करने पहुंचे और न ही उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ पम्बन रेलवे ब्रिज के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत की। इसकी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाषा के सवाल पर मुख्यमंत्री स्टालिन का अशोभनीय मजाक उड़ाया, जिससे केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति, त्रिभाषा फॉर्मूला, परिसीमन जैसे मुद्दों पर जारी टकराव नए स्तर पर पहुंच गया।

मुख्यमंत्री स्टालिन के प्रधानमंत्री की अगवानी नहीं करने और उनके साथ सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं होने को निश्चित ही उचित नहीं कहा जा सकता, लेकिन प्रधानमंत्री ने जो किया उसे भी सही नहीं ठहराया जाएगा। उन्होंने राज्य के लोगों की संवेदनशीलता को नजरअंदाज करते हुए भाषा के सवाल पर स्टालिन का मजाक उड़ाया। उन्होंने मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा और कहा कि उनके पास तमिलनाडु के नेताओं के पत्र आते हैं लेकिन उन पर दस्तखत तमिल में नहीं होते हैं। मोदी ने तंज करते हुए कहा कि 'तमिल गौरव' बना रहे, इसके लिए कम से कम तमिल में दस्तखत करना तो शुरू करें।

सवाल है कि क्या देश के प्रधानमंत्री को ऐसी बातें करनी शोभा देती हैं? वे खुद भाषाई आधार पर बने एक राज्य से आते हैं लेकिन क्या गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए गुजराती भाषा का गौरव बढ़ाने के लिए उन्होंने कभी गुजराती में दस्तखत किए? प्रधानमंत्री ने स्टालिन को चिढ़ाने के लिए उन्हें मेडिकल की पढ़ाई तमिल में कराने की कटाक्ष भरी नसीहत भी दी। सवाल है कि सारे देश में हिंदी को प्रमुखता दिलाने में लगी मोदी सरकार मेडिकल और इंजीनियरिंग का एक भी बैच हिंदी में पढ़ाकर निकाल सकती है?

बहरहाल, यह पहला मौका नहीं था जब प्रधानमंत्री किसी विपक्ष शासित राज्य के दौरे पर गए और वहां के मुख्यमंत्री ने उनकी अगवानी नहीं की या उनके सरकारी कार्यक्रम से अपने को दूर रखा। हाल के वर्षों में ऐसे कई मौके आए हैं। साल 2022 में तेलंगाना में दो बार ऐसा हुआ जब प्रधानमंत्री के दौरे से तत्कालीन मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अपने को दूर रखा। उसी साल प्रधानमंत्री दो बार महाराष्ट्र के दौरे पर गए लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने उनकी अगवानी नहीं की।



अनिल जैन

> **मुख्यमंत्री स्टालिन के प्रधानमंत्री की अगवानी नहीं करने और उनके साथ सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं होने को निश्चित ही उचित नहीं कहा जा सकता, लेकिन प्रधानमंत्री ने जो किया उसे भी सही नहीं ठहराया जाएगा। उन्होंने राज्य के लोगों की संवेदनशीलता को नजरअंदाज करते हुए भाषा के सवाल पर स्टालिन का मजाक उड़ाया।**

उसी साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री पंजाब के बठिंडा पहुंचे थे तो वहां भी उनकी अगवानी के लिए सूबे के तत्कालीन मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी मौजूद नहीं थे। उससे पहले पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही हुआ था, जब प्रधानमंत्री चक्रवाती तूफान का जायजा लेने बंगाल पहुंचे थे तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके साथ समीक्षा बैठक में शामिल नहीं हुई थीं। मोदी से उनके संबंधों की यह तल्खी साल 2002 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती के मौके पर कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में भी देखी गई थी। ममता बनर्जी के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री की मौजूदगी में 'जय श्रीराम' के नारे लगे थे, जिससे नाराज होकर वे अपना भाषण पूरा किए बगैर ही कार्यक्रम छोड़ कर चली गई थीं।

इसी तरह 2021 में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान प्रधानमंत्री ने कई मुख्यमंत्रियों को फोन किया था। उसी सिलसिले में उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी टेलीफोन किया था तो उसके बाद मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा था कि प्रधानमंत्री सिर्फ अपने मन की बात करते हैं, बेहतर होता कि वे काम की बात करते और काम की बात सुनते। यही शिकायत करते हुए छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी कहा था कि प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्रियों की जो बैठकें होती हैं, उनमें सिर्फ वन-वे होता है। प्रधानमंत्री सिर्फ अपनी बात कहते हैं, मुख्यमंत्रियों की बात का कोई जवाब नहीं मिलता। इन सब वाकयों के और पीछे जाएं तो साल 2015 में दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री को 'कायर' और 'मनोरोगी' तक कह दिया था।

ये कुछ प्रतिनिधि घटनाएं हैं जिनसे प्रधानमंत्री पद की प्रतिष्ठा और सामान्य राजनीतिक शिष्टाचार को लेकर कुछ गंभीर सवाल खड़े होते हैं। सवाल है कि आखिर पिछले दस सालों में ऐसा क्या हुआ है कि पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों दिशाओं में विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्री देश के प्रधानमंत्री के प्रति ऐसी उपेक्षा या बेअदबी भरा बर्ताव करते आ रहे हैं? केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें पहले भी रही हैं, लेकिन किसी प्रधानमंत्री के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

तो सवाल यह उठता है कि अभी जो हो रहा है, क्या उसे भाजपा विरोधी पार्टियों की राजनीतिक असहिष्णुता या दुराग्रह मानकर खारिज किया जा सकता है या इसके कुछ गंभीर कारण हैं, जिनकी पड़ताल और निराकरण होना चाहिए? असल में प्रधानमंत्री के प्रति देश के अलग-अलग राज्यों में उभर रही इस किस्म की प्रवृत्ति को गंभीरता से समझने की जरूरत है।

सबसे पहले इस तथ्य को रेखांकित करने की जरूरत है कि प्रधानमंत्री के प्रति बेअदबी की लगभग सारी घटनाएं मोदी के साथ ही हुई हैं। उससे पहले राजनीतिक विरोध के बावजूद सामान्य शिष्टाचार था और उसका सार्वजनिक प्रदर्शन भी होता था। हालांकि बेअदबी के बीज पड़ने शुरू हो गए थे, जो नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद फल के रूप में दिखने लगे।

विरोधी दलों और उनके नेताओं के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की अपमानजनक बातें शुरू में जरूर अटपटी लगी थीं। चूंकि भाजपा और मोदी ने काफी बड़ी जीत हासिल की थी, इसलिए विपक्षी नेताओं ने यह सोचकर बर्दाश्त किया कि जीत की खुमारी उतर जाने पर प्रधानमंत्री राजनीतिक विमर्श में सामान्य राजनीतिक शिष्टाचार और भाषायी शालीनता का पालन करने लगेंगे, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ और लगने लगा कि यही मोदी की स्वाभाविक राजनीतिक शैली है और वे बदलने वाले नहीं हैं, तब विपक्षी नेताओं के सब्र का बांध टूटा और उसमें राजनीतिक शालीनता और मर्यादा बहती गई।

देश में शायद ही कोई ऐसा विपक्षी मुख्यमंत्री या नेता होगा, जिसके लिए प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से अपमानजनक बातें या गाली-गलौज नहीं की होगी। मोदी उन्हें चोर, भ्रष्ट, परिवारवादी, लुटेरा, नक्सली, आतंकवादियों का समर्थक और देशद्रोही तक करार देने में संकोच नहीं करते हैं। इस सिलसिले में वे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्रियों और विपक्ष की महिला नेताओं को भी नहीं बख्शते और उनके लिए बेहद अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हैं।

मोदी ने यह सिलसिला सिर्फ चुनावी सभाओं तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि संसद में, संसद के बाहर विभिन्न मंचों पर और विदेशों में भी वे विपक्षी नेताओं पर निजी हमले करने से नहीं चूकते। फिर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति उनकी सरकार के भेदभावपूर्ण व्यवहार और राज्यपालों की बेजा हरकतों ने भी केंद्र और राज्यों के बीच खटास पैदा की है। केंद्र सरकार की मनमानियों और विपक्षी नेताओं के प्रति अपमानजनक बर्ताव का नतीजा है कि आज केंद्र-राज्य संबंध किसी भी समय के मुकाबले सबसे बदतर स्थिति में हैं।

प्रधानमंत्री ने तमाम विपक्षी दलों को अपने और देश के दुश्मन के तौर पर प्रचारित कर उन्हें खत्म करने का खुला ऐलान किया है। वे हर जगह डबल इंजन की सरकार का ऐसा प्रचार करते हैं, जैसे विपक्ष की सारी सरकारें जनविरोधी, देश विरोधी और विकास विरोधी हैं। प्रधानमंत्री की इस राजनीति ने विपक्षी पार्टियों को सोचने के लिए मजबूर किया। इसलिए आज अगर प्रधानमंत्री पद की गरिमा पैंदे में बैठ रही है और उनकी बेअदबी हो रही है तो इसके लिए प्रधानमंत्री का अंदाज-ए-हुकूमत और अंदाज-ए-सियासत ही जिम्मेदार है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# समय से पहले आई खूबसूरती से क्यों भयभीत हैं पहाड़ के लोग

■ संजीव शर्मा

हिमाचल प्रदेश या पूरे हिमालय क्षेत्र में सौंदर्य के प्रतीक से इन दिनों क्यों भयभीत है लोग? क्यों उन्हें यह सुंदरता रास नहीं आ रही? खूबसूरती से क्यों नाखुश है पर्वतीय इलाकों के रहवासी और प्राकृतिक सौंदर्य के उपासक क्यों नहीं चाहते असमय प्रकृति की नेमत? ये ऐसे कुछ सवाल हैं जिनके जवाब हमें केवल पर्वतीय इलाकों के जानकार ही दे सकते हैं। आखिर, कोई तो बात होगी जिसके फलस्वरूप यहां के लोगों को प्राकृतिक सुंदरता रास नहीं आ रही?

हम बात कर रहे हैं कि पर्वतीय राज्यों के एक सुंदर वरदान की जिसका नाम है – बुरांश। बुरांश का पेड़ और इसके फूल हिमाचल सहित देश के तमाम पर्वतीय राज्यों के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक संस्कारों से जुड़े हैं। बुरांश न केवल खूबसूरत है बल्कि सेहत की अनेक नेमतों से परिपूर्ण भी है। यह अर्थव्यवस्था का भी एक अनिवार्य हिस्सा है। बुरांश के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि आईआईटी मंडी और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नालॉजी (आईसीजीईबी) के शोधकर्ताओं ने बुरांश की पंखुड़ियों में मौजूद फाइटोकेमिकल्स की पहचान की है जो कोविड-19 वायरस को रोक सकते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि बुरांश के फूल में एंटीवायरल के गुण होते हैं, जो सार्स-सीओवी 2 से संक्रमित कोशिकाओं के इलाज में मदद कर सकते हैं। कुछ शोधों में यह भी पाया गया है कि बुरांश के रस का सेवन दिल और लिवर के लिए फ़ायदेमंद हो सकता है।

लेकिन हिमालय को मिला प्रकृति का यही उपहार यहां खतरे का संकेत दे रहा है। पिछले कुछ सालों से यह फूल समय से पहले खिलने लगा है और यही पर्वतीय लोगों के साथ-साथ वैज्ञानिकों के लिए भी चिंता का सबब है। बुरांश का समय से पहले खिलना बर्फबारी कम होने का संकेत है और कम वर्षा का भी। शिमला या इस जैसे तमाम पर्यटन स्थलों का सौंदर्य और आर्थिक प्रगति वहां होने वाले हिमपात पर निर्भर है। बीते कुछ सालों में न केवल शिमला सहित अधिकतर पर्वतीय इलाकों की सर्दी कम हुई है बल्कि बर्फबारी के दिन भी कम होते जा रहे हैं। पहले शिमला शहर में ही जमकर बर्फ गिरती थी लेकिन अब बर्फबारी कुफरी, ठियोग और नारकंडा की ओर खिसकते जा रही है। इससे पर्यटन पर भी असर पड़ रहा है। इस समस्या को विकराल बनाने में पहाड़ों का सीना चीरकर दौड़ रहे हज़ारों वाहनों ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस सबसे, मौसम बदल रहा है और इसलिए बुरांश भी समय से पहले खिलने लगा है।

'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक तापमान, वर्षा और बर्फ़बारी में आए बदलावों के प्रति बुरांश की संवेदनशीलता और प्रतिक्रियाओं ने चिंता बढ़ा दी है। फूलों के खिलने के समय में बदलाव के लिए काफ़ी हद तक बढ़ते हुए वैश्विक तापमान को ज़िम्मेदार माना जा रहा है। इसके फलस्वरूप बदल रहे मौसम के तेवरों का नुकसान बुरांश के फूलों को उठाना पड़ रहा है। मसलन बारिश की कमी के कारण इनमें रसीलेपन का अभाव हो जाता है। बुरांश के फूलों के फूलने की प्रक्रिया को समझे तो सामान्य रूप से जनवरी से फरवरी माह में वे कलियों के रूप में रहते हैं। चूंकि उस समय तापमान बहुत कम होता है और बहुत कम तापमान में कलियां खराब न हो जाए, इसके लिए प्राकृतिक तौर पर पंखुड़ियां सुरक्षा घेरे के रूप में कलियों को बाहर से ढंके रहती हैं। वे तभी हटती हैं, जब तापमान 20 से 25 डिग्री पर पहुंच जाता है। अनुकूल तापमान पाकर पेड़ का आंतरिक सूचना तंत्र (डीएनए) कोशिकाओं को संकेत भेजता है और फूलों के फूलने की प्रक्रिया के लिए हार्मोन्स सक्रिय हो जाते हैं।

> **अगर पहाड़ों का सौंदर्य, तापमान, वर्षीय, बर्फ, बुरांश और प्राकृतिक चक्र बनाए रखना है तो प्रकृति का संरक्षण करना होगा, अंधाधुंध फैलते कांक्रीट के जंगल की रफ्तार थामनी होगी और पहाड़ों को रौंदती मोटर गाड़ियों की संख्या को नियंत्रित करना होगा वरना पहाड़ और मैदान में कोई अंतर नहीं रह जाएगा।**

यदि समय से पहले ही तापमान अधिक हो जाता है तो फूल के विकास पर असर पड़ता है और उसके रंग-रूप से लेकर आर्थिक और स्वास्थ्यप्रद गुणों पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा, अगर ये फूल समय से पहले यानी सर्दियों के अंत में ही खिलने लगते हैं तो उस समय मधुमक्खियां या परागण करने वाले कीड़े सक्रिय नहीं होते इसलिए परागण पूरी तरह नहीं हो पाता, जिससे पौधों के बीज या फल विकसित नहीं हो पाते। तापमान में उतार-चढ़ाव से पहले से खिले फूल मुरझा जाते हैं या मर जाते हैं।

बुरांश के फूलों के जल्दी खिलने का असर पारिस्थितिकी तंत्र पर भी पड़ता है। दरअसल, बुरांश के फूलों पर कई पक्षी, कीड़े और अन्य जीव आश्रित होते हैं। यदि फूल समय से पहले या अनियमित रूप से खिलते हैं, तो यह खाद्य श्रृंखला गड़बड़ा जाती है। बुरांश के फूलों का उपयोग रस और शरबत आदि बनाने में होता है। अनियमित फूलों की वजह से इनमें रस कम बनता है और किसानों और स्थानीय लोगों की कमाई भी प्रभावित होती है। यही लोगों की चिंता का कारण है।

अब अगर पहाड़ों का सौंदर्य, तापमान, वर्षीय, बर्फ, बुरांश और प्राकृतिक चक्र बनाए रखना है तो प्रकृति का संरक्षण करना होगा, अंधाधुंध फैलते कांक्रीट के जंगल की रफ्तार थामनी होगी और पहाड़ों को रौंदती मोटर गाड़ियों की संख्या को नियंत्रित करना होगा वरना पहाड़ और मैदान में कोई अंतर नहीं रह जाएगा।

**( लेथक प्रसार भारती, भोपाल में क्षेत्रीय समाचार संपादक हैं।**

## आपके पत्र

### जलवायु संकट की चुप्पी में दबी औरतों की पुकार

2025 बीजिंग इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन भारत की ग्रामीण महिलाओं को असमान रूप से प्रभावित कर रहा है। सीमित संसाधनों, पारंपरिक सामाजिक भूमिकाओं और देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों के चलते वे जलवायु जोखिमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। गर्मी, सूखा, और चरम मौसम उनके प्रजनन स्वास्थ्य, कृषि आधारित आजीविका, और नौकरी के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। आदिवासी और दलित महिलाओं को जाति आधारित बहिष्कार के कारण दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि प्रभावी जलवायु अनुकूलन के लिए लैंगिक-उत्तरदायी नीतियों, लिंग-विभाजित डेटा संग्रह, स्वास्थ्य अवसंरचना के सशक्तीकरण, और महिला नेतृत्व वाले स्थानीय निर्णय तंत्रों की आवश्यकता है। महिलाओं को न केवल पीड़ित के रूप में, बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में भी पहचाना जाना चाहिए। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में लैंगिक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाना न केवल सामाजिक न्याय को मजबूत करता है, बल्कि एसडीजी-13 (जलवायु कार्रवाई) और एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) के लक्ष्यों को भी साधता है।

भारत की अधिकांश ग्रामीण महिलाएं या तो खेतों में काम करती हैं या छोटे कृषि कार्यों में लगी होती हैं, लेकिन वे भूमि की मालकिन नहीं होतीं। जब बारिश असमय होती है, जब फसलें सूख जाती हैं या जब मिट्टी बंजर हो जाती है- तो सबसे पहले और सबसे ज़्यादा झटका इन महिलाओं को लगता है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, लगातार सूखे की मार ने न केवल उत्पादन को गिराया है, बल्कि महिलाओं की मौसमी बेरोजगारी को भी बढ़ाया है। खेत से कटने का मतलब होता है रसोई का खाली होना, बच्चियों की स्कूल से विदाई और कर्ज़ का एक और फेरा। जो महिलाएं कृषि से इतर हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण या छोटे पैमाने के व्यवसायों में लगी थीं, उन्हें भी चरम मौसम ने नहीं बख्शा। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर-कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33प्रतिशत की गिरावट आई। यह न केवल आर्थिक नुकसान है, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पर भी करारा प्रहार है। जलवायु से प्रेरित विस्थापन, परिवार की आय में गिरावट और पारंपरिक सोच- ये तीनों मिलकर किशोर लड़कियों की शिक्षा को बाधित कर रहे हैं। जब परिवार के पास सीमित संसाधन होते हैं, तो सबसे पहले लड़कियों की पढ़ाई पर कैंची चलती है। उन्हें स्कूल से निकाल कर घरेलू काम में झोंक दिया जाता है, या जल्दी शादी के लिए तैयार किया जाता है। शिक्षा की यह टूटती श्रृंखला, उनके जीवन भर के अवसरों को सीमित कर देती है। विशेष रूप से आदिवासी और दलित महिलाएं- जिन्हें पहले से ही सामाजिक हाशिए पर रखा गया है। जलवायु आपदाओं के समय सबसे ज़्यादा उपेक्षा का शिकार होती हैं। 2020 के चक्रवात 'अम्फान' के दौरान, सुंदरबन क्षेत्र की दलित महिलाओं ने बताया कि राहत केंद्रों से उन्हें बाहर रखा गया, और आश्रय निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। जलवायु संकट के समय सामाजिक भेदभाव और भी तीखा हो जाता है।

**प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### आरक्षण आयोग की आवश्यकता

*'विगत तीन-चार दशकों से जो आरक्षण नीति चली आ रही है, उसमें समय की वास्तविकताओं के साथ जो संशोधन होने चाहिए थे, उन्हें लागू करने से हमारे सत्ताधीश कतराते रहे हैं। इसमें बहुत सारे मुद्दे हैं। सबसे पहले तो इस वास्तविकता का संज्ञान लेना आवश्यक है कि देश में विकास योजनाओं के कारण बड़े पैमाने पर लगातार विस्थापन हो रहा है। एक समय था जब बड़े बांधों और कारखानों के लिए विस्थापन हुआ, जिससे प्रभावित होने वाली जनसंख्या मुख्यत- आदिवासियों की थी। चूंकि नेहरू युग में जनता के मन में एक विश्वास था इसलिए लोगों ने खुशी-खुशी अपनी जमीनें दे दीं, किंतु जिन नौकरशाहों पर मुआवजा और पुनर्वास की जिम्मेदारी थी, उसे उन्होंने ठीक से नहींनिभाया। आज भी ऐसे विस्थापित आदिवासी मिल जाएंगे जो 55-60 साल से खानाबदोश की जिंदगी जी रहे हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि एक चतुर, संपन्न तबके ने इन विकास योजनाओं का लाभ अपने लिए लेने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।'*

**( देशबन्धु में 05 मई 2016 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/05/blog-post_6.html

## पावन प्रसंग

### विनम्रता निर्बलता नहीं सफलता की प्रशस्ति का मार्ग

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा। इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी।

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता, संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे। निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं। इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकालने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारूपन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहता है वही सफल होता है। मनुष्य को अपनी हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किसी भी परिस्थितियों से जूझने एवं टकराने की क्षमता रखता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ न हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है कि पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

**संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## अमेरिका के साथ टैरिफ समझौते में जल्दबाजी नहीं : इशिबा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने कहा है कि उनका देश टैरिफ उपायों के संबंध में अमेरिका के साथ आगामी व्यापार वार्ता में किसी समझौते में जल्दबाजी नहीं करेगा। श्री इशिबा ने प्रतिनिधि सभा की बजट समिति के सत्र के दौरान विस्तृत विश्लेषण के आधार पर जापान के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप परिणाम प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। संसद में चर्चा अमेरिका द्वारा हाल ही में की गई टैरिफ कार्रवाइयों पर केंद्रित रही । जिसका जापानी निर्यात पर महत्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है। जापानी सरकार इस सप्ताह शुरू होने वाली द्विपक्षीय वार्ता की तैयारी कर रही है। अमेरिका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ उपायों की श्रृंखला में, जिसने जापान के लिए सबसे बड़ी चिंता पैदा की है, वह ऑटोमोबाइल पर टैरिफ है।

# सूडान के विस्थापित शिविर पर हमलों में 300 से अधिक नागरिक मारे गए : संयुक्त राष्ट्र

■ **हमलों में कम से कम 23 बच्चे मारे गए**



**सूडान में हमारे मानवीय और स्थानीय सहयोगी क्लेमेंटाइन एनक्वेटा-सलामी ने भी इस हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की है और इस हिंसा को तुरंत खत्म करने तथा आम लोगों एवं मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करने की अपील की है : गुटेरेस**

**खार्तूम,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। सूडान के अकालग्रस्त ज़मज़म विस्थापन शिविर पर हुए हमलों में 300 से अधिक नागरिक मारे गये। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी।

मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि वह ज़मज़म और अबू शौक विस्थापन शिविरों और उत्तरी दारफ़ुर के एल फ़शर शहर में शुक्रवार और शनिवार को भीषण हमलों के बाद बड़े पैमाने पर हताहतों और विस्थापन की रिपोर्टों से गंभीर रूप से चिंतित है।

ओसीएचए ने कहा कि स्थानीय सूत्रों से प्राप्त प्रारंभिक आंकड़ों में 300 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के समन्वय कार्यालय के 10 कार्यकर्ताओं सहित 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह ओसीएचए कार्यकर्ता रिलीफ इंटरनेशनल एनजीओ के जमजम कैंप में चल रहे केंद्रों में बचा हुआ एक मात्र स्वास्थ्य केंद्र था। यह लोग इसी स्वास्थ्य केंद्र में काम रहे थे। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि हमलों में कम से कम 23 बच्चे मारे गए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कल कहा कि श्री गुटेरेस ने हत्याओं की निंदा की है। श्री दुजारिक ने कहा, सूडान में हमारे मानवीय और स्थानीय सहयोगी क्लेमेंटाइन एनक्वेटा-सलामी ने भी इस हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की है और इस हिंसा को तुरंत खत्म करने तथा आम लोगों एवं मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करने की अपील की है। इन हमलों के दोषियों पर न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिये। विशाल ज़मज़म शिविर उत्तरी दारफ़ुर राज्य की राजधानी और आर्थिक केंद्र एल फ़शेर से लगभग 15 किमी दक्षिण में है। यह अबू शौक शिविर शहर के किनारे पर है। फरवरी में, संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि ज़मज़म और अबू शौक शिविरों में अकाल की जैसी स्थिति है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि ज़मज़म शिविर से कम से कम 16,000 लोग विस्थापित हैं, जिनमें से कई लोग एल फ़शेर और पश्चिम में तवीला भाग गए हैं। ओसीएचए ने हालांकि कहा कि स्थानीय भागीदारों ने बताया कि निरंतर हिंसा और विस्थापित लोगों की बढ़ती आमद के कारण एल फ़शेर में मानवीय संकट और सुरक्षा स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। आईओएम ने कहा कि उत्तरी दारफुर के उम कददाह शहर में एल फशर के पूर्व में, स्थानीय सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुई लड़ाई में 50 से अधिक लोग मारे गए और 900 घर नष्ट हो गए। एजेंसी ने अनुमान लगाया कि पिछले गुरुवार से अब तक लगभग 19,000 लोग इस क्षेत्र से विस्थापित हो चुके हैं।

## नासा ने ट्रंप के कार्यकारी आदेश के बाद भारतीय मूल की डीईआई प्रमुख नीला राजेंद्र को किया बर्खास्त

**वॉशिंगटन,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय मूल की नीला राजेंद्र, जो नासा में विविधता, समानता और समावेश (डीईआई) के कामों की प्रमुख थीं, को उनके पद से हटा दिया गया है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश के तहत उठाया गया है, जिसमें सभी संघीय एजेंसियों में डीईआई कार्यक्रमों को समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। राजेंद्र की बर्खास्तगी ऐसे समय में हुई है जब नासा के भीतर कई प्रयास किए गए थे कि




**राजेंद्र की बर्खास्तगी ऐसे समय में हुई है जब नासा के भीतर कई प्रयास किए गए थे**

उन्हें किसी नए पद के साथ बनाए रखा जाए। मार्च में नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने उन्हें टीम उत्कृष्टता और कर्मचारी सफलता का कार्यालय नामक एक नए विभाग का प्रमुख नियुक्त किया था। यह कदम व्यापक रूप से इस प्रयास के रूप में देखा गया कि उन्हें ट्रंप के आदेश के प्रभाव से बचाया जा सके। हालांकि, भले ही उनका पद बदला गया हो, लेकिन उनके कार्य जैसे कि कर्मचारी सहायता कार्यक्रमों का संचालन और 'ब्लैक एक्सीलेंस स्ट्रेटेजिक टीम' जैसे समूहों का प्रबंधन - लगभग वही रहे। ट्रंप प्रशासन द्वारा डीईआई कार्यक्रमों पर सख्ती बढ़ाने के बाद अंततः उन्हें पद से हटा दिया गया। जेपीएल के भीतर पिछले सप्ताह भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में राजेंद्र की विदाई की पुष्टि की गई। जेपीएल की निदेशक लॉरी लेशिन द्वारा भेजे गए मेल में कहा गया, नीला राजेंद्र अब जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में कार्यरत नहीं हैं। उन्होंने संगठन पर जो स्थायी प्रभाव डाला है, उसके लिए हम अत्यंत आभारी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## सुडोकू 6884

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | | 2 | |
| | 1 | 6 | | | 8 | | | 9 |
| | | | | | 5 | | 9 | |
| 5 | | | 1 | | 4 | | | 7 |
| | 4 | | 6 | | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | 7 | |
| | 3 | | 7 | | | | | |
| | | 4 | | | | 1 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 16 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अनोखी अनुभूति कराने वाला साबित होगा। गूढ़ और रहस्यमय विद्याएं सीखने में आप विशेष रुचि लेंगे। आध्यात्मिक सिद्धियां मिलने का योग है।

वृषभ - आज आपको दांपत्यजीवन का विशेष आनंद मिलेगा। आप सपरिवार किसी सामाजिक स्थान पर घूमने जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर आएगा।

मिथुन - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे होंगे। इससे आप को यश और कीर्ति मिलेगी। आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी।

सिंह - आज हर मामले में सावधानी बरतें। वाणी और व्यवहार में संयम बरतें। माता के साथ विवाद होने की संभावना है। आपके मन पर वैचारिक रुप से नकारात्मकता छा सकती है।

कन्या - आज शारीरिक ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होने से मन शांत रहेगा। काम में भी सफलता प्राप्त होगी। परिजनों और स्नेहीजनों के साथ संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। उनका सहयोग भी आपको प्राप्त होगा।

तुला - आज आप का मनोबल कमजोर रहेगा। किसी निर्णय पर जाना कठिन हो सकता है। नए काम की शुरुआत ना करें और महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है।

वृश्चिक - आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात से आनंद होगा।

धनु - आज आपका दिन थोड़ा तकलीफ देने वाला रह सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। परिजनों के साथ मतभेद होगा। इस कारण कारण आपका मन उदास रह सकता है। स्वाभाविक उग्रता को अंकुश में रखें।

मकर - आज का दिन लाभदायी है। संबंधियों और मित्रों से आनंददायी मुलाकात होगी। विवाहोत्सुकों को इच्छित जीवनसाथी मिलने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापार की दृष्टि से भी लाभदायी दिन है।

कुंभ - आज आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी, जो कि आपके लिए आनंददायी रहेगी। कार्यालय में सहकर्मियों का भी सहयोग मिलेगा।

मीन - आज अधिकारियों के साथ संबंधों में दरार न पड़े, इसका ध्यान रखें। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद को टालें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट तीन पुलिसकर्मी मारे गए, 16 घायल



**घायलों के इलाज के लिए बोलन मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सिविल अस्पताल क्वेटा में आपातकाल घोषित कर दिया गया : अधिकारी**

**इस्लामाबाद,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम तीन पुलिसकर्मी मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि यह घटना मस्तुंग जिले के कुंड मसूरी क्षेत्र के पास हुई, जहां कलात जिले के एक प्रशिक्षण केंद्र से कर्मियों को ले जा रही पुलिस बस को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर हालत वाले लोगों को उन्नत चिकित्सा उपचार के लिए क्वेटा भेजा जा रहा है। दो घायलों की हालत गंभीर है।रिंद ने कहा कि निशाना बनाए गए जवान बलूचिस्तान कांस्टेबुलरी के थे और उन्हें बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। इससे पहले रिपोर्टों में कहा गया था कि विस्फोट में 19 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि घायलों के इलाज के लिए बोलन मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सिविल अस्पताल क्वेटा में आपातकाल घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है तथा घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

## पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा में वैन-ट्रेलर की टक्कर में 10 लोगों की मौत


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक सड़क हादसा हुआ। यहां एक यात्री वैन और ट्रेलर के बीच टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में स्थित सिंधु राजमार्ग पर हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रेलर और विपरीत दिशा से आ रही यात्री वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और बचाव दल की टीम ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कई घायलों की हालत गंभीर है। पुलिस ने कहा कि यह सड़क हादसा ट्रेलर की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के कारण हुआ। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि टक्कर के कारण वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में फंसे यात्रियों को बचाने के लिए वाहन को काटना पड़ा।

# ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड विवि को फंडिंग रोकी

**वाशिंगटन,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा संघीय सरकार की मांगों की एक सूची को अस्वीकार करने के कुछ घंटों बाद ट्रम्प प्रशासन ने विश्वविद्यालय को 2.2 अरब डॉलर के बहु-वर्षीय अनुदान और छह करोड़ रुपये के अनुबंध पर रोक लगाने की घोषणा की। इससे पहले दिन में हार्वर्ड ने विश्वविद्यालय के शासन, भर्ती और प्रवेश प्रथाओं में व्यापक बदलाव करने की प्रशासन की मांगों का पालन करने से इनकार कर दिया, यह देखते हुए कि वह 'अपनी स्वतंत्रता या अपने संवैधानिक अधिकारों पर बातचीत नहीं करेगा।'

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एलन एम गार्बर ने हार्वर्ड समुदाय के सदस्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि हमने अपने कानूनी सलाहकार के माध्यम से प्रशासन को सूचित किया है कि हम उनके प्रस्तावित समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। प्रशासन का नुस्खा संघीय सरकार की शक्ति से परे है। ट्रम्प प्रशासन की मांगों में योग्यता आधारित नियुक्ति और प्रवेश नीतियों को अपनाना और लागू करना तथा नस्ल, रंग और राष्ट्रीय मूल के आधार पर सभी वरीयताओं को समाप्त करना , अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की भर्ती, जांच और प्रवेश में सुधार करना ताकि अमेरिकी मूल्यों और संस्थानों के प्रति शत्रुतापूर्ण छात्रों को प्रवेश से रोका जा सके जिसमें आतंकवाद या यहूदी-विरोधी विचारधारा का समर्थन करने वाले छात्र 'यहूदी-विरोधी विचारधारा के गंभीर रिकॉर्ड' वाले कार्यक्रमों में सुधार करना और सभी विविधता, समानता और समावेश कार्यक्रमों को बंद करना शामिल है।

## वर्ग पहेली 6884




**बायें से दायें:-**

१. मधुदैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर प्राय: सादा किनारा (उर्दू)
१४. कीमत
१५. चंदन
१७. दया, कृपा
१९. चेहरे पर का काला धब्बा,
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल या गिरोह का प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेतार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6883




**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1746- जैकोबेट राइजिंग 1745- कल्लोडेन की लड़ाई, ब्रिटिश मिट्टी पर आखिरी लड़ाई- क्यूम्बरलैंड के राजा के तहत रॉयलस्ट सैनिकों ने याकूब की सेना को हराया।

1780- म्यूनस्टर विश्वविद्यालय की, नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया, जर्मनी में स्थापना की गई।

1853- भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुंबई) से ठाणे के बीच चली।

1889- अपने बेहतरीन अभिनय से दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म।

1919- अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए महात्मा गांधी ने प्रार्थना सभा और उपवास की घोषणा की।

1945- एक सोवियत पनडुब्बी के कारण जर्मन शरणार्थी पोत डूब गया, जिससे 7000 लोग मारे गए।

1976- आठ वर्ष तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और 13 वर्षों तक लेबर पार्टी के नेता रहे, हैरल्ड विल्सन ने त्यागपत्र दिया। उनके इस फैसले ने राजनीतिक हल्कों में तूफान ला दिया।

1988- उत्तरी इराक के कुर्द आबादी वाले शहर हलबजा पर हुए गैस हमले में हजारों लोगों की मौत हो गई थी जबकि बहुत से लोग इसके प्रभाव से बीमार हो गए।

1988- फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के शक्तिशाली नेता खलील अल वजीर उर्फ अबु जिहाद की ट्यूनीशिया के ट्यूनिस में स्थित उनके घर में हत्या कर दी गई।

1990- बिहार के राजधानी शहर पटना के निकट एक खचाखच भरी यात्री गाड़ी के दो डिब्बों में विस्फोट के बाद कम से कम 80 लोगों की जान गई और 65 अन्य घायल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**नेशनल हेराल्ड केस में ...**

मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़ी संपत्तियों पर कब्जा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। यह पहली बार है जब कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ किसी मामले में चार्जशीट दाखिल की गई है। बता दें कि, ईडी ने साल 2014 में दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश पर एजेएल और यंग इंडिया के खिलाफ पीएमएलए के तहत जांच शुरू की थी। ईडी ने एजेएल यानी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडिया की अभी तक करीब 751.9 करोड़ रुपए कीमत की प्रॉपर्टी जब्त की है।

**राजधानी के...**

जांच-पड़ताल कर रही है। बता दें कि निरीक्षण दल 7 अप्रैल को दिल्ली से रायपुर पहुंचा है। 10 सदस्यों की यह टीम अब तक महासमुंद, बलौदाबाजार और रायपुर जिलों की संपत्तियों का निरीक्षण कर चुकी है। निरीक्षण के बाद जल्द ही इसकी रिपोर्ट तैयार होने के बाद टीम वापस दिल्ली के लिए रवाना होगी।

**विस का मानसून सत्र ...**

प्रयास रहेगा कि बस्तर में विधानसभा की बैठक हो और बस्तर के हित में वहां फैसले भी हों। इस बार मानसून सत्र जुलाई में होना है। बजट सत्र के अंतिम दिन संबोधन में स्पीकर डॉ रमन सिंह ने इसकी घोषणा की थी।

**पुलिस ने पकड़ी...**

मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति दोपहिया वाहन पर अवैध रूप से एल्यूमिनियम जैसी चांदी की सिल्लियां ले जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश और थाना प्रभारी खमतराई के नेतृत्व में पुलिस ने भनपुरी चौक पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक ईवी स्कूटर (हृद्धदृह, नंबर ष्टत्र 04 क्क 8047) को रोका गया, जिसमें दो लोग सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम ओंकार जाधव (23 वर्ष) और अजय गेजगे (23 वर्ष), दोनों महाराष्ट्र निवासी, बताया।

पुलिस ने उनके थैले की तलाशी ली, जिसमें 115 सिल्लियां (कुल 56।3 किलोग्राम) एल्यूमिनियम जैसी चांदी की मिलीं। आरोपियों से इनके परिवहन और स्वामित्व के वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई कागजात पेश नहीं कर सके। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से चांदी की सिल्लियों के साथ-साथ परिवहन में प्रयुक्त स्कूटर को भी जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ थाना खमतराई में इस्तगासा क्रमांक 02/2025, धारा 35(1), ई बीएनएसएस/303(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**2027 दिन जेल में ...**

पुलिस ने 18 जुलाई को लड़की को दुर्ग से बरामद किया। विशेष न्यायाधीश रायपुर की अदालत ने 27 सितंबर 2019 को आरोपी को आइपीसी की धारा 376(2)(एन) और पाक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 10-10 साल की सजा और जुर्माने की सजा सुनाई। दोनों सजाएं साथ चलने के आदेश दिए गए थे।

पिछले करीब 6 साल से जेल में बंद आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील की थी। मामले सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पाया कि स्कूल के दाखिल-खारिज रजिस्टर में पीड़िता की जन्मतिथि 10 अप्रैल 2001 दर्ज है, लेकिन उसने गवाही दी थी कि 10 अप्रैल 2000 को उसका जन्म हुआ था। अभियोजन पक्ष कोई ठोस दस्तावेज, जैसे जन्म प्रमाणपत्र या ऑसिफिकेशन टेस्ट पेश करने में नाकाम रहा, जिससे पीड़िता की सही उम्र साबित हो सके। पीड़िता ने कोर्ट में यह स्वीकार किया कि वह आरोपी के साथ अपनी मर्जी से गई थी और उनके बीच प्रेम संबंध थे। मेडिकल रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की चोट या जबरदस्ती के निशान नहीं मिले।

**सिर्फ स्कूल के दस्तावेज ही पर्याप्त नहीं : हाईकोर्ट**

मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पीड़िता की उम्र को प्रमाणित करने के लिए अकेले स्कूल के दस्तावेज ही पर्याप्त नहीं है। जब तक उस दस्तावेज को तैयार करने वाले व्यक्ति की गवाही न हो। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अरविंद वर्मा ने कहा कि जब पीड़िता की उम्र नाबालिग सिद्ध नहीं होती और वह सहमति से आरोपी के साथ गई थी, तो इस मामले में दुष्कर्म या पॉक्सो की धाराएं नहीं बनती। यह एक स्पष्ट रूप से प्रेम प्रसंग और सहमति से भागने का मामला है। कोर्ट ने आरोपी की सजा को रद्द करते हुए उसे सभी आरोपों से बरी कर तत्काल रिहा करने के निर्देश दिए हैं।

**आरक्षक भाई की मौत पर ...**

समक्ष अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन प्रस्तुत कर एएसआई के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति की मांग की, परंतु पुलिस अधीक्षक कोरबा ने इस आधार पर अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन खारिज कर दिया कि आवेदक विवाहित है।

उक्त कार्रवाई से क्षुब्ध होकर निधि ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि वर्ष 2013 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए जारी पॉलिसी के तहत अविवाहित शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उनके आश्रित माता, पिता, भाई एवं अविवाहित बहन को अनुकम्पा नियुक्ति की पात्रता प्रदान की गई थी। उक्त पॉलिसी के आधार पर सिर्फ अविवाहित बहन को ही अनुकम्पा नियुक्ति दी जाती थी, परंतु छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर द्वारा 22 मार्च 2016 को उक्त पॉलिसी में संशोधन कर अविवाहित बहन के स्थान पर केवल बहन शब्द जोड़ दिया गया। इस आधार पर किसी अविवाहित शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके विवाहित एवं अविवाहित दोनों बहनों को अनुकम्पा नियुक्ति की पात्रता होगी।

**पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को...**

से अतिरिक्त महाधिवक्ता एसवी राजू ने विरोध किया। उन्होंने टुटेजा को वरिष्ठ नौकरशाह बताते हुए नागरिक पूर्ति निगम घोटाले में भी शामिल होने के साथ गवाहों को प्रभावित करने का आरोप लगाया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जमानत मंजूर कर लिया।

## दुनिया को जानें

### चीन से नेपाल को जोड़ने वाली रेललाइन पर तेजी से हो रहा है काम

**काठमांडू,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। नेपाल की राजधानी काठमांडू से भारत को जोड़ने वाली रेल परियोजना भले ही कछुआ चाल से चल रही है लेकिन चीन से काठमांडू को जोड़ने वाली रेलवे लाइन का काम बहुत तेजी से चल रहा है और केरुंग से काठमांडू के बीच यह लाइन लगभग 72 किलोमीटर लंबी होगी। यह लाइन चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का हिस्सा है। नेपाली मीडिया रिपोर्ट के अनुसार काठमांडू-केरुंग रेलवे लाइन का भूवैज्ञानिक अध्ययन अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। यह अध्ययन चीनी सरकार के तकनीकी और वित्तीय सहयोग से किया जा रहा है। इस रेलवे लाइन से जुड़ने वाले काठमांडू, नुवाकोट और रसुवा जिलों में व्यवहार्यता अध्ययन चल रहा है। तीन जिलों में 80 में से 75 स्थानों पर ड्रिलिंग द्वारा मिट्टी निकाली जा चुकी है। मीडिया रिपोर्ट में नेपाली रेलवे विभाग के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि मिट्टी परीक्षण का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। आठ स्थानों में 400 मीटर तक की गहराई तक मिट्टी की खुदाई की जानी है, उनमें से सात स्थानों पर यह काम पूरा हो चुका है।

# खेल जगत

## जीत आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी : धोनी

लखनऊ। चेन्नई सुपर किंग्स ने लगातार पांच मैचों से हार का सिलसिला खत्म किया और कई बार की तरह कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शिवम दुबे की दमदार पारी के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की। सीएसके वर्तमान में आईपीएल 2025 अंक तालिका में सबसे नीचे है, जिसने रात में अपना दूसरा मैच जीता। धोनी ने स्वीकार किया कि चीजें कठिन रही हैं और उम्मीद है कि जीत आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी। मैच जीतना अच्छा है। जब आप इस तरह का टूर्नामेंट खेलते हैं, तो आप मैच जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य से (पहले के) मैच किसी भी कारण से हमारे पक्ष में नहीं गए। इसके कई कारण हो सकते हैं। हमारे पक्ष में जीत होना अच्छा है। इससे पूरी टीम को आत्मविश्वास मिलता है और हमें उन क्षेत्रों में सुधार करने में मदद मिलती है, जिनमें हम सुधार करना चाहते हैं।



# बेस्ट फिटनेस में न होने के बावजूद धोनी ने हिम्मत नहीं हारी : बांगर





आईपीएल 2025

धोनी पूरी तरह फिट नहीं थे। आखिरी ओवरों में जब वह विकेट के पीछे गेंद पकड़ रहे थे, तब वह हल्के से लड़खड़ा रहे थे। लेकिन फिर भी उन्होंने पूरी कोशिश की और शानदार बल्लेबाजी की : संजय बांगड़

**लखनऊ,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर संजय बांगड़ ने चेन्नई सुपर किंग्स की पांच मैचों की हार का सिलसिला खत्म होने के बाद एम.एस. धोनी की फिटनेस और उनके मैच खत्म करने की क्षमता पर बात की। उन्होंने कहा कि धोनी भले ही अपनी पूरी फिटनेस में नहीं थे, लेकिन फिर भी उन्होंने हिम्मत दिखाई और टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। मैच में जब रचिन रवींद्र और डेब्यू कर रहे शेख राशिद ने चेन्नई को 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत दी, तभी लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाजों ने मैच में वापसी की। लेकिन धोनी ने 11 गेंदों में नाबाद 26 रन बनाकर, और शिवम दुबे के 37 गेंदों में नाबाद 43 रन के साथ, मैच को फिर से चेन्नई के पक्ष में कर दिया और टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। बांगड़ ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि धोनी पूरी तरह फिट नहीं थे। आखिरी ओवरों में जब वह विकेट के पीछे गेंद पकड़ रहे थे, तब वह हल्के से लड़खड़ा रहे थे। लेकिन फिर भी उन्होंने पूरी कोशिश की और शानदार बल्लेबाजी की। विकेटों के बीच दौड़ते समय वह थोड़े संघर्ष कर रहे थे, लेकिन फिर भी शांत दिमाग से खेलते रहे और एक मजबूत साझेदारी की। जैसे-जैसे मैच नजदीक आता है, विरोधी टीम से गलती की संभावना बढ़ जाती है। यही धोनी की खासियत है कि वह आखिरी समय में मौका ढूंढ ही लेते हैं और मैच को शानदार तरीके से खत्म करते हैं। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने भी धोनी की मौजूदगी की अहमियत पर बात करते हुए कहा कि मैदान पर धोनी का होना बहुत बड़ी बात है, खासकर मैच के अंतिम ओवरों में। आज ऊपर के बल्लेबाजों ने उन्हें एक ऐसा लक्ष्य दिया जो हासिल करना मुमकिन था। इससे पहले के मैचों में निचले क्रम को बहुत कठिन लक्ष्य मिल रहे थे। हर ओवर में 14-15 रन चाहिए होते थे, जो हर बार मुमकिन नहीं होता। लेकिन आज का लक्ष्य आसान था, और जब ऐसा होता है, तो धोनी ज्यादातर बार मैच जिता ही देते हैं। आरोन ने यह भी कहा कि लखनऊ के गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में एक ही तरह की गेंदबाजी की। सिर्फ वाइड लाइन डाली, न तो बाउंसर फेंकी और न ही ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद आजमाई। रवि बिश्नोई को एक और ओवर न देना भी उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ। पांच लगातार हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार जीत का रास्ता पाया। अब सात मैचों में उनके पास दो जीत हैं। अगला मुकाबला 20 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होगा।संजय बांगड़ ने कहा कि यह जीत बिल्कुल आसान नहीं थी क्योंकि चेन्नई के बल्लेबाजों को बीच के ओवरों में संघर्ष करना पड़ा। लेकिन जब कोई टीम लगातार हार रही होती है, तब इस तरह की संघर्षपूर्ण जीत से ही लय वापस मिलती है। ये दो अंक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बहुत कीमती हैं, और खिलाड़ी इसका महत्व समझेंगे। जब आप लगातार पांच मैच हारते हैं, तो टीम का माहौल भारी हो जाता है।

## ऋतुराज गायकवाड़ की जगह 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे



**चेन्नई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई के 17-वर्षीय सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को अपने चोटिल कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया है। उन्हें उनके बेस प्राइस 30 लाख रूपये के बराबर राशि मिलेगी। म्हात्रे ने अभी तक टी20 क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है, लेकिन उनके नाम दो प्रथम श्रेणी और दो लिस्ट ए शतक हैं। वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं और उनके नाम चार लिस्ट ए पारियों में सात विकेट भी हैं। सीएसके के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने बताया, वह चेन्नई में ट्रायल के लिए आए थे और नेट्स में हमारे साथ जुड़े थे। इन युवा खिलाड़ियों को खेलते देखना एक सुखद एहसास है। वे निडर होकर क्रिकेट खेलते हैं। सीएसके भी कुछ इसी तरह की क्रिकेट खेलती है और हम खिलाड़ियों को खुलकर और आक्रामकता से खेलने की आजादी देते हैं। उनका नेट्स अच्छा गया था और वहां उपस्थित हमारे स्टाफ के लोग उनसे बहुत प्रभावित हुए थे। उनको दल में शामिल करके हम बहुत उत्साहित हैं। एशिया कप 2024 के दौरान म्हात्रे ने इंडिया अंडर-19 टीम में भी जगह बनाई थी। इसके बाद ईरानी कप के लिए वह मुंबई की सीनियर टीम में चुने गए। तबसे वह प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए मैचों में मुंबई के नियमित सदस्य हैं। चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा भी आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने उनकी जगह कर्नाटक के युवा बल्लेबाज आर स्मरण (21) को 30 लाख रूपये में शामिल किया है। स्मरण ने 2024-25 विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान सात पारियों में 100 से ऊपर के स्ट्राइक रेट और 72 की औसत से सात पारियों में 433 रन बनाए थे, जिसमें फाइनल में खेली गई 101 रनों की मैच-जिताऊ पारी शामिल थी। उन्होंने अभी तक छह टी20 मैचों में 170 के स्ट्राइक रेट से 170 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में मुंबई में डीवाई पाटिल टूर्नामेंट भी खेला था।

# दिल्ली स्पिन ट्रैक पर पटरी पर लौटना चाहेगी

- दिल्ली को जीतना है तो केएल राहुल व नायर को बड़ी पारियां खेलनी होंगी
- कुलदीप व विपराज से दिल्ली को स्पिन का जाल बुनने की आस
- राजस्थान को हार से बचना है तो आर्चर व तुषार को सूझबूझ से गेंदबाजी करनी होगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। करुण नायर की 40 गेंदों पर पांच छक्कों और 12 चौकों की मदद से 89 रन की तूफानी पारी और निचले क्रम में आशुतोष शर्मा सहित मैच के अंतिम पूर्व ओवर की आखिरी तीन गेंदों में अपने अंतिम तीन बल्लेबाजों के रन आउट होने के चलते शुरू के लगातार चार मैच जीतने के बाद दिल्ली कैपिटल्स की एक ओवर के बाकी रहते जीत के लिए 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस से यहां अरुण जेटली स्टेडियम में पांच मैचों में बीते रविवार को आईपीएल 2025 में 12 रन से पहली हार बेशक नींद से जगाने वाली साबित होगी। दिल्ली कैपिटल्स शुरू के चार मैचों में अपने दूसरे घरेलू विशाखापत्तनम के मैदान पर लखनऊ सुपर जायंटस को एक विकेट से, दूसरे में वहीं एसआरएच को सात विकेट से, तीसरे सीएसके को उसके घर चेन्नई में 25 रन से और फिर आरसीबी को उसके घर बेंगलुरु मे छह विकेट से हराने के बाद मुंबई के हाथों हारने के बावजूद पांच मैचों से चार जीत के साथ आठ अंकों के साथ अंक तालिका में छह मैचों में चार जीत हासिल करने वाली गुजरात टाइटंस से कमतर नेट रन रेट के चलते समान अंकों के बावजूद दूसरे स्थान पर है।

भारत के ऑलराउंडर अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स अपने घर में अब बुधवार को इसी मैदान पर अपने पिछले दो मैचों में गुजरात टाइटंस से 58 और आरसीबी से अपने घर में नौ विकेट से हारने वाली राजस्थान रॉयल्स को बुधवार को हरा जीत की राह पर लौटने के साथ शीर्ष पर पहुंचने की पुरजोर कोशिश करेगी। दिल्ली कैपिटल्स को जीत की राह पर लौटना तो अनुभवी केएल राहुल के साथ शीर्ष क्रम में करुण नायर को बड़ी पारियां खेलनी ही होंगी ही शीर्ष क्रम में जैक फ्रेजर मैकगर्क और अभिषेक पोरेल के साथ मध्यक्रम में कप्तान अक्षर पटेल, ट्रस्टन स्टब्ज और आशुतोष शर्मा को मुंबई में पिछले मैच में हड़बड़ी में की गई गड़बड़ी से बचना होगा।

**बुधवार :** दिल्ली कैपिटल्स व राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली,शाम साढ़े सात बजे से।

### दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास से उतरना होगा : संजू सैमसन

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि धीमी पर टॉस हारकर 170 रन वाकई अच्छा स्कोर था। पावरप्ले में बल्लेबाजी करनी मुश्किल थी। हम जानते थे कि साल्ट और विराट कोहली जमकर जवाबी हमला बोलेंगे। आरसीबी ने पावरप्ले में ही मैच जीत लिया। जहां बात टपकाए कैचों की है हमने भी कैच टपकाए और आरसीबी ने भी। आरसीबी ने बेहतर बल्लेबाजी की और इसका श्रेय उसे देना होगा। यह जरूर कहूंगा कि आरसीबी को टॉस जीतने का लाभ मिला। मैं इस मैच को को 19वें और 20वें ओवर तक ले जाना पसंद करता। सच तो हमने गलतियां की। हम आरसीबी के मैच में मिली हार को भुला कर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगले मैच में खेलने उतरना होगा। हमें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास से उतरना होगा।

### मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच को भुला आगे बढ़ने की जरूरत : अक्षर

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि हमने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बीच के ओवरों में पिछले मैच में गलत शॉट खेल कर बेवजह विकेट गंवाएं। हम मुंबई इंडियंस से अपना पिछला मैच इसी मैदान पर एक ओवर के बाकी रहते 12 रन से हारे। यह हर बार मुमकिन नहीं है कि आपके निचले क्रम के बल्लेबाज आपको हमेशा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बचाए। कोई दिन ऐसा होता है जब आप गलत शॉट खेलकर आउट होते हैं और इसीलिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार की बाबत मैं बहुत ज्यादा सोचना नहीं चाहता। मेरा मानना है जीत के लिए 206 रन का लक्ष्य रात में ओस के चलते हासिल करना खासा बड़ा था। हमने यदि मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों के सभी कैच लपक लिए होते तो हम उसे इससे कम स्कोर रोक सकते थे। मुझे तीनों स्पिनरों की गेंदबाजी से आत्मविश्वास मिलता है और इनमें से दो पावरप्ले में गेंदबाजी कर सकते हैं। कुलदीप यादव इस सीजन में अविश्वसनीय गेंदबाजी कर रहे हैं। मुझे जब भी विकेट की जरूरत होती है मैं उन्हें गेंद सौंप सकता हूं। हमें मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच को भुला कर आगे बढ़ने की जरूरत है।

## श्रेयस अय्यर को मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया

**दुबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है, जो भारत के रन स्कोरिंग चार्ट में सबसे ऊपर है और उन्होंने ऐतिहासिक आईसीसी मेन्स चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत के अंतिम चरण में अहम भूमिका निभायी थी। अय्यर ने न्यूजीलैंड की जोड़ी जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पछाड़कर यह सम्मान जीता। यह सम्मान आईसीसी की मासिक पुरस्कार श्रृंखला में भारतीय खिलाड़ियों की लगातार जीत का प्रतीक है, जिसमें फरवरी में शुभमन गिल ने भी यही सम्मान जीता था। अय्यर ने कहा कि मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती - एक ऐसा पल जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। इतने बड़े मंच पर भारत की सफलता में योगदान देने में सक्षम होना कुछ ऐसा है जिसका हर क्रिकेटर सपना देखता है। मैं अपने साथियों, प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ के प्रति उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। अय्यर ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों का भी दिल से शुक्रिया - आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।



मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं : अय्यर

## सार संक्षेप

### संस्थानिक फुटबालः फाइनल रेलवे और खाद्य निगम के बीच

**नई दिल्ली।** गोलकीपर तुषार चोपड़ा के दमदार प्रदर्शन, आशुतोष थपलियाल के दर्शनीय गोल और कोच रवि राणा की सूझ बूझ से पूर्व विजेता भारतीय खाद्य निगम उत्तर क्षेत्र ने युवा खिलाड़ियों से सजी कस्टम एन्ड सेंट्रल एक्साइज को 1-0 से हरा कर डीएसए संस्थानिक लीग के फाइनल में स्थान बनाया । डा. अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में उत्तर रेलवे ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) को पुनीत पाल के इकलौते गोल से हरा कर खिताबी भिड़ंत का हक पाया। खाद्य निगम और रेलवे के बीच फाइनल 21 अप्रैल को प्रातः 9 बजे खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में अनुभव के सामने युवा खिलाडियों का प्रदर्शन हल्का रहा। फर्क सिर्फ इतना है कि रेलवे जैसे तैसे जीत गई लेकिन कस्टम पर पचास पार के खिलाड़ियों से सजी खाद्य निगम भारी पड़ी। गोली तुषार और रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों मिलिंद, बेखम, जोगिंदर रावत, योगेश और ललित ने कस्टम के युवा फारवर्ड और खासकर महिप अधिकारी, सायक, मनीष और शौर्य को आजादी नहीं लेने दी। बाकी का काम विजेता टीम के गोली तुषार ने पूरा कर दिखाया। ईएसआईसी के वेटरन खिलाड़ियों ने सूझ बूझ से संघर्ष किया लेकिन शानदार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर गौरव रावत और रक्षापंक्ति के बीच तालमेल में हल्की सी चूक के कारण रेलवे को विजयी गोल मिल गया।

### ऑस्ट्रिया ने महिला आइस हॉकी विश्व चैम्पियनशिप में चीन को हराया

**शेन्ज़ेन।** आईआईएचएफ महिला विश्व चैम्पियनशिप 2025 पहले चरण में ग्रुप ए के दूसरे दौर में ऑस्ट्रिया ने चीर को 3-0 से हराया। ऑस्ट्रिया ने सोमवार को खेले गये इस मुकाबले में नौवें मिनट में अपना पहला गोल किया।

## चांगवोन सितंबर में 2026 विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट चैपिम्यनशिप की मेजबानी करेगा



- शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड्स का 10वां संस्करण, जिसमें 50 से अधिक देशों के लगभग 300 एथलीट भाग लेंगे

**बॉन,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। चांगवोन, दक्षिण कोरिया 3 से 14 सितंबर तक 2026 विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह लॉस एंजेलिस 2028 पैरालंपिक खेलों के लिए एक सीधा योग्यता कार्यक्रम होगा, जिसमें कोटा आवंटन होगा। शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड्स का 10वां संस्करण, जिसमें 50 से अधिक देशों के लगभग 300 एथलीट भाग लेंगे, संयुक्त प्रतियोगिता कार्यक्रम में पैरा ट्रैप और VI (दृष्टि बाधित) दोनों इवेंट की सुविधा देने वाला चौथा होगा। यह कोरिया में चेओन्गजू 2018 के बाद दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप आयोजित होने का भी प्रतीक होगा। चांगवोन इंटरनेशनल शूटिंग रेंज ने पिछले चार वर्षों (2022-2025) से विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप की मेजबानी की है। इस स्थल पर पहले 2018 में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप और 2023 में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप जूनियर आयोजित की गई थी।

## भारत अगस्त में सफेद गेंद की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा



**ढाका,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत 17 से 31 अगस्त तक मीरपुर और चटगांव में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सफेद गेंद की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा, जैसा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय टीम 17 अगस्त को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाली वनडे सीरीज के पहले मैच से पूर्व 13 अगस्त को ढाका पहुंचेगी। तीसरा और अंतिम वनडे चटगांव में खेला जाएगा, जहां 26 अगस्त को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच भी खेला जाएगा। दूसरे और तीसरे टी20 के लिए मैच मीरपुर में ही खेले जाएंगे।यह 2014 के बाद से भारत का बांग्लादेश का पहला सफेद गेंद वाला दौरा होगा। इसके अलावा, टी20 सीरीज पहली बार होगी जब बांग्लादेश अपने घर में द्विपक्षीय सीरीज में भारत की मेजबानी करेगा। दोनों टीमों के बीच सबसे हालिया टी20 सीरीज 2024 में हुई थी, जब बांग्लादेश ने भारत का दौरा किया था और मेजबान टीम ने 3-0 से आसान जीत हासिल की थी। आगामी सीरीज़ के बारे में बात करते हुए, बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने दुनिया की शीर्ष क्रिकेट टीमों में से एक की मेजबानी करने पर अपनी खुशी व्यक्त की। चौधरी ने कहा कि यह सीरीज हमारे घरेलू कैलेंडर में सबसे रोमांचक और सबसे प्रतीक्षित घटनाओं में से एक होने का वादा करती है। भारत ने सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बेंचमार्क स्थापित किया है और दोनों देशों के लाखों क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले का आनंद जरूर लेंगे।

## कंधे की चोट के कारण जम्पा आईपीएल से हुए बाहर

**हैदराबाद,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खेल रहे लेग स्पिनर एडम जम्पा कंधे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष मैचों से बाहर हो गये है। जम्पा को यह चोट एसआरएच और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गये मैच में गेंदबाजी के समय कंधे में कुछ दर्द हुआ। वे अगले चार मैचों में नहीं खेले और चिकित्सा सलाह के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस चले गए। जम्पा ने टूर्नामेंट के पहले दो मैचों में इम्पैक्ट सब के रूप में खेला और दो बहुत ही उच्च स्कोरिंग खेलों में 48 रन देकर एक और 46 रन देकर एक विकेट लिया। ऐसा माना जा रहा है कि यह उसी समस्या की पुनरावृत्ति है जो उन्हें 2023 एकदिवसीय विश्वकप से पहले हुई थी। ऐसा माना जा रहा था कि जम्पा समस्या के निदान और थोड़े आराम के बाद आईपीएल में वापस आ सकते हैं, लेकिन एसआरएच ने उनकी जगह कर्नाटक के बल्लेबाज आर स्मरण को टीम में शामिल करने का फैसला किया। जम्पा के अब जुलाई के अंत में कैरेबियाई देशों में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की अगली टी-20 सीरीज तक फिर से खेलने के आसार नहीं है।



### सुडोकू 6884 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 |

## मैथ्यूज, निगार और प्रेंडरगैस्ट ने महिला रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई

- वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज इस सूची में सबसे आगे हैं
- मैथ्यूज ने नाबाद शतक जड़ा और अपने पहले तीन मैचों में 10 विकेट चटकाए



**दुबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए चल रहे क्वाालीफायर के माध्यम से दौड़ तेज हो गई है, कई बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को नवीनतम आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में महत्वपूर्ण छलांग के साथ पुरस्कृत किया गया है - जो बड़े मंच पर उनके मैच जीतने वाले योगदान का प्रमाण है। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज इस सूची में सबसे आगे हैं, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर के पास मौजूद नंबर 1 ऑलराउंडर स्थान के लिए मजबूत दावा पेश करती रहती हैं। मैथ्यूज पाकिस्तान में शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने नाबाद शतक जड़ा और अपने पहले तीन मैचों में 10 विकेट चटकाए। उनकी ऑल-राउंड प्रतिभा ने उन्हें 432 रेटिंग पॉइंट तक पहुंचा दिया है, जिससे दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप (444) और गार्डनर (470) के बीच का अंतर कम हो गया है, और वह इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट (375) से आगे निकल गई हैं, जो चौथे स्थान पर हैं। गेंद के साथ उनके प्रदर्शन ने उन्हें दो पायदान ऊपर उठाकर वनडे बॉलिंग रैंकिंग में संयुक्त सातवें स्थान पर पहुंचा दिया है, जहां वह अब ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग के साथ 642 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। वेस्टइंडीज में उनके अभियान को पाकिस्तान की राबेया खान और कप्तान फातिमा सना ने और बढ़ावा दिया है, जिन्होंने भी ऊपर की ओर कदम बढ़ाया है - राबेया सात पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं और सना 15 पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इस बीच, आयरलैंड की ओरला प्रेंडरगैस्ट क्वालीफायर में सबसे होनहार ऑलराउंडरों में से एक बनकर उभरी हैं। चार विकेट और लगातार बल्लेबाजी योगदान के साथ - पाकिस्तान के खिलाफ 37 और बांग्लादेश के खिलाफ 41 - प्रेंडरगैस्ट ने करियर के सर्वोच्च 193 अंकों के साथ ऑलराउंडर रैंकिंग में आठ पायदान चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने युवा करियर में पहली बार शीर्ष 50 वनडे गेंदबाजों में भी जगह बनाई है।

## जॉर्जिया वोल ने जीता आईसीसी महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार

**दुबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को मार्च महीने के लिए आईसीसी महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब से नवाजा गया हैं। वोल ने हमवतन एनाबेल सदरलैंड और अमेरिका की चेतना प्रसाद को पछाड़ कर यह पुरस्कार जीता है। 21 वर्षीय वोल ने मार्च में व्हाइट फर्न्स पर ऑस्ट्रेलिया की 3-0 की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वोल ने दूसरे छोर पर अनुभवी बेथ मूनी के साथ मिलकर आत्मविश्वास के साथ शुरुआत की। वोल ने पहले मैच में 31 गेंदों पर 50 रन, दूसरे टी-20 में 20 गेंदों पर 36 रन और अंतिम मैच में 57 गेंदों पर 75 रन बनाये थे। यह लगातार चौथी बार है जब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने यह मासिक पुरस्कार जीता है। दिसंबर 2024 में एनाबेल सदरलैंड ने, उसके बाद जनवरी में बेथ मूनी और फरवरी में एलन किंग यह पुरस्कार जीता। मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर वोल ने कहा कि यह पुरस्कार जीतना निश्चित रूप से मेरे और टीम के लिए एक अविश्वसनीय है।


| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.081 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.899 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.672 |
| 4- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 5- | कोलकाता नाइट राइडर | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.803 |
| 6- | पंजाब किंग्स | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.065 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.104 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.838 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.245 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

# राज्यपाल की पहल से हुआ ऐतिहासिक चुनाव

■ छत्तीसगढ़ में रेड क्रॉस सोसाइटी में जुड़ा नया अध्याय

**रायपुर,** 15 अप्रैल(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सामाजिक और मानवीय सेवा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा गया है। राज्यपाल रमेन डेका की प्रेरणादायी पहल पर पहली बार छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ है। यह कदम न केवल रेड क्रॉस सोसाइटी को नई दिशा देगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के हर कोने में जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

छत्तीसगढ़ के गठन को 24 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए यह पहला मौका है जब लोकतांत्रिक तरीके से इसके पदाधिकारियों का चयन हुआ। इस ऐतिहासिक चुनाव ने पूरे राज्य में उत्साह की लहर पैदा कर दी है। रायपुर से लेकर दुर्ग, बिलासपुर से लेकर बस्तर तक, रेड क्रॉस से जुड़े स्वयंसेवकों और समाजसेवियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष टोमन साहू (बालोद), उपाध्यक्ष रूपेश पाणिग्रही (जशपुर) और कोषाध्यक्ष संजय पटेल (बलौदाबाजार) शामिल हैं। इन नेतृत्वकर्ताओं से अपेक्षा है कि वे छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी को समाजसेवा और मानवीय कार्यों में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।



राज्यपाल रमेन डेका ने रेड क्रॉस सोसाइटी को एक सशक्त और पारदर्शी संस्था बनाने का संकल्प लिया है। उनकी यह पहल न केवल संस्था को नई पहचान दे रही है, बल्कि इसे जन-जन तक पहुंचाने का भी मार्ग प्रशस्त कर रही है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और समावेशी बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों से योग्य प्रतिनिधियों का चयन हुआ।

राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी और स्वयंसेवक मिलकर जरूरतमंदों के लिए एक मजबूत सहारा बनेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना 4 अप्रैल 2001 को हुई थी। इसका मुख्यालय रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में स्थित है। विगत दो दशकों में यह संस्था आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। चाहे बाढ़ हो, सूखा हो, या महामारी, रेड क्रॉस के स्वयंसेवक हमेशा सबसे आगे रहकर लोगों की मदद करते हैं। संस्था का मूल मंत्र है- च्सेवा, सहायता, और समर्पणज्ज। इसके तहत रेड क्रॉस निम्नलिखित क्षेत्रों में सक्रिय है- बाढ़, भूकंप, या अन्य प्राकृतिक आपदाओं में राहत सामग्री और चिकित्सा सहायता प्रदान करना, स्वास्थ्य सेवाओं के तहत रक्तदान शिविर, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, और टीकाकरण अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, सड़क सुरक्षा, जागरूकता अभियान और प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, कमजोर समुदायों की सहायता, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, और आजीविका के लिए सहयोग करना इस संस्था के प्रमुख कार्य हैं।

# जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ

**जगदलपुर,** 15 अप्रैल(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर संभाग को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ किया। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के विभागीय कामकाज में काफी सुविधा होगी। जल संसाधन से संबंधित निर्माण कार्यों के सर्वेक्षण, डीपीआर निर्माण और तकनीकी स्वीकृति में तेजी आएगी। पहले इन कार्यों की स्वीकृति के लिए रायपुर जाना पड़ता था। अब ये काम संभागीय मुख्यालय बस्तर में ही हो सकेंगे।



जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के विशेष पहल से शुरू हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता नवीन कार्यालय में विभिन्न स्तरों पर अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी बजट में स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में यह कार्यालय जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय इंद्रावती परियोजना मंडल भवन के ऊपरी तल में संचालित हो रहा है। मुख्य अभियंता जल संसाधन कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, नगर निगम महापौर संजय पांडेय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदमती कश्यप, वित्त आयोग के अध्यक्ष निवास राव मद्दी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के. एस. भंडारी और जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# संस्कृति और समरसता के वातावरण को धरोहर के रूप में सजोकर रखना है: कौशल्या देवी

■ सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय का राजिम में शानदार स्वागत

**राजिम,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। मंगलवार को राजिम के प्रेमरतन पैलेस में कारीगर समुह की संस्थापक सोमा शर्मा, सह-आयोजक नीरज शर्मा द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना और दीप प्रज्जवलित कर अपने उदबोधन की शुरूआत राधे-राधे बोलकर शुरू किया। इसके साथ ही राम-राम जय सिया राम बोली। श्रीमती साय ने गणेश जी की स्तुति करते हुए वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभा का वाचन की तो पैलेस का पूरा हॉल तालियो की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होने भारत माता,छत्तीसगढ़ महतारी और भगवान श्री राजीव लोचन के जयकारे के साथ ही बहुत ही सरल और सहज रूप में कहने लगी कि इस मंच पर दो विधायक राजिम और अभनपुर बैठे है। सामने दर्शक दीर्घा में बैठे लोगो से उन्होने पूछ लिया कि इन दोनो विधायको से आप लोग खुश तो है न? यदि खुश है तब बोलुंगी। श्रीमती साय ने अपने उदबोधन के दौरान समूचे लोगो का दिल जीत लिया। कहा कि मीडिया के साथी सामने बैठे हुए है। इनके माध्यम से हमारी कही गई बातें दूर तक जाती है। उन्होने सीधा-सीधा कहा कि हमारी संस्कृति और समरसता के वातावरण को धरोहर के रूप में सजोकर रखना है। शहर से दूर गांवो में आज भी लोग



बहुत स्नेह और प्रेम के साथ रहते है। एक दूसरे का सुख-दुख पुछते है। एक-दूसरे का हालचाल जानते है और बहुत ही सभ्यता के साथ रिश्ते-नाते बनाकर रखते है। गांव में किसी का कोई भतीजा होता है तो कोई चाचा। बहनो को दीदी के रूप में ही संबोधित किया जाता है। माताओं को बड़ी मां,छोटी मां के रूप में बोला जाता है। कहा कि गांव में असली प्यार है। कोई आता है तो सबसे पहले उन्हें पानी दी जाती है,खाना के लिए पूछा जाता है। छत्तीसगढ़ के इस संस्कृति के ऊपर हम सबको गर्व करना चाहिए। हर घर में राम हो। बुजुर्ग से स्नेह रखो। कहा कि सम्मान चाहिए तो एक-दूसरे का सम्मान करो। उन्होने प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ के प्रति चिंता जाहिर किया। झाड़ बहुत कट रहे है लिहाजा अधिक से अधिक पेड़ लगाएं ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके। एक पेड़ मां के नाम तो लगाना ही है,दूसरा पेड़ पिता जी के नाम से लगाना है। उन्होने बहुत ही रोचक अंदाज में कहा कि पेड़ लगाने के तत्काल बाद फोटो और सेल्फी मारते है परंतु इसकी सुरक्षा और पानी के ऊपर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है। अच्छे से गहराई करे और ठोस रूप में पेड़ लगाएं। धर्म की रक्षा करने सामने आएं। कहा कि नारियो की सम्मान की बात कही जाती है ये अच्छी बात है परंतु पुरूषो का भी सम्मान हो। यदि हमारी कही बात अच्छी लगे तो लेकर जरूर जाइयेगा। कहा कि जिस प्रकार एक माँ अपने बच्चे को स्नेहपूर्वक शिक्षित करती है, और एक गुरु अपने शिष्य को मार्गदर्शन देता है, उसी प्रकार कारीगर टीम बाल प्रतिभाओं को पहचानकर उनके भविष्य को सँवारने का कार्य कर रही है। निस्संदेह यह एक सराहनीय एवं सकारात्मक पहल है।

अपना उदबोधन श्रीमती साय ने हर- हर महादेव बोलकर विराम दिया। श्रीमती साय के उदबोधन को सारे लोगो ने बहुत ध्यान से सुना और सबने इसकी तारीफकी। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू और अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगो को संबोधित किया। कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार है। आगे बढ़ने के लिए मेहनत की जरूरत है। सारे लोग सामाजिक समरसता और भाईचारे के साथ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रश्मि शर्मा ने की। संचालन मनोज सेन ने किया। इस अवसर पर कारीगर टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कुल 125 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। सम्मान चार श्रेणियों में प्रदान किए गए। जिसमें नवांकुर सम्मान नवोदित नन्हें कारीगरों को, कर्मवीर सम्मान समाजसेवा में संलग्न प्रेरणास्पद व्यक्तित्वों को,कलमवीर सम्मान जन-जागरण में सक्रिय पत्रकारों को,दानवीर सम्मान उत्पाद क्रय कर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने वाले सहयोगियों को। कारीगर टीम की संस्थापक सोमा शर्मा ने बताया कि विगत छह वर्षों से पारंपरिक शिल्पकला को बढ़ावा देने हेतु मिट्टी के दीप, बाँस की टोकरियाँ एवं अन्य हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएँ तैयार कर विक्रय की जाती रही हैं। इस कार्य से न केवल शिल्पकारों की दीपावली रोशन होती है।

# डबल मर्डर से क्षेत्र में सनसनी

## दो महिलाओं की बेरहमी से हत्या

**रायगढ़,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। गायत्री मंदिर के पास दो महिलाओं की हत्या कर दी गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस डबल मर्डर की खबर से इलाके में दहशत का माहौल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में से एक का नाम उर्मिला सिदार और दूसरी का नाम पुष्पा बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुसौर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

घटनास्थल पर रायगढ़ एसपी समेत डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी पहुंच चुकी है और सुराग जुटाने में जुटी हुई है। पूरे क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। इस डबल मर्डर ने पूरे पुसौर क्षेत्र को दहला दिया है और आसपास के इलाकों में भी भय का माहौल बन गया है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

**NECC**

| 16.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 415 | 80 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 100 | 180 |

डिलीवरी 435 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पति- तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो।
पत्नी- थैंक्यू सो मच...और बताओ क्या कर रहे हो?
पति- खाली बैठा था तो सोचा थोड़ा मजाक ही कर लूं।

संपादकीय

## वाहनों का हो समुचित रख-रखाव

देश में जैसे-जैसे वाहनों की संख्या में इज़ाफ़ा हो रहा है, सड़क दुर्घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही हैं। कोई भी दिन ऐसा नहीं जाता जब वाहन सम्बन्धी दुर्घटनाओं की खबरें सुनने-पढ़ने को न मिलती हों। शहरों, कस्बों या गांवों से लेकर बाहरी रास्तों और महामार्गों पर वाहनों के पलटने या आपस में टकराने के मामले होते रहते हैं। भारत विश्व के सर्वाधिक सड़क हादसों वाले देशों में से एक है। लगभग हर मिनट देश के किसी न किसी स्थान पर वाहन दुर्घटना होती है। हर वर्ष इनमें हजारों लोगों की मौत होती है और लाखों लोग घायल होते हैं। मामूली रूप से घायलों की गिनती करना ही मुश्किल है। बड़े पैमाने पर लोग स्थायी विकलांगता का शिकार हो जाते हैं। कई रोजगार खो देते हैं तो कई जीवन भर के लिये इलाज पर आश्रित हो जाते हैं।

यदि कारणों की बात करें तो ज्यादातर दुर्घटनाएं मानवीय भूलों के चलते होती हैं। लापरवाही से वाहन चलाने से सबसे अधिक हादसे होते हैं। बाईं ओर न चलना, अनावश्यक ओवरटेक करना, तेज गति से चालन, वाहन के फिसलने, खम्भों, पुल-पुलिया अथवा डिवाइडरों से टकराने जैसे कई कारण हैं जिनके चलते चालकों को जान-माल का नुकसान होता है। वाहन तो क्षतिग्रस्त होते ही हैं, उन्हें भी चोटें पहुंचती हैं- मामूली से गम्भीर या सीधे मौत। इसमें गलती किसी की भी हो सकती है। पैदल चलने वाले भी नुकसान उठाते हैं जिनका कोई दोष नहीं होता। बहुत से चालक अपने वाहन नियमानुसार चलाते हैं परन्तु दूसरे वाहन चालक की गलती का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है।

दूसरा प्रमुख कारण है वाहनों का उचित रख-रखाव न करना। इसके कारण चलते हुए गाड़ियों में खराबी आ जाती है। तेज गति वाहनों का चका फटने के कारण छत्तीसगढ़ में कई हादसे हो चुके हैं। अभी पिछले महीने ही बेमेतरा के पास सैगोन गांव में एक तेज रफ्तार कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इस हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और 5 गम्भीर रूप से घायल हो गये। मार्च में ही भानुप्रतापपुर के पास अंतागढ़ मार्ग पर खंडी नदी में एक वाहन जा गिरा। ड्राइवर तथा उसके साथी को बचा लिया गया। टायर फटने से ही पिछले वर्ष 6 दिसम्बर को एक एसयूवी सूरजपुर के पास पलट गयी। इसमें भी 3 लोग मारे गये थे व 2 गम्भीर ज़ख़्मी हुए थे। रविवार को सक्ती जिले में मुकुंदपुर के पास एक पिकअप का स्टीयरिंग फेल हो गया। इसमें 25 ग्रामीण सवार थे जो एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कुछ नहर में बह गये।

वाहनों का नियमित रख-रखाव बेहद ज़रूरी है। निर्धारित समय पर गाड़ियों का मेंटेनेंस कराना चाहिये। कुशल मिस्त्री व गुणवत्तायुक्त सामान वाहन को दुरुस्त स्थिति में रखते हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने व्यक्त किया बस्तर के विकास का संकल्प

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 'विकसित बस्तर की ओर' विषय पर परिचर्चा का हुआ आयोजन




- बस्तर को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए कृषि पर देना होगा जोर ,मक्के की खेती के लिए बस्तर में असीम संभावनाएं – मुख्यमंत्री
- मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं शूकर पालन के लिए बजट में किया गया है अतिरिक्त प्रावधान – साय
- मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टरों और अधिकारियों को कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने किया निर्देशित

**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज जगदलपुर में च्विकसित बस्तर की ओरज्ञ विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास हेतु विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया गया। जगदलपुर में आयोजित बस्तर की ओर परिचर्चा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, विनायक गोयल, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, संबंधित विभागों के सचिव, बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर समेत बस्तर संभाग के किसान, कृषि उद्योग से जुड़े गणमान्य स्थानीय उपस्थित थे। इस अवसर पर किसानों, व्यापरियों कृषि से सम्बंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की बस्तर को विकास की मुख्य धारा में शामिल करना है। बस्तर को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए हमे खेती पर ज्यादा जोर देना है , विशेषकर यहां के सीमांत किसानों पर ध्यान देना है। श्री साय ने कहा कि बस्तर के लिए कृषि सबसे बेहतर विकल्प है, इससे स्थानीय जनजातियां जुड़ी हुयी है और लोग अपनी रुचि के अनुसार काम करेंगे तो उसमे सफल भी होंगे। कृषि के विकास के लिए हमने बजट में अतिरिक्त प्रावधान भी किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष जोर देते हुए कहा कि हमें मक्के की खेती को बढ़ाना पड़ेगा । ये कम लागत में तैयार होने वाली और ज्यादा मुनाफा देने वाली फसल है। मक्का के लिए बस्तर की जलवायु काफी अनुकूल है। इसके साथ ही यहां मिलेट्स उत्पादन का काफी ज्यादा स्कोप है, इसकी खेती पर हमे विशेष काम करना होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, यह संस्कृति, परंपरा, संघर्ष और संभावनाओं का संगम है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें सशक्त नीति, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी से साकार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि बस्तर को हर दृष्टि से आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलवाद हमारे प्रदेश के लिए एक कलंक की तरह रहा है। केन्द्र सरकार के सहयोग से इसे समाप्त करने की दिशा में निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प है कि 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद का समूल नाश किया जाए और छत्तीसगढ़ इस लक्ष्य की प्राप्ति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि नक्सलवाद केवल सुरक्षा की चुनौती नहीं है, बल्कि यह विकास की कमी का परिणाम है। इसलिए आवश्यक है कि हम बस्तर के हर गांव और हर व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ें और उन्हें पर्याप्त अवसर प्रदान करें।

परिचर्चा में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कृषि क्षेत्र के विकास संबंधी रोडमैप प्रस्तुत करते हुए कहा कि बस्तर की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु फसल विविधीकरण, जैविक खेती, सिंचाई सुविधा का विस्तार, कृषि यंत्रीकरण, फसल ऋण की सुलभता और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर विशेष बल दिया जा रहा है। बस्तर संभाग में इस समय 2.98 लाख सक्रिय किसान परिवार हैं, जिनमें से 2.75 लाख को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल चुका है। योजना की 19वीं किस्त के रूप में 64.77 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष पात्र परिवारों का सत्यापन कर उन्हें भी योजना से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर में 7 कृषि विज्ञान केंद्र, 4 कृषि महाविद्यालय, 2 उद्यानिकी महाविद्यालय, 1 वेटरनरी पॉलीटेक्निक कॉलेज और 1 कृषक प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 29 उद्यान रोपणियाँ, 9 शासकीय मत्स्य प्रक्षेत्र, एक पोल्ट्री प्रक्षेत्र तथा एक शासकीय सुअर पालन केंद्र भी कार्यरत हैं। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ओबीसी क्रीमीलेयर के स्पष्ट निर्धारण के लिए सीएम को किरण देव ने लिखा पत्र



**पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने की थी मांग**

**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव ने अन्य पिछड़ा वर्ग में कृमि लेयर और नान कृमि लेयर का स्पस्ट निर्धारण के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पत्र लिखा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने गत 8 अप्रैल को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव से मुलाकात कर उक्त समस्या को अवगत कराया था। बताया गया कि जाति प्रमाण पत्र बनाते समय स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में ओबीसी में क्रीमीलेयर और नॉन क्रीमीलेयर को लेकर भ्रांति व्याप्त है जिसके कारण जो व्यक्ति नॉन क्रीमीलेयर में आना चाहिए उसे क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है, जिससे कि पत्र प्रतिभागी मिलने वाले लाभ से वंचित हो जाते हैं। शासन से निर्देश है कि कृषि और कर्मचारियों के वेतन को कृमिलेयर का निर्धारण करते समय नहीं जोड़ने का प्रावधान है। यदि कोई कर्मचारी तृतीय या चतुर्थ श्रेणी में भर्ती होकर 40 वर्ष तक यदि द्वितीय श्रेणी में आता है तो वह नॉन क्रीमीलेयर केटेगरी में ही आएंगे। परन्तु स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में इस प्रकार के प्रकरण में जाति प्रमाण पत्र बनाते समय क्रीमीलेयर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के दो दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, छत्तीसगढ़ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# रवींद्रनाथ टैगोर की अमर कथाकृति दालिया का हुआ मंचन



**सभी कलाकारों ने अपने पात्र के साथ न्याय करते हुए आकर्षक प्रस्तुति दी**

**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की कथा कृति च्दालियाज्आधारित नाटक की प्रस्तुति नगर में की गई। सुपरिचित लेखक हृषिकेश सुलभ ने इसका नाट्य रूपांतरण किया है। प्रसिद्ध निर्देशक जी एस मनमोहन और कलाकारों ने अनूठे अंदाज़ में बस्तर हेरिटेज के मुक्ताकाशी मंच पर नवजनरंग के बैनर तले , यह नाटक खेला। अनूठे अंदाज में इसलिए क्योंकि जब दर्शक नाटक देखने के साथ -साथ एक बीते समय को जीने लग जाएं, तो ही ऐसी कालजयी कृति का सारतत्व प्रेक्षकों तक पहुंच सकता है। नाटक जब इतिहास से संकेत च लेज् रहा हो तब रचनाकार के साथ -साथ निदेशक की भूमिका सजग होनी आवश्यक है। बहुत बड़ी बात है कि इसे अच्छी तरह ध्यान में रखते हुए लेखन और नाट्य प्रस्तुति में रचनात्मक अभिव्यक्ति की पूरी गुंजाइश रखी गई। नाट्य रूपांतरण में हृषिकेश सुलभ ने इसका ध्यान रखा है और निदेशक जी एस मनमोहन जैसे सुदीर्घ अनुभवी निर्देशक के हाथों में आकर नाटक अपनी पूरी रंगत के साथ रंग बिखेरने में सफल रहा। सुधी दर्शकों ने प्रत्येक दृश्य बंध में इसे बखूबी महसूस किया। 2नाटक की बहुत बड़ी ख़ूबी रही रंगमंचीयता और अभिनेयता। इन दोनों के माध्यम से नाट्य - कथ्य , सहजता से, आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। अच्छी बात यह भी कि नाटक इतिहास की घटना को यथावत् , यंत्रवत् रखने की कोशिश नहीं करता अपितु पारंपरिक इतिहास के स्थान पर नाटकीय घटना के रूप में, इतिहास के पगचिह्न दिखाता है। यह किसी अमर कहानी के नाट्य मंचन की बड़ी विशेषता कही जाएगी। नाटक दालिया में मछुआरे की भूमिका में वरिष्ठ रंगमंच कलाकार निर्मल सिंह राजपूत ने बेहतरीन अभिनय किया वहीं जुलेखा की भूमिका में गायत्री आचार्य और अमीना की भूमिका में माही कश्यप ने किरदार के साथ पूरा न्याय किया साथ की दालिया के किरदार मे मनीष श्रीवास्तव और रहमत शेख के रूप में शिवप्रकाश सीजी ने उम्दा अभिनय किया। इसके अलावा राजदूत के रूप में जी संभव, दूत का किरदार प्रिंस ने बखूबी निभाया। सूत्रधार के रूप में अंकित दुबे ने अपनी सशक्त प्रस्तुति दी। प्रशांत दास ने गायन, संगीत, प्रकाश और ध्वनि पक्ष को मजबूत करते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। दर्शकों ने नाटक को सराहा।

# जिला न्यायालय जगदलपुर के अध्यक्ष बने बैजनाथ ठाकुर और सचिव अशोक निषाद



**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा जगदलपुर का चुनाव दिनांक 13 अप्रैल को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। चुनाव में मोसूराम ठाकुर एवं बैजनाथ ठाकुर में मध्य चुनाव होना था, जिसमें बैजनाथ ठाकुर को 33 वोट मोसु ठाकुर को 19 वोट प्राप्त हुए जिसमें बैजनाथ ठाकुर ने 14 वोट से जीत हासिल किया। इस चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतअध्यक्ष राजेश कुमार निषाद चुनाव अधिकारी थे। ज्ञानेश्वर राव जाधव, सहायक निर्वाचन अधिकारी, के द्वारा बहुत ही शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराए गए। इस निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात 14 अप्रैल को जिला अध्यक्ष के साथ उसकी पूरी कार्यकारणीय सदस्यों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार निषाद, अध्यक्षाता बुधवंतीन बघेल, प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय जगदलपुर, प्रांतीय उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर जाधव, कामता साहू, रोहित ध्रुव, सोहन सिन्हा प्रांतीय सह सचिव, प्रचार सचिव नीलकमल, गोरेलाल ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिला न्यायालय जगदलपुर के अध्यक्ष बैजनाथ ठाकुर, सचिव अशोक निषाद, कोषाध्यक्ष मोयाराम मौर्य, रंजीत मालाकार, महेन्द्री ठाकुर, विनोद ठाकुर, हरिसिंह ठाकुर, दशमु कश्यप एवं सभी सदस्यगण के द्वारा सभी प्रांतीय पदाधिकारियों का सम्मान प्रतीक देकर किया गया।

# ईओडब्ल्यू और एसीबी की रेड के खिलाफ बंद का दिखा व्यापक असर




**भाकपा के बंद को कांग्रेस और व्यापारी संघ का मिला समर्थन**

**सुकमा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। बीते दिनों जिले में पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर पर ईओडब्ल्यू और एसीबी द्वारा की गई छापेमारी के विरोध में मंगलवार को सुकमा बंद का आह्वान किया गया। जिसका पूरे जिले में व्यापक असर देखने को मिला। वहीं सीपीआई और बस्तरिया राज मोर्चा के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं और जिले के व्यापारियों ने अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद कर एकदिवसीय बंद का समर्थन किया। कांग्रेस पार्टी ने भी इस कार्यवाही को लेकर कड़ा विरोध जताया है और बंद का समर्थन किया है। वहीं बंद के दौरान कार्यकर्ताओं ने ईओडब्ल्यू और एसीबी की कार्यवाही को लेकर नाराजगी जताई है और इसे राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया है। बता दें कि 10 अप्रैल को ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने सुकमा जिले में 12 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की थी, जिसमें पूर्व विधायक मनीष कुंजाम भी शामिल थे। इस कार्रवाई के बाद अब सुकमा बंद का आह्वान किया गया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव दुर्गेश राय ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा विपक्ष के नेताओं को दबाने के लिए सरकारी तंत्रों का इस्तेमाल कर रही है, आने वाले समय में इस क्षेत्र में लगने वाले उद्योगों के खिलाफ कोई आवाज न उठा सके इसलिए द्वेषपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

**जांच की मांग करने वालों के घर द्वेष पूर्ण कार्रवाई कर छवि खराब करने की कर रहे कोशिश : रामा सोडी**

भाकपा नेता रामा सोढ़ी ने कहा कि 10 अप्रैल को ईओडब्ल्यू और एसीबी के द्वारा पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर छापामार कार्यवाही की गई जो निंदनीय है, जिस व्यक्ति ने तेंदूपत्ता बोनस वितरण मामले में हुए गड़बड़ी का मुद्दा उठाया और कलेक्टर से इस मामले को लेकर जांच करने की अपील की थी उसके ही घर पर छापा मारा गया जो कि सरासर निंदनीय है। रामा सोढ़ी ने आगे कहा कि पिछले दिनों हुए जिला पंचायत और जनपद पंचायत चुनाव में सीपीआई द्वारा भाजपा को समर्थन नहीं देने के कारण भाजपा की सरकार पंचायतों मे नहीं बना पाई, ये भी एक कारण है। जिसके चलते भाजपा ये द्वेषपूर्ण राजनीति के बदले की भावना से कार्यवाही कर रहे हैं।

# भारतीय इतिहास की व्याख्या गलत हुई है : जितेंद्र सिंह



**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गावाहिनी की शौर्य प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में प्रारंभ हो चुका है जिसमें अलग अलग क्षेत्रों से आए बालिकाएं बड़े ही उत्साह से इसमें भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में उत्साह दिखा रहे हैं। यह वर्ग पूरी तरह से आवासीय है अत: बच्चों को आपसी मेल मिलाप से उनमें छुपी प्रतिभा के साथ उनमें आपसी एकता की भावना भी विकसित होती है। इस सत्र में बच्चों को विभिन्न प्रकार के विधाओं से परिचित होने के साथ विभिन्न प्रकार के शारीरिक सौष्ठव कलावों को सीखने का अवसर भी मिलता है। सुबह 4.30 बजे जागरण से प्रारंभ होकर रात 9 बजे तक चलता है। सुबह शारीरिक सौष्ठव कलावों से परिचय दोपहर बौद्धिक विकास का सत्र जिसमें बच्चों के बौद्धिक विकास से जुड़ी व्याख्या होती है जिसे विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उद्बोधन होता है। सोमवार को इस बौद्धिक सत्र में भाग लेते हुए विश्व हिंदू परिषद भोपाल क्षेत्र के संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह पवार ने भारतीय इतिहास विषय पर अपना उद्बोधन दिया। अपने उद्बोधन में भारतीय इतिहास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि आज के संदर्भ में देखे तो पता चलता है कि भारतीय इतिहास की गलत व्याख्या की गई है। भारत का इतिहास विश्व के किसी भी इतिहास उन्नत ओर सुदृढ़ रहा है। जो हड़प्पा संस्कृति से भी पूर्व का है। जो शनै, शनै विकसित होती रही है समय के साथ कई उतर चढ़ाव के साथ कालांतर तक पहुंची। गुप्त काल को स्वर्णिम काल कहा जा सकता है जिसमें दूसरे देशों तक अपना साम्राज्य फैलाया। बाद में विदेशी आक्रांताओं से होता हुआ ब्रिटिश काल तक चला। इस बीच सभी ने हमारे इतिहास की अपने ढंग से व्याख्या अपने स्वार्थ के अनुसार किया। जो स्वतंत्र भारत के बाद अनवरत जारी रहा। किंतु वर्तमान में कुछ परिवर्तन करते हुए कुछ सुधार किए जा रहे हैं। अत: इतिहास की सही जानकारी हमे होनी चाहिए। आज इस सत्र में विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, मातृशक्ति विभाग संयोजिका उमा गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जबिता मंडावी के साथ अन्य उपस्थित थे।

# किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास की मान्यता समाप्त

**बच्चों को अन्यत्र स्कूल में एडमिशन करने के लिए सूचना जारी**

**सुकमा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास की मान्यता निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अध्याय 4 के निर्देश क्रमांक ङ्क19 के मानकों और संनियमो का पालन नहीं किए जाने के कारण बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के नियम 16.1(ग) के तहत समाप्त कर दी गई है। इसकी सूचना संबंधित स्कूल के अध्यक्ष को जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र क्रमांक 3864/जी.शि.अ./स्था 2/मान्यता /2024ङ्क25 सुकमा दिनांक 16/01/2025 के माध्यम से दी जा चुकी है। ऐसी स्थिति में सत्र 2025ङ्क26 में संस्था में अध्ययनरत बच्चों के पालकों को सूचित किया जाता है कि किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास के सभी बच्चों का एडमिशन अपनी सुविधानुसार निकट की स्कूल में करवाएं। जिसके लिए संबंधित संकुल के संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुकमा को पत्र जारी किया जा चुका है। जिला प्रशासन के द्वारा किंग्स पब्लिक स्कूल गादीरास में अध्ययनरत सभी बच्चों को अन्यत्र संस्था में एडमिशन करवाने पालकों से अनुरोध किया गया है।

# अटल टिंकरिग कार्यशाला का समापन



**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल के नेतृत्व मे प्राचार्य विनीता बेंजामीन के कुशल संचालन में प्रभारी अटल टिंकरिग गीता मूर्ति के देखरेख मे छह दिवसीय अटल टिंकरिग कार्यशाला का समापन मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। इसमें ब्रीफ इंट्रोडक्शन, अबाउट आर्डिनो प्रोगामिंग, थ्री डी प्रिंटर, आटोमेटीक डोर, रेन ड्राप सेंसर, स्मार्ट डस्टबिन, ब्लूटूथ कार का निर्माण किया गया। जिससे बालकों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवम विज्ञान के प्रति लगाव उत्पन्न हुआ। जिसके दूरगामी परिणाम उनके जीवन को वैज्ञानिक सोच से भर कर विज्ञान के लिये एक उचित माहौल तैयार करेगा। इस अवसर पर व्यख्याता अनिल शुक्ला द्वारा वैज्ञानिक सोच पर आधारित कविता का पाठ किया गया, जिसका जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने प्रशंसा किया। इस अवसर पर शाला के समस्त स्टाफ एवम प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# जंगल के बीच बसे फूंडरी में केन्द्रीय योजना से मंगल

**दंतेवाड़ा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसका लक्ष्य सभी घरों तक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसमें जल संरक्षण, जल स्त्रोत स्थायित्व तथा वर्षा जल भण्डारण पर मुख्य रूप से ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों द्वारा विकेंद्रीकृत किंतु एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के माध्यम से समुचित स्तर पर जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा।

इसी उद्देश्य पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दंतेवाड़ा में भी प्रशासन द्वारा जल जीवन मिशन योजना को गांव के प्रत्येक घर के आंगन तक पहुंचाने हेतु प्रयत्नशील है। इस क्रम में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत फुण्डरी के एक बसाहट में भी खुशहाली आई है। जिला मुख्यालय से 41 किमी दूर ग्राम पंचायत फुण्डरी घने जंगलों से घिरा हुआ पहाड़ी गांव है। इस ग्राम में कुल 6 बसाहट-रावतपारा, सन्नूपारा, ठोठापारा, पीदेपारा, स्कूलपारा, पटेलपारा है। इस गाँव में कुल घरों की संख्या 255 एवं कुल जनसंख्या 1 हजार 408 है। इस प्रकार ग्राम पंचायत फुण्डरी में जल जीवन मिशन योजना को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण कार्य था, चूंकि ग्राम में बसाहट व घर काफी दूर-दूर बसे होने के साथ ही यह घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है, जिसके कारण इस गांव तक बहुत सारी योजनाओं का क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा था। प्रशासन की सक्रियता से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम फुण्डरी में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत एकल ग्राम योजना कुल 8 हजार 385 मीटर पाईप लाईन का विस्तार कर सभी घरों में



घरेलू नल कनेक्शन लगाया गया, जिसमें कुल 2 सोलर 9 मीटर स्टेजिंग और 40 का उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम के कुछ बसाहटों और शासकीय भवनों में सोलर के माध्यम से

- जल जीवन मिशन ने लाई ग्रामीणों में समृद्धि
- नलों में शुद्ध जल, स्वास्थ्य और समृद्धि लाएगा आने वाला कल
- महिलाओं की दिक्कतें हुई कम, सब्जी उत्पादन से आजीविका

आंशिक रूप से जल जीवन मिशन योजना को पहुंचाया गया, जिससे निरंतर स्वच्छ पीने का पानी प्राप्त हो रहा है। जल जीवन मिशन से न केवल स्वच्छ और शुद्ध पेयजल बल्कि अब ग्रामीण महिलाएं पानी की उपलब्धता को देखते हुए अपने अपने घरों में साग सब्जियों का उत्पादन कर अपनी आर्थिक आमदनी को बढ़ा रही है। इस क्रम में इसी ग्राम की महिला मत्तीबाई ने बताया कि इनका परिवार मुख्य रूप से खेती पर निर्भर है। घर के नजदीक पीने की पानी की व्यवस्था न होने के कारण उसे हमेशा घर से दूर उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर हैण्डपम्प या नदी व चुंआ से पीने का पानी लाना पड़ता था। बारिश में बाढ़ आने पर यह रास्ता भी बंद हो जाता था। उसके ही समान अन्य महिलाओं के लिए भी इस प्रकार सुबह-शाम पानी लाना कष्टदायक था। लेकिन एक दिन ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर में नल लगाए जाने की जानकारी दी गई। फिर देखते ही देखते लगभग एक साल में इनके पारा में हर घर के आँगन में जल जीवन मिशन का नल लगाया गया और इस प्रकार सोलर के माध्यम से साफ पानी ग्राम के हर घरों में आने लगा। स्वयं मत्तीबाई ने भी अपने घर के बाड़ी में मौसमी सब्जी जैसे टमाटर, बैंगन, मिर्ची, सेम लगाया और नजदीक के हाट बाजारों में उसका विक्रय कर अपने परिवार की आर्थिक आमदनी में सहयोग कर रही है।

इसी प्रकार अन्य महिला श्रीमती संगीता पुनेम का कहना है कि हर घर के आँगन में साफ पानी मिलने से समय की बचत हुई है। और वे अपने बच्चों को समय से स्कूल भेजकर वनोत्पाद संग्रहण जैसे तेंदूपत्ता, महुआ, टोरा, ईमली इत्यादि संग्रहण कर, सब्जी बाड़ी, खेती, मजदूरी काम इत्यादि कर अपना आर्थिक जीवन संवार रही हैं।

# जनता को भरोसा दिलाएं कि, हम समाधान के लिए तत्पर

**दंतेवाड़ा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के तहत प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख निराकृत करने के लिए तय किए गए समयावधि में आवेदन समाधान को सर्व प्राथमिकता देवें। इसके लिए सर्वप्रथम प्राप्त आवेदनों मांगो शिकायतों की स्क्रुटनी करें और अपने कार्यालय स्तर के आवेदनों को बिना देरी किए समाधान करने में जुट जाएं। कई आवेदन ऐसे भी होंगे जो शासन स्तर पर ही निराकृत हो सकते हैं, ऐसे आवेदनों का वर्गीकरण करके अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लें और आवेदकों की मांगों के समाधान का यथासंभव स्वीकार्य जनक हल निकालें। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सुशासन तिहार 2025 की विभागवार ऑनलाइन एंट्री की प्रगति की जानकारी लेते हुए इसे मिशन मोड में करने का निर्देश दिया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सुशासन तिहार 2025 के संदर्भ में बताया कि सुशासन तिहार आम जनता से सीधे संवाद का एक सशक्त माध्यम है। आमजनों की समस्याओं को धरातलीय स्तर पर जानने समझने और उसके निराकरण का यह उपयुक्त अवसर है, ताकि उन्हें विश्वास दिलाया जा सके कि शासन-प्रशासन उनके मांगों शिकायत समस्याओं का निराकरण करने के लिए तत्पर है। उल्लेखनीय है सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले के पंचायत, ब्लॉक एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में समाधान पेटियों और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कुल लगभग 38 हजार116 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः शासन की मंशानुरूप अपनी विभागीय सेवाओं को कार्यशील बनाने के लिए सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदनों का सौ प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि वे सार्वजनिक परिवहन सेवा को आम जनों के लिए सुलभ बनाने हेतु ई-रिक्सा परिचालन के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करें। इसके साथ ही बैठक में पोषण पखवाड़ा, पोषण गतिविधियां, पोर्टल एंट्री, आवास सर्वे, ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना, सहित विभिन्न समय सीमा के मुददो पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



- सुशासन के आवेदन निराकरण में दिखाएं गंभीरता : कलेक्टर
- समयबद्ध निराकरण पर जोर, जिले में 38 हजार से ज्यादा आवेदन
- मांग और शिकायत के आवेदनों की होगी छटनी

# आदिवासी विकास शाखा में निविदा आमंत्रित

## 28 को खोली जाएगी निविदा

**दंतेवाड़ा**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर शासकीय निर्माण विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा के कार्यालय में आमंत्रित की गई है। निविदा कार्यों में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा भवन निर्माण कार्यों के लिए जारी एस.ओ.आर. 1 जनवरी 2015 से प्रचलित निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। निविदा प्रपत्र, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर नियत तिथि एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दंतेवाड़ा के नाम से होगा, एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 22 अप्रैल सायं 5.30 बजे तक, भरे हुए निविदा प्रपत्रों की मुहरबंद लिफाफे कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि 25 अप्रैल सायं 5 बजे तक, तथा निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 28 अप्रैल 2025 प्रातः 11 बजे तक है। आदिवासी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास कटेकल्याण का भवन निर्माण कार्य की लागत 246 लाख रूपए, अमानत राशि 1.85 लाख है। प्रति कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य 3000 होगी। उक्त कार्य हेतु बी श्रेणी या अधिक के ठेकेदार भाग ले सकते है तथा कार्य 18 माह के भीतर पूर्ण करना होगा। निविदा संबंधी अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।

# नल और जल का पता नहीं, मीटर चुरा रहे चोर

**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में अमृत मिशन योजना के तहत निगम के 48 वार्डों में 24 घंटे पानी देने की योजना अधूरा है। निगम की ओर से नल जल कनेक्शन देने के पहले ही ठेकेदार ने सभी वार्डों में मीटर लगा दिया है। मीटर में तांबे का उपकरण होने से चोर मीटर की चोरी कर रहे हैं। शहर के संतोषी वार्ड, नयामुंडा, कुम्हारपारा सहित एक दर्जन वार्डो से मीटर से तांबा चोरी की शिकायत पुलिस मे दर्ज कराई जा चुकी है। अमृत मिशन के तहत शहर के लोगों को चौबीस घंटे पेयजल देने की योजना धरातल पर उतरती नहीं दिखाई दे रही है। हालात ऐसे हैं कि पिछले दो से तीन वर्षों से शहर में इस प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक किसी को भी चौबीस घंटे पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। नगर निगम द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत बेतरतीब तरीके से खोदाई कर पाइप लाइन बिछाई गई है। इसके साथ ही इस योजना के तहत लोगों के घरों तक पाइप लाइन जोड़कर मीटर भी लगाए गए हैं। नगर निगम घर के बाहर मीटर लगाया है। जो सुरक्षा के लिहाज से सही नहीं है। दर्जनों वार्डवासियों ने बोधघाट थाना पहुंचकर शिकायत की है। उन्का आरोप है कि मीटर घर के बाहर लगाया गया है, इसके चलते अब चोर इसे निशाना बना रहे है। सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। इसके चलते पाइप लाइन शुरू होने से पहले ही मीटर चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। मीटर में पीतल लगा हुआ है, जिसे चोरी कर लिया जा रहा है। वार्ड वासियों ने सुरक्षा की दृष्टि से मीटर को घर के अंदर लगाने की मांग की है। उन्होंने इस मामले की शिकायत बोधघाट थाने में की है। मीटर को लेकर भी निगम प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। नहीं तो शहर के विभिन्न् मोहल्लों में लगाए मीटर के चोरी होने हो जाने की आशंका है। ऐसे लोगों को परेशानी होगी। वहीं, अमृत मिशन के तहत करीब 25 हजार से ज्यादा नए कनेक्शन लोगों को देने के लिए दो वर्ष पहले ही घरों में मीटर लगा दिया गया है। लेकिर पानी आज तक नही मिल सका। जबकि कायदे से अमृत मिशन का कनेक्शन देने के साथ ही मीटर लगाने का प्रविधान है। लेकिन इसके बावजूद इसके लिए अनुबंधित एजेंसी मीटर लगाने में लापरवाही बरत रही है और घर के बाहर ही मीटर लगा दी है, लेकिर हालात यह है की पानी तो मिला नही लेकिन पानी के लिए लगाए गए मीटर चोरी होने लगे है। क्यों थाने हुई शिकायत के अनुसार शहर के संतोषी वार्ड, नयामुंडा, कुम्हारपारा सहित एक दर्जन वार्डो से मीटर से तांबा चोरी की शिकायत पुलिस मे दर्ज कराई जा चुकी है।



# पेंटा में पंचमुखी हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा




**दंतेवाड़ा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के दूरस्थ ग्राम पेंटा पालनार में पंचमुखी हनुमान जी की आदमकद भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। धाकड़ समाज और स्थानीय ग्रामीणों ने जन सहयोग से इस प्रतिमा की स्थापना की है। हनुमान जयंती के मौके पर आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विधिवत अनुष्ठान किया गया। इस मौके पर राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, कुआकोंडा जनपद अध्यक्ष सुकालु मुड़ामी ने भी पहुंचकर पंचमुखी हनुमानजी के दर्शन किए। ग्राम पेंटा में स्थानीय ग्रामीणों ने 35 साल पहले रामलीला मंडली का गठन किया था, तब से यह मंडली अनवरत सक्रिय है। हर साल यहां विजयादशमी का पर्व भव्य रूप से मनाया जाता है, जिसमें दूर-दराज के गांवों से ग्रामीण पहुंचते हैं।

**राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी और जिपं अध्यक्ष नंदलाल ने की पूजा**

# पीएटी/पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षाओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 21 तक

**जगदलपुर**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र 2025 में पी.ए.टी./पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर, व्यापम द्वारा पी.ए.टी./पी.व्ही.पी.टी. परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन देने हेतु संभावित परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल https://vyapameg.cgstate.gov.in में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 21.04.2025 (सोमवार) सायं 5 बजे तक है तथा संभावित परीक्षा तिथि 15.05.2025 (गुरुवार) है। उपरोक्त प्रवेश परीक्षाओं हेतु छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा। विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

# पंचायत सचिव का भूख हड़ताल जारी

**चारामा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आहान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल आज प्रयंत तक निरंतर जारी है मांग पुरी नही होने पर सचिव 12 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गये है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ जनपद इकाई चारामा के सभी पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीय कारण को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, पंचायत सचिवों के द्वारा मोदी गारंटी पूरा नहीं करने के कारण 17 मार्च को विधानसभा का घेराव किया गया,18 मार्च से जनपद मुख्यालय मे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं,वहीं 31 मार्च तक मांग पूरी नहीं होने पर 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करने का एलान भी किया गया था वही अपनी मांग को लेकर धरने पर बैठे सचिव संघ को शिक्षक संघ,रोजगार सहायक संघ, भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ,तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ,सर्व आदिवासी संघ एवं विभिन्न संगठनो एवं विभागो द्वारा समर्थन किया जा रहा है वही मांग पूरी ना होते देख सचिव संघ के चार सदस्य 12 अप्रैल से प्रतिदिन क्रमिक भूख हड़ताल मे बैठ रहे है पंचायत सचिव संघ के संरक्षक श्री कल्ले सिंह शोरी,अध्यक्ष ओकेश्वर साहू, कोषाअध्यक्ष निखलेश यादव,सचिव सचिव पोया कैलाश उसेंडी,बालाराम साहू,तुलसी मानिकपुरी एवं सदस्यो ने बताया की छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी के तहत भाजपा सरकार के द्वारा अपने घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों को शासकीय कारण करने की बात कही गई थी, लेकिन चुनाव में जीत के एक वर्ष के बाद मोदी की गारंटी पूरी नहीं हो पाई है, पंचायत सचिवों का शासकीय कारण नहीं हो पाया है, पंचायत सचिवों के द्वारा बार-बार प्रदेश के मुखिया से लेकर जिला कलेक्टर तक अपनी मांगों का पत्र पहुंचाया गया है,लेकिन उनकी मांगों पर शासन की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे नाराज पंचायत सचिव अब आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं, और इसी क्रम में 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, अगर 20 अप्रेल तक पंचायत सचिवों की शासकीय कारण की मांग पूरी नहीं होती है, तो मोदी की गारंटी को याद दिलाने के लिए 21अप्रेल को राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर मे विशाल आंदोलन किया जायेगा जिसके लिए प्रत्येक ब्लाक से 11 सदस्य दिल्ली के जंतर-मंतर आदोलन मे सम्मलित होंगे वहीं पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायत के विभिन्न कार्य जिसमें वर्तमान में सबसे जरूरी काम जो की 31 मार्च तक पूर्ण किया जाना था वही प्रधानमंत्री आवास का सर्वे काम हैं, प्रधानमंत्री आवास का सर्वे कर गरीबी रेखा वाले हितग्राहियों को आवास प्रस्ताव 31 मार्च तक पूर्ण करके देना था, लेकिन पंचायत सचिवो के हड़ताल से पुरी व्यवस्था चरमरा गई है।





**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का भाजपाइयों ने किया हार्दिक स्वागत।

# रैली निकालकर जवानों ने अग्नि से बचाव के लिए लोगों को किया जागरुक

**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरसेना, आपदा मोचन बल तथा अग्नि शमन सेवा के अधिकारी कर्मचारी तथा जवानों की ओर से 14 अप्रैल 1944 को मुंबई विक्टोरिया में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मचारियो को श्रद्धांजलि दी। जगदलपुर शहर के लालबाग मैदान से कोतवाली चौक, मिताली चौक, संजय मार्केट शहीद पार्क, चांदनी चौक जमाल मिल एयरपोर्ट चौक तथा अंत में एन एम डी सी चौक में स्थित अग्निशमन कार्यालय तक लगभग ढाई किलोमीटर अग्नि से होने वाले दुर्घटनाओं से बचने के लिए नारों तथा रैली के माध्यम से आम नागरिकों को अग्नि से बचाव के बारे में और आग लगने पर तुरंत सही सूचना देने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, निबंध पंपलेट वितरण एवं मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने...

केसीसी कवरेज वर्तमान में 86 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और आगामी तीन वर्षों में 1.25 लाख नए केसीसी जारी करने का लक्ष्य है।

### ओबीसी क्रीमीलेयर के...

केटेगरी में डालकर जाति प्रमाण पत्र बना दिया जाता है, जिससे कि व्यक्ति और उनके परिवार को वांचित लाभ नहीं मिल पाता। इस दिशा में प्रदेश के जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले समस्त एसडीएम (राजस्व) तथा तहसीलदारों को स्पष्ट निर्देश जारी करने का निवेदन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव से किया गया।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय...

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पाण्डे, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी.,कलेक्टर हरिस एस.,एसपी शलभ कुमार सिन्हा और अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

# सारंगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हेतु आवेदन 22 तक

**बिलाईगढ़,** 15 अप्रैल (देशबंधु)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत नगरीय निकाय सारंगढ़ के वार्ड 10 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से एकीकृत बाल विकास परियोजना खेलभांठा सारंगढ़ में 22 अप्रैल 2025 तक आवेदन आमंत्रित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित वार्ड या नगरीय निकाय का निवासी होना चाहिए। नगरीय निकाय के मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर उसकी कॉपी या निवास प्रमाण पत्र में वार्ड के निवासी के लिए पार्षद या पटवारी का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज, 12वी, 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र में संलग्न किया जाना अनिवार्य है ।

# उभयलिंगी, दिव्यांग और सियान के लिए हेल्पलाइन 18002338989

**बिलाईगढ़** 15 अप्रैल (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सेवा जतन सरोकार के ध्येय वाक्य से उभयलिंगी, दिव्यांग और सियान की सेवा समाज कल्याण विभाग की ओर से निरंतर की जा रही है। इन जरूरतमंद नागरिकों के लिए डायल करव समाधान पावव के तहत, हेल्पलाइन सेंटर सातों दिन 24 घंटे संचालित किया जा रहा है, जिसका नंबर 18002338989 है। इस हेल्पलाइन नंबर पर डायल कर कोई भी जरूरतमंद समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं, नजदीकी वृद्ध आश्रम एवं समाज कल्याण विभाग की ओर से दी जाने वाली चिकित्सा सेवा, उपकरण वितरण आदि की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# सामाजिक न्याय और समानता के प्रणेता डॉ. अंबेडकर ने संघर्ष से अपने जीवन को आदर्शस्वरूप और महान बनाया : प्रो. श्रीवास्तव

**जगदलपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित विशेष व्याख्यान में कुलपति प्रो. एमके श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी को बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के समाज सुधारक, संविधान विशेषज्ञ के अद्वितीय उपलब्धि और योगदानों के साथ स्कॉलर के रूप में उनकी क्षमता और प्राप्ति को भी जानने का प्रयास करना चाहिए। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रणेता डॉ. अंबेडकर ने संघर्ष से अपने जीवन को आदर्शस्वरूप और महान बनाया। प्रमुख वक्ता एडवोकेट मनबोध बघेल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर पिता की तरह समाज और देश का पालन-पोषण किया और उसके लिए सही संविधान बनाया। साथ ही सही राह पर चलने को समझाने का प्रयास भी किया इसलिए वे बाबा कहलाए। वहीं बेहतर जीवन शैली और बड़े उद्देश्य के लिए जीने के कारण वे साहेब कहलाए। श्री बघेल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर चलती-फिरती लाईब्रेरी थे। उन्होंने करीब साठ देशों के संविधान का अध्ययन किया। उन्होंने बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय की बातें कीं तब जाकर उन्होंने संविधान रूपी व्यवस्थित नियमावली बनाई। आज देश में संविधान से बड़ा कुछ नहीं है। संविधान में सारी समस्याओं के समाधान के लिए जादुई बाते हैं। अपने उद्बोधन से पूर्व श्री बघेल ने संविधान की प्रस्तावना का समवेत पाठ कराया। अपने स्वागत उद्बोधन में आयोजन के संयोजक डॉ. सजीवन कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के संविधान के कारण हम सभी एक सूत्र में बंधे हैं। हम सभी को एक बार उनके विचार संदेश को जरूर पढ़ना चाहिए। संविधान के ज्ञान नहीं होने के कारण हम अक्सर गलतियां कर जाते हैं। डॉ. सुकृता तिर्की ने कहा कि डॉ. अंबेडकर महिला समाज के उद्धारक हैं। महिलाओं ने समाज में जो भी मुकाम हासिल किया है उसमें बाबा साहेब के संवैधानिक उपबंधों का योगदान है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. बीएल साहू ने कहा कि संविधान के जाने बिना हमारी शिक्षा अधूरी है। डॉ. सोहन कुमार मिश्रा ने आभार उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



# अवैध शराब परिवहन, 3 लाख की कार जप्त

## किरंदुल में पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**दंतेवाड़ा**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के किरन्दुल में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एक कार भी जप्त की गई।

एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी किरन्दुल संजय यादव के नेतृत्व में चटाईपारा किरन्दुल के राहुल सोनकर को गिरफ्तार किया गया। किरन्दुल-पालनार मेन रोड में एक कार को घेराबंदी कर पकड़ा गया और इसकी डिक्की से 9 हजार 6 सौ रूपए की अवैध शराब मिली। 3 लाख रूपए की कार और अवैध शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह एक अन्य मामले में मिश्रा कैंप चौक किरन्दुल के पास करीब ढाई हजार रूपए की अवैध शराब बिक्री करती एक महिला को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में किरन्दुल थाने के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया गया




**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोंडागांव में 14 अप्रैल को जिला स्तरीय बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती एवं अनुसूचित जाति वर्ग के अंतर्गत समस्त जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्प संख्यक समाज के तत्वाधान में 14 अप्रैल 2025 को जिला सत्र न्यायालय के सामने डॉ.भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल कोंडागांव में भारत के संविधान के शिल्पकार करोड़ों बहुजनों के मसीहा बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई। साथ में कोंडागांव जिला के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत, नगर पालिका, जनपद, जिला पंचायत से अनुसूचित जाति वर्ग के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरपति पटेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, विशिष्ट अतिथि जसकेतु उसेडी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, विशिष्ट अतिथि रामदई प्रेम सिंह नाग, कार्यक्रम अध्यक्ष धंसराज टंडन जिला अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के द्वारा किया गया। 14 अप्रैल जयंती एवं सम्मान समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कोर्राम जनपद सदस्य, लीलावती नाग जनपद सदस्य, लखमूराम टंडन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपा, शंकर नेताम, जिला अध्यक्ष जनता कांग्रेस, बंगाराम सोढी जिला अध्यक्ष आदिवासी समाज, एम.डी.बघेल संरक्षक अनुसूचित जाति वर्ग, राजेश सोना संरक्षक सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, नीलकंठ शार्दुल जिला अध्यक्ष डडसेना कलार समाज, शीतल कोराम अध्यक्ष अजाक्स, आर.के.जैन जिला अध्यक्ष दिगंबर जैन समाज, आर.के.बंजारे संरक्षक सतनामी समाज, मोहम्मद यासीन पूर्व जिला अध्यक्ष मुस्लिम समाज, सी.एल.मेश्राम अध्यक्ष बौद्ध समाज, करण कोर्राम जिला अध्यक्ष अंदकुरी गांडा समाज, तरुण नाग जिला अध्यक्ष उत्कल घासी समाज, प्रेमसिंह नाग जिला अध्यक्ष गांडा समाज, डॉ.शिल्पा देवांगन देवांगन समाज, जगत नाग संभागीय उपाध्यक्ष चंडार समाज, सानू मारकंडे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, चमन वर्मा जिला उपाध्यक्ष कुर्मी समाज, वीरेंद्र बघेल युवा जिला अध्यक्ष अंदकुरी गांडा समाज, मनहर सिंह कोर्राम जिला अध्यक्ष कोयवंशी गोंडवाना समाज, ए.के.नेताम अध्यक्ष मसीह समाज, पुरुषोत्तम कुलदीप जनपद सदस्य फरसगांव, उमेश सोना घासी घसिया समाज, पंचू सागर गढ़वा समाज, डॉ.किरण नरूटी प्रोफेसर, पी.एल.उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति, श्रीमती सुनीता जांगड़े सामाजिक नेत्री की उपस्थिति में 14 अप्रैल को विश्व रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर को सभी जनप्रतिनिधि व राजनीतिज्ञ एवं सभी समुदाय के समाज प्रमुख अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक बुद्धिजीवियों के द्वारा बाबा साहब को याद करते हुए सभी अतिथियों के द्वारा बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर पूरे मानव समाज के लिए काम किया है। बाबा साहब अंबेडकर बचपन से ही संघर्षमय जीवन रहा है, इसलिए बाबा साहब ने अपने लोगों को शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा दिया। साथ ही समानता, स्वतंत्रता और बंधुता जैसे सिद्धांतों को लागू कर हमें मौलिक अधिकार प्रदान किया है। इस कार्यक्रम में जागरुक युवा वर्ग एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत महाजन ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश कोर्राम ने दी।

# स्वावलंबी और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने में स्काउटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका : तोखन साहू

## राष्ट्रीय स्तर पर छग की स्काउटिंग को बढ़ावा मिला : डॉ. सोमनाथ यादव

**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को सुयोग्य नागरिक बनाने के साथ उन्हें आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, स्वालंबन और देश समाज सेवा के साथ स्काउटिंग अनुशासन से अपना कर्तव्य करना भी सीखना है। उक्त उदगार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हिमालय वुड बैज एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त की। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य मुख्य आयोग डॉ.सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम और शिविरों के माध्यम से गतिशील है। चाहे वह प्रशिक्षण शिविर हो, हाइक हो, एडवेंचर कैंप हो या राज्यपाल अवार्ड हो।



जिला स्तर से राज्य स्तर तक और राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिला है और बच्चे बढ़-चढ़कर सहभागी होकर अवार्ड प्राप्त कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि इस शिविर में ऑनलाइन पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति के तहत विषय, राज्यपाल पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर-गाइडर विकासात्मक जानकारी आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी जिला स्तर पर समस्याओं को राज्य कार्यकारिणी में रखना आदि विषय पर चर्चा हुई।

छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिलों के 200 प्रमुख डिग्रीधारी हिमालय वुड बैज स्काउटर, गाइडर एवं प्रशिक्षक बिलासपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेंद्र मिश्रा और राज्य संगठन आयुक्त विजय यादव ने किया वहीं राज्य सचिव कैलाश सोनी ने आभार व्यक्त किया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोंडागांव से जिला मीडिया प्रभारी पवन कुमार साहू ने उक्त जानकारी प्रदान की।

# सभी ग्राम पंचायतों में अंबेडकर जयंती पर विशेष ग्राम सभा आयोजित



**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। शासन के निर्देश पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अंबेडकर जयंती पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। इसी क्रम में ग्राम पंचायत शामपुर में भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक विशेष ग्राम सभा का सोमवार को आयोजन किया गया। मां सरस्वती एवं डॉ.अंबेडकर की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस विशेष ग्राम सभा में विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और उनके लाभ व प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सरपंच देवेंद्र कुमार, जनपद सदस्य अंगद राम पटेल, प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास, नोडल अधिकारी आलोक यादव सहित कई अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शांति फाउंडेशन का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा शांति फाउण्डेशन कोण्डागांव का निरीक्षण किए जाने के सम्बन्ध में दी गई जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव तथा सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता के द्वारा शांति फाउण्डेशन कोण्डागांव का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्था द्वारा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के हित में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करना था। सचिव ने संस्था के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शांति फाउण्डेशन जैसे संगठन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है।इस दौरान मानसिक व्यक्तियों के खान पान पर विशेष ध्यान रखने हेतु रसोई कक्ष का निरीक्षण करने के साथ ही उनका स्वास्थ्य का जायजा लिया गया तथा संस्था में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को संस्था में रह रहे मानसिक व्यक्तियों का स्वास्थ्य से संबंधित दवाई की उचित व्यवस्था करने और उचित देखरेख करने हेतु निर्देशित भी किया गया। इस अवसर पर पारेश्वर देवांगन अधिकार मित्र सहित संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट से निपटने पीएचई मुस्तैद



- चारों ब्लाक में हैण्डपंप मरम्मत दल तैनात
- मोफलनार, टेकनार, सुरनार, मुलेर में हैंडपंप संधारण

**दंतेवाड़ा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी के तेवर तेज होने के साथ ही जल समस्या इन दिनों विकराल रूप धारण करने लगी है। गर्मी के कारण जल स्तर लगातार घटता जा रहा है।

गर्मियों में पेयजल संकट की समस्या के निदान के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। बढ़ती गर्मी के बीच जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्राम पंचायतों में हैंडपंप मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके लिए प्रत्येक विकासखंड में हैंडपंप मरम्मत दल नियुक्त किया गया है, जो शिकायत प्राप्त होने पर मरम्मत करने मौके पर पहुंचेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा गर्मी में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। मरम्मत दल प्रत्येक विकासखंड के हरेक पंचायत और गांव में जाकर खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत करने के साथ-साथ लोगों को जल जागरूकता के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। इस क्रम में ग्राम मोफलनार, टेकनार, सुरनार, मुलेर, में मरम्मत दल द्वारा हैंडपंप संधारण किया गया।

# कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में की शासकीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव कुणाल दुदावत ने 15 अप्रैल को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी आवेदनों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि पोर्टल पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।



**सुशासन तिहार के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान भारत योजना और प्रधान मंत्री वय वंदना योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रगति लाने सीएमएचओ को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप समस्त राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जनधन योजना तथा उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'मोर दुआर साय सरकार' अभियान आज से शुरू हो रहा है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। शासन द्वारा सभी को आवास मिले, इसके लिए 'आवास प्लस' सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया गया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को आवास प्लस सर्वे का कार्य को अच्छे से करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को जिले के समस्त आंगन बाड़ियों और स्कूलों में शौचालय तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जल संचयन के लिए जिले में व्यापक अभियान चलाया जाना है। इसके तहत जिले के नागरिकों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने, ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर की जानकारी देने और वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जल संसाधन विभाग को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण हेतु कृषकों को किया गया रवाना




**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के घटक राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत कृषकों का शैक्षणिक भ्रमण क्रियान्वयन हेतु कोण्डागांव जिले के 50 किसानों का चयन कर इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ ऑयल पॉम रिसर्च पेदावेगी आंध्र प्रदेश कृषकों को त्रिदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिले के ऑयल पॉम रोपित बाहूल्य क्षेत्र विकास खण्ड कोण्डागांव, फरसगांव एवं केशकाल के कृषकों को भेजा गया है।

जिला कोण्डागांव में ऑयल पॉम योजना अन्तर्गत अब तक 387 हेक्टेयर में ऑयल पॉम पौधरोपण किया जा चुका है, जिसमें वर्ष 2021-22 में रोपित पौधों पर फल फूल आना प्रारम्भ हो चुका है। ऑयल पॉम के विपणन की अनुबंधित व्यवस्था है। कृषकों को उद्यानिकी फसल विशेषकर ऑयल पॉम खेती के प्रति विशेष जागरूकता हेतु ऑयल पॉम योजना से लाभांवित एवं ऑयल पॉम पौध रोपित करने वाले इच्छूक कृषकों को शैक्षणिक भ्रमण में सम्मिलित किया गया है। भ्रमण रवानगी के समय उद्यान विभाग से व्ही.के.गौतम सहायक संचालक उद्यान कोण्डागांव, मो.नवाज ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी फरसगांव व नोडल अधिकारी कृषक भ्रमण एवं हिमाचल नेताम ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी कोण्डागांव उपस्थित रहे।

# चारो ब्लाक में होगी कल प्रवेश परीक्षा

**दंतेवाड़ा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र नन्हे परिंदे का संचालन किया जा रहा है, जहां पर कक्षा 4 थीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन कर कक्षा 5वीं के अध्ययन के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, जवाहर उत्कर्ष एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। प्रत्येक वर्ष की भांति नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 150 सीटों में प्रवेश हेतु परीक्षा 17 अप्रैल को समय प्रातः 10 बजे से 12.30 बजे तक विकासखण्ड दंतेवाड़ा में स्वामी आत्मानंद इग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा, विकासखण्ड गीदम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर, विकासखंड कुआकोंडा में पोटाकेबिन हाई स्कूल कुआकोंडा-2, विकासखंड कटेकल्याण में कन्या पोटा केबिन हाई स्कूल मोखपाल एवं बालक पोटा केबिन बेंगलूर में आयोजित की गई है।

# डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई बाबा साहेब सेवा संस्था ने



**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। महामानव डॉ.अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को पूरे देश में उत्साहपुर्वक मनाया गया। इसी क्रम में बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव के कार्यालय में महामानव डॉ.भीमराव आंबेडकर जी की 134 वीं जयन्ती उनके छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब सेवा संस्था ने डॉ.भीमराव आंबेडकर द्वारा बहुजनों हेतु किए गए सद्कार्यों को याद किया गया। बाबा साहेब जिन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार और सामाजिक समानता के प्रणेता के रूप में जाना जाता है, उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, तथ्य शील चौरे, तिष्या ताई चौरे, भुवन लाल मार्कंडेय, कुसो कुरै, संदीप वासनीकर व संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय पुस्तक आपदा प्रबंधन एवं बचाव का भव्य विमोचन समारोह

**कोण्डागांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय पुस्तक 'आपदा प्रबंधन एवं बचाव' का भव्य विमोचन समारोह सम्पन्न हुआ जहां केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा शिक्षिका मधु तिवारी को आपदा प्रबंधन व बचाव लेखन हेतु सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 'आपदा प्रबंधन एवं बचाव' नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन 13 अप्रैल 2025 को न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस पुस्तक की सम्पादक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के.शारदा हैं, जिन्होंने राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षक-षिक्षिकाओं की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया। पुस्तक में प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से संबंधित जानकारी, सुरक्षा उपाय और आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले व्यवहारिक कदमों को सरल भाषा में समझाया गया है। पुस्तक में कोंडागांव जिले के प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका मधु तिवारी के लेख बाढ़ आपदा एवं उसके बचाव को भी स्थान मिला है। पुस्तक में शामिल सभी लेखकों का आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं। यह वीडियो न केवल पाठ्य वस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं, बल्कि उनमें एनिमेशन, रीयल-लाइफ उदाहरण और मॉकड्रिल भी शामिल है, जो बच्चों की समझ को और गहरा बनाते हैं। इसके अतिरिक्त यह पुस्तक दृष्टि बाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें। यह संसाधन सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग (विशेष रूप से दृष्टि बाधित) विद्य सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा, जो देश-प्रदेश के शैक्षिक एवं आपदा प्रबंधन क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर संकेत करता है। पुस्तक के सह संपादक धर्मानंद गोजे है और पुस्तक प्रभारी श्रीमती प्रीति शांडिल्य हैं, जिनके सहयोग से यह पुस्तक समय पर संपन्न हुई। इस पुस्तक के लेखन में मुख्य रूप से सुश्री के शारदा धर्मानंद गोजे, प्रीति शांडिल्य, कृष्णपाल राणा, संतोष कुमार पटेल, पुष्पेंद्र कुमार कश्यप आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।




**आपदा प्रबंधन व बचाव लेखन हेतु मधु तिवारी सम्मानित हुई, केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से**

# सवारी ढो रहे 4 पिकअप पर 16 हजार जुर्माना

## यातायात पुलिस की लगातार कार्रवाई



**दंतेवाड़ा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। पिकअप में सवारी ढोने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी है। आज भी 4 पिकअप वाहनों पर कार्रवाई हुई और साढ़े 16 हजार का जुर्माना वसूला गया। माल वाहकों पर सवारी बिठाने से लगातार हादसे हो रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह के प्रवास के दौरान ग्रामीणों को लेकर सभा में आ रही एक पिकअप पलट गई थी, जिसमें करीब 42 ग्रामीण घायल हो गए थे। इसी तरह अरनपुर इलाके में भी इसी तरह का एक हादसा हुआ, जिसमें दो ग्रामीणों की मौत हुई थी। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। पिकअप को रोक कर चालान काटा जा रहा है तथा लोगों को समझाईश दी जा रही है कि इस तरह माल वाहकों पर सवारी करना खतरे से खाली नही है। आज यातायात पुलिस ने बाईपास चितालंका के पास 4 पिकअप वाहनों पर कार्रवाई की और 16 हजार 500 रूपए का जुर्माना वसूला गया। यह पूरी कार्रवाई एसपी गौरव राय के निर्देशन पर डीएसपी यातायात नसरउल्लाह सिद्दीकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद साहू के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई के दौरान प्रधान आरक्षक संपत लाल कोसमा, विरेन्द्र एक्का, आरक्षक वेदप्रकाश राजपूत, ओमप्रकाश वट्टी, विरेन्द्र वर्मा और यातायात दंतेवाड़ा का स्टाफ मौजूद रहा।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

टीचर- एक औरत एक घंटे मे 50 रोटी बना लेती है, तो तीन औरतें 1 घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी ?

बच्चा- एक भी नहीं, क्योंकि तीनों मिलकर सिर्फ चुगली करेंगी।

## संपादकीय

### वाहनों का हो समुचित रख-रखाव

*देश में जैसे-जैसे वाहनों की संख्या में इज़ाफ़ा हो रहा है, सड़क दुर्घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही हैं। कोई भी दिन ऐसा नहीं जाता जब वाहन सम्बन्धी दुर्घटनाओं की खबरें सुनने-पढ़ने को न मिलती हों। शहरों, कस्बों या गांवों से लेकर बाहरी रास्तों और महामार्गों पर वाहनों के पलटने या आपस में टकराने के मामले होते रहते हैं। भारत विश्व के सर्वाधिक सड़क हादसों वाले देशों में से एक है। लगभग हर मिनट देश के किसी न किसी स्थान पर वाहन दुर्घटना होती है। हर वर्ष इनमें हजारों लोगों की मौत होती है और लाखों लोग घायल होते हैं। मामूली रूप से घायलों की गिनती करना ही मुश्किल है। बड़े पैमाने पर लोग स्थायी विकलांगता का शिकार हो जाते हैं। कई रोजगार खो देते हैं तो कई जीवन भर के लिये इलाज पर आश्रित हो जाते हैं।*

*यदि कारणों की बात करें तो ज्यादातर दुर्घटनाएं मानवीय भूलों के चलते होती हैं। लापरवाही से वाहन चलाने से सबसे अधिक हादसे होते हैं। बाईं ओर न चलना, अनावश्यक ओवरटेक करना, तेज गति से चालन, वाहन के फिसलने, खम्भों, पुल-पुलिया अथवा डिवाइडरों से टकराने जैसे कई कारण हैं जिनके चलते चालकों को जान-माल का नुकसान होता है। वाहन तो क्षतिग्रस्त होते ही हैं, उन्हें भी चोटें पहुंचती हैं- मामूली से गम्भीर या सीधे मौत। इसमें गलती किसी की भी हो सकती है। पैदल चलने वाले भी नुकसान उठाते हैं जिनका कोई दोष नहीं होता। बहुत से चालक अपने वाहन नियमानुसार चलाते हैं परन्तु दूसरे वाहन चालक की गलती का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है।*

*दूसरा प्रमुख कारण है वाहनों का उचित रख-रखाव न करना। इसके कारण चलते हुए गाड़ियों में खराबी आ जाती है। तेज गति वाहनों का चका फटने के कारण छत्तीसगढ़ में कई हादसे हो चुके हैं। अभी पिछले महीने ही बेमेतरा के पास सैगोन गांव में एक तेज रफ्तार कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इस हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और 5 गम्भीर रूप से घायल हो गये। मार्च में ही भानुप्रतापपुर के पास अंतागढ़ मार्ग पर खंडी नदी में एक वाहन जा गिरा। ड्राइवर तथा उसके साथी को बचा लिया गया। टायर फटने से ही पिछले वर्ष 6 दिसम्बर को एक एसयूवी सूरजपुर के पास पलट गयी। इसमें भी 3 लोग मारे गये थे व 2 गम्भीर ज़ख़्मी हुए थे। रविवार को सक्ती जिले में मुकुंदपुर के पास एक पिकअप का स्टीयरिंग फेल हो गया। इसमें 25 ग्रामीण सवार थे जो एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कुछ नहर में बह गये।*

*वाहनों का नियमित रख-रखाव बेहद ज़रूरी है। निर्धारित समय पर गाड़ियों का मेंटेनेंस कराना चाहिये। कुशल मिस्त्री व गुणवत्तायुक्त सामान वाहन को दुरुस्त स्थिति में रखते हैं।*

# रायपुर-बिलासपुर में कलेक्टर दर में होगी 100 फीसदी की बढ़ोतरी

## प्लाट, मकान, दुकान खरीदना हो जाएगा महंगा

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नया वित्तीय वर्ष शुरू हो गया है, लेकिन जमीन खरीदने के लिए नया कलेक्टर दर अभी लागू नहीं किया गया है। जिलों से कलेक्टर गाइडलाइन तय करने के रिपोर्ट मंगाई गई है। इसमें रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर समेत कई जिलों में 100फीसदी तक रेट बढ़ाने की बात सामने आ रही है। इसके लागू होने पर आम आदमी के लिए प्लाट के साथ मकान-दुकान खरीदना महंगा हो जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, जिलों से आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2018-19 से जमीन की सरकारी कीमत नहीं बढ़ी है। इसमें 5 साल में रेट 30फीसदी तक कम भी रहे। इस वजह से सरकारी रेट और बाजार भाव में बड़ा अंतर आ गया है। हर शहर में जमीन की कीमत बेतहाशा बढ़ गई। लेकिन शासकीय दस्तावेजों में कीमत अब तक कम है। इस अंतर को खत्म करने के लिए ही नई गाइडलाइन जारी करने की तैयारी है।



सालों से सरकारी कीमत नहीं बढ़ने की वजह से इस बार गाइडलाइन तय करने के लिए खासी मशक्कत की जा रही है। जिलों से प्राप्त रिपोर्ट को मूल्यांकन समिति परखेगी और अपनी सिफारिशें देगी। यही वजह है कि 2025- 26 के लिए नई गाइडलाइन इस बार 1 अप्रैल के बजाय थोड़ी देरी से जारी होगी।

**रायपुर के आउटर में बढ़ सकते हैं रेट**

कलेक्टर गाइडलाइन में रायपुर में बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा असर आउटर एरिया में देखने को मिल सकता है। इसके बाद सेजबहार, सड्डू, कचना, संतोषीनगर, पचपेड़ीनाका, रिंग रोड, मठपुरैना, भाठागांव, कुम्हारपारा, शीतलापारा, ट्रांसपोर्ट नगर, सरोना, बीरगांव, चंदनीडीह, तरुण नगर, बोरियाकला, बोरियाखुर्द समेत कई इलाकों में भी जमीन मकान खरीदना महंगा हो जाएगा।

**रजिस्ट्री खर्च में भी होगी बढ़ोतरी**

कलेक्टर दर में बढ़ोतरी का सीधा असर रजिस्ट्री पर पड़ेगा। किसी भी जमीन की रजिस्ट्री पर स्टांप ड्यूटी 5.5 फीसदी अदा करनी पड़ती है। महिलाओं को इसमें आधा फीसदी की छूट है। रजिस्ट्री के दौरान एक प्रतिशत पंचायत उपकर और एक प्रतिशत निगम ड्यूटी भी अदा करनी होती है। माना जाता है कि जमीन की खरीदी पर खरीदने वाले को -स्टॉप, रजिस्ट्री शुल्क और उपकर पर लगभग 10 फीसदी खर्च करना पड़ता है। इस हिसाब से जमीन की दर बढ़ने के इन पर खर्च बढ़ेगा।

**अपना रहे मध्यप्रदेश और तेलंगाना का मॉडल**

पंजीयन विभाग की टीम ने हाल ही में मध्यप्रदेश और तेलंगाना के रजिस्ट्री मॉडल का अध्ययन किया है। मध्यप्रदेश में भी बाजार और सरकारी भाव में अंतर आने की वजह से 150 फीसदी तक रेट बढ़ाए गए हैं। तेलंगाना के हर जिले में कलेक्टर गाइडलाइन औसतन 50 फीसदी तक बढ़ाई गई है। जमीन की सरकारी कीमत बढ़ने के बाद भी रियल एस्टेट के कारोबार में उछाल आया। इस रिपोर्ट के आधार पर भी अफसरों ने जमीन की कीमत बढ़ाने की अनुशंसा की है।

## मासूम से दुष्कर्म मामला कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना ने पूरे शहर को दहला दिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने घटना को गंभीरता से लेते हुए 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा को जांच समिति का संयोजक बनाया गया है। जांच समिति में छाया वर्मा संयोजक- पूर्व राज्यसभा सांसद, अनिता शर्मा धरसींवा- पूर्व विधायक, दीप्ति दुबे पूर्व महापौर प्रत्याशी, रायपुर, संगीता बहन सचिव, प्रदेश कांग्रेस, वंदना राजपूत प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस, प्रगति बाजपेयी महामंत्री प्रदेश महिला कांग्रेस, ममता राय अध्यक्ष, शहर महिला कांग्रेस शामिल है।

## पीओ भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा
# पोस्टिंग के दौरान अंग्रेजी नहीं बोल पाए ऑफिसर

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। इस मामले में मुंबई में एफआईआर दर्ज की गई है। पीओ ऑफिसर को पोस्टिंग के दौरान अंग्रेजी नहीं आने आई जिसके कारण शक हुआ। फिर पूरे फर्जीवाड़ा का खुलासा हो गया। मुम्बई पुलिस ने कार्रवाई के लिए केस डायरी रायपुर भेजी है। रायपुर की डीडी नगर थाना पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

रायपुर में पीओ भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा हुआ, इसे लेकर मुम्बई के बांद्रा में एफआईआर दर्ज हुई है। बता दें कि नौकरी पाने वाले पीओ ऑफिसर को पोस्टिंग के दौरान अंग्रेजी नहीं आने के कारण शक हुआ, जिससे इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। आरोप है कि फर्जी उम्मीदवार के जरिए नौकरी हासिल की गई। मुंबई पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

ईसीजीसी कंपनी के अधिकारी ने की शिकायत-ईसीजीसी कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक लक्ष्मण गुलाबराय रोहिरा की शिकायत पर एफआईआर (रायपुर पीओ परीक्षा फ्राड) दर्ज की गई है। शिकायत में धारा 120 (बी), 419 और 420 के तहत केस दर्ज किया गया है और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान के भरतपुर निवासी विनीत कुमार रामदयाल मीना और उसके सहयोगी ने 21 मार्च 2022 से 22 मार्च 2023 के बीच मिलकर फर्जीवाड़ा किया। एक डुप्लीकेट कैंडिडेट को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में बैठा दिया। इसके बाद विनीत को नौकरी दिला दी गई।




**भर्ती फर्जीवाड़ा का ऐसे हुआ खुलासा-** 2022 में केंद्रीय स्तर पर प्रोबेशनरी ऑफिसर पदों के लिए भर्ती परीक्षा हुई थी। रायपुर के आयोन डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र में फर्जीवाड़ा करके ये नियुक्ति की गई थी। इसमें फर्जी उम्मीदवार को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल करवा कर हासिल नौकरी हासिल कराई गई थी। नियुक्ति प्रोबेशनरी ऑफिसर भरतपुर राजस्थान निवासी विनीत कुमार रामदयाल मीना और उसके सहयोगी पर आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप है।

डिग्री पर भी रायपुर पुलिस को शक- डीडी नगर थाना (रायपुर पीओ परीक्षा फ्राड) प्रभारी के द्वारा जानकारी दी गई कि इस मामले में दर्ज की गई अंग्रेजी की डिग्री भी संदेह के घेरे में है।

यह पूरा मामला मुन्ना भाई स्टाइल में परीक्षा दिलाने जैसा लग रहा है। इस मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि डीडी नगर पुलिस ने मामले से जुड़े दस्तावेजों को जब्त कर लिया है और फर्जी डिग्री, परीक्षा सेंटर के सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा।

## डॉ. मनीष मंडल बने स्पंज आयरन एसोसिएशन के अध्यक्ष, निशांत खेतान महासचिव

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत से एक बड़ी खबर सामने आई है। रायपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति और समाजसेवी डॉ. मनीष कुमार मंडल को छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, युवा उद्योगपति निशांत खेतान को एसोसिएशन का महासचिव नियुक्त किया गया है। नए अध्यक्ष और महासचिव की ताजपोशी के बाद उद्योग जगत में उत्साह की लहर है।



कई वरिष्ठ उद्योगपतियों और व्यापारिक संगठनों ने दोनों को बधाइयाँ और शुभकामनाएं दी हैं। सभी को पूरी उम्मीद है कि निश्चित तौर पर इनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के स्पंज और स्टील सेक्टर को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। एसोसिएशन में यह बदलाव उस वक्त हुआ है जब उद्योग कई चुनौतियों से जूझ रहा है, कच्चे माल की कीमतें, पर्यावरण मानक, और तकनीकी आधुनिकीकरण जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। ऐसे में डॉ. मंडल और निशांत खेतान की जोड़ी से बड़े फैसलों और ठोस पहल की उम्मीद की जा रही है।

## प्रदेश में बारिश का अलर्ट

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के लिए तत्कालिक अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश होगी। मौसम वैज्ञानिक गायत्री वाणी कंचिभोटला ने जानकारी दी है कि राज्य के 15 जिलों के लिए येलो अलर्ट और कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोतरी की भी संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले तीन घंटे के भीतर राज्य के कबीरधाम, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली और रायपुर जिलों में हल्की गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही सतही हवा चलने और कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी संभावना है।

यह तात्कालिक मौसम चेतावनी मौसम विभाग द्वारा रडार और उपग्रह से प्राप्त ताजातरीन आंकड़ों के आधार पर जारी की गई है। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे आवश्यक सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थानों पर रहें, खासकर खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें।

मौसम वैज्ञानिक गायत्री वाणी कंचिभोटला के अनुसार, यह परिवर्तन पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमीय प्रभावों के कारण हो रहा है। राजधानी रायपुर की बात करें तो आज का दिन आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा। कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। गायत्री वाणी कंचिभोटला ने यह भी बताया कि आज प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश रिकॉर्ड की गई है और देर रात तक कुछ जिलों में फिर से मौसम बदल सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य के 15 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि कुछ संवेदनशील जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जल्द जारी किया जाएगा।






# बस्तर दशहरा को मिले अंतरराष्ट्रीय पहचान

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने बस्तर दशहरा, जो 75 दिनों तक चलता है, को देशभर में और विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने पर बल दिया। उनका कहना था कि इस प्रसिद्ध सांस्कृतिक उत्सव को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए और आने वाले दशहरे की तैयारी इस दृष्टिकोण से की जाए।

श्री साय ने आगामी पर्यटन सीजन के बीच आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी योजनाओं की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए। निजी क्षेत्र को पर्यटन में भागीदार बनाना जरूरी है। उन्होंने पर्यटन सर्किट विकसित करने की बात कही ताकि पर्यटकों को एक बेहतर यात्रा अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, गाइड प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से होमस्टे के प्रचार-प्रसार के लिए नए कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटक होमस्टे में रुचि रखते हैं और यह आदिवासी समाज के लिए आय का महत्वपूर्ण स्रोत बन सकता है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज के सदस्यों को पर्यटन से होने वाले लाभों पर भी चर्चा की और कहा कि यह क्षेत्र विकास के नए अवसरों से लाभान्वित होगा। श्री साय ने कहा कि चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और प्राचीन गुफाओं जैसे आकर्षणों के लिए प्रसिद्ध यह क्षेत्र अद्भुत परिदृश्य और समृद्ध जैव विविधता प्रदान करता है।

पर्यटकों की सुविधा के लिए केशलूर के आगे की सड़कों के सुधार की आवश्यकता चिन्हित की गई है। बस्तर को हैदराबाद, रायपुर, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और अरकू जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ने वाली ट्रेन सेवाओं




## अभी से तैयारी करने मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

के सुधार पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रमुख पर्यटक स्थलों पर इंटरनेट कनेक्टिविटी और बिजली की आपूर्ति जैसी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। चित्रकोट में पैराग्लाइडिंग, रैपेलिंग और ज़िपलाइनिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा ताकि रोमांच प्रेमियों को आकर्षित किया जा सके।

नई छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2025, जो शीघ्र प्रकाशित की जाएगी, के माध्यम से छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड का उद्देश्य राज्य को वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य का गढ़ के रूप में स्थापित करना है।

पर्यटन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभाग मौजूदा पर्यटन संपत्तियों को निजी होटल व्यवसायियों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत लीज पर देने की योजना बनाएगा। पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु विभाग टैक्सी दरों को नियमित करेगा और एक समान दरें निर्धारित की जाएंगी। यह पहल सुनिश्चित करेगी कि सभी टैक्सी सेवाएँ पारदर्शी और निष्पक्ष मूल्य निर्धारण के आधार पर संचालित हों।

भविष्य की योजना के तहत कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, स्थानीय प्रवास पथों और दैनिक एवं मौसमी गतिविधि पैटर्न का सटीक आकलन करने के लिए पहाड़ी मैना पक्षी की सैटेलाइट टेलीमेट्री टैगिंग की जाएगी। पर्यटकों और स्थानीय समुदायों के लिए बफर जोन और आसपास के गांवों में मानसून पैकेज टूर विकसित किए जाएंगे। मांझीपाल, नागलसर, नेतानार, तीरथगढ़, कामानार में नए आदिवासी होमस्टे परियोजनाओं का क्रियान्वयन चक्रीय निधि से प्रस्तावित है। निजी टूर संगठनों, होटल व्यवसायियों और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग कर कम प्रभाव वाले सतत पर्यटन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# जुर्माने की धमकी बंद कर नए हाईटेक नंबर प्लेट लगवाने वार्ड में शिविर लगाए सरकार

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। हाईटेक सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर सख्ती किए जाने की धमकी पर कड़ा एतराज करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार पहले अपनी व्यवस्था दुरुस्त करें, पोर्टल में आ रही दिक्कतें दूर करे, पुरानी गाड़ियों के परिवहन रिकॉर्ड में मोबाईल नंबर अपडेट करने की जटिल प्रक्रिया को ठीक करे।ऑनलाइन के साथ ऑफ लाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू करे उसके बाद जनता पर अनिवार्यता थोपे। जनता ने सरकार चलाने का अधिकार दिया है, डरा धमका कर अत्याचार करने के लिए नहीं। खामी सरकारी प्रक्रिया में है, समय रहते सरकार त्रुटि सुधार नहीं पायी, लोग परेशान हो रहे हैं ऐसे में 10 हजार तक जुर्माना सर्वथा अनुचित है।



## पुरानी गाड़ियों के पंजीयन रिकॉर्ड में मोबाईल नंबर संशोधन के लिए दर दर भटकने मजबूर

श्री वर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकारों का फोकस न तो आम जनता की सुविधा में है और ना ही सुरक्षा में, एचएसआरपी नंबर प्लेट के नाम पर अवैध वसूली का कुत्सित प्रयास बंद करके इस सरकार को नए हाईटेक नंबर प्लेट लगवाने वार्ड स्तर पर शिविर लगाना चाहिए। जब मंत्रालय के सरकारी कर्मचारियों के लिए नई राजधानी में शिविर आयोजित हो सकता है, तो पूरे प्रदेश में वार्ड स्तर पर यही व्यवस्था क्यों नहीं किए जा रहे हैं? भाजपा की सरकार क्या केवल आम जनता को तंगाने के लिए ही है?

उन्होंने कहा है कि अप्रैल 2019 से पहले के वाहनों में नंबर प्लेट बदलने की प्रक्रिया में आने वाले खर्च की पूरी राशि वाहन मालिक से ही वसूला जा रहा है। दुपहिया वाहनों के नए नंबर प्लेट के लिए 483 रुपए शुल्क और कार के लिए 656 रुपए वाहन मालिकों से वसूल रहे हैं। सरकार कोई एहसान नहीं कर रही उसके बावजूद व्यवस्थित सिस्टम नहीं बना पाना सरकार की नाकामी है। आम जनता को सुविधा देने के बजाय भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने 500 से 10 हजार रुपए तक जुर्माने का डर दिखा रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रक्रियागत त्रुटियों को दूर कर समय सीमा कम से कम 15 जून तक बढ़ाए।

## जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है,न कि धन-वैभव और जीवकोपार्जन में लगे रहना : आचार्य झम्मन शास्त्री



**रायपुर**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। ज्ञान यज्ञ का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है ।भगवान को पाने की इच्छा हो तो परीक्षित और शुकदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा अकाल मृत्यु से बचाने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें . प्रभु के लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है और ना किसी की मृत्यु हो सकती है सभी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान रहती है आकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है इसलिए 24 घंटे में कम से कम सवा घंटा प्रभु की स्तुति भजन कीर्तन के लिए देना चाहिए। जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है न कि केवल धन वैभव और जीवकोपार्जन में लगे रहना। राजधानी रायपुर के अग्रोहा कालोनी रायपुर में श्रीमद्भागवत के प्रथम दिवस कथा के दौरान आचार्य झम्मन शास्त्री ने उक्त बातें श्रद्धालुओं के सम्मुख कही। आचार्य श्री ने कहा कि पार्टी और सरकार परोपकार के लिए है न की स्वहित के लिए, देश में लोग गौ माता के चारागाह पर भी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। माता को संरक्षित करने के लिए कोई तैयारी किसी सरकार की नहीं दिखती तो शुद्ध दूध घी दही और मक्खन कहां से मिलेगा।

## मोर मुखिया महोत्सव का ऐतिहासिक आयोजन

**रायपुर,** 15 अप्रैल। मीरा के श्याम पर्यावरण महिला एवं बाल विकास संस्था द्वारा पहली बार मोर मुखिया महोत्सव 2025 का आयोजन बेहद भव्य रूप से किया गया। संस्था की अध्यक्ष मिस वेणु वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया और उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया गया।




### दुर्ग जिले के सभी सरपंचों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में चार विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनके माध्यम से ग्राम पंचायतों के कार्यों को प्रोत्साहित किया गया-

वृक्षारोपण अवॉर्ड - जो गांव सबसे अधिक पेड़ लगाता है और संरक्षित करता है।

स्वच्छ ग्राम अवॉर्ड- जो गांव सबसे अधिक साफ-सुथरा रहता है।

रोजगार युवा अवॉर्ड - जिस गांव के सबसे ज्यादा युवा कार्यरत हैं।

डिजिटल ग्राम अवॉर्ड - जो गांव सोशल मीडिया जैसे Instagram, YouTube, Facebook आदि पर अपने गांव की गतिविधियों और विशेषताओं को साझा करता है।

इन अवॉर्ड्स हेतु मीरा के श्याम संस्था की टीम ने गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण किया और वास्तविक आंकड़ों के आधार पर नामांकन सुनिश्चित किया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय सांसद विजय बघेल जी रहे। उन्होंने संस्था की इस सोच की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि ये चारों विषय - वृक्षारोपण, स्वच्छता, रोजगार और डिजिटलीकरण - हमारे जीवन और गांवों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। संस्था द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के लिए एक प्रेरणा है, और मैं सदैव ऐसे कार्यों में संस्था के साथ हूँ।

## कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए खुले गड्ढों को भरने के निर्देश



**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदन लेने की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। अब इन प्राप्त आवेदनों से प्राप्त समस्या का समाधान करें। गर्मी मौसम के मद्देनजर सभी पेयजल आपूर्ति का इंतजाम सुनिश्चित करें, बिगड़े हैंडपंप का सुधार कर लें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग गर्मी के मौसम के अनुसार दवाईयों का स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्था रखें। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरूआत हो चुकी है। शिक्षा विभाग इसके आधार पर अपनी कार्ययोजना बनाकर तैयारी पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में और सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सीवरेज, बोर या अन्य किसी कारण से गड्ढे खोदे गए हैं तो उसे खुला ना छोडे या सुरक्षा के अन्य उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। बैठक में एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वृक्ष लगाएं पर्यावरण बचाएं

## निधन

### हितेश्वरी वर्मा

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल। ग्राम पुरान निवासी देवकी-खेमराम वर्मा की पुत्री हितेश्वरी (हिना) वर्मा का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बुधारु राम जायसवाल



**भाटापारा,** 15 अप्रैल। भाटापारा स्थानीय ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड निवासी बुधारु राम जायसवाल 77 वर्षीय का 14 अप्रैल को शाम 7 बजे निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे स्व. जायसवाल अपना पूरा भरा परिवार छोड़ गए। आज प्रातः 11 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें स्वाजाति बंधु सहित अनेक मौजूद थे। वे दिलीप, उमेंद जायसवाल के पिता व हर्ष जायसवाल के दादा थे।

### अरुण कुमार धूरंधर



**तिल्दानेवरा,** 15 अप्रैल। ग्राम ताराशिव निवासी अरुण कुमार धुरंधर (दाऊजी) 69 वर्ष, का आकस्मिक निधन 14 अप्रैल सोमवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम ताराशिव के मुक्तिधाम में किया गया। वे शीतल, गायत्री, शालिनी एवं सुनील, सपना के पिता थे। अंतिम संस्कार में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

### दीपक श्रीवास्तव



**दुर्ग,** 15 अप्रैल। पोलसाय पारा दुर्ग निवासी दीपक श्रीवास्तव पिता स्व.गोपाल श्रीवास्तव उम्र 43 वर्ष रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे एएसआई यशवंत श्रीवास्तव के साले थे।

### अवधेश कुमार चंद्राकर



**बागबाहरा,** 15 अप्रैल। ग्राम पंचायत खोपली निवासी अवधेश कुमार चंद्राकर का आज मंगलवार 15 अप्रैल की सुबह हार्ट अटैक आने से दुखद निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। वे क्षेत्र के भाजपा नेता दिनेश कुमार चंद्राकर के छोटे भाई थे। जिनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को ग्राम खोपली में किया गया। स्व. चंद्राकर के निधन पर ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## भाजपा सरकार के सवा साल में बस्तर हुआ बदहाल : दीपक बैज

**रायपुर**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि राज्य में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है बस्तर और बस्तर वासियों का शोषण शुरू हो गया है, बस्तर के आम आदमी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर वर्तमान सरकार कोई काम नहीं कर रही है। बस्तर के लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिये कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में जो काम शुरू किया था वर्तमान सरकार ने उन सारी योजनाओं को बंद कर दिया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिये शुरू की गयी शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना को बंद कर दिया। 65 से अधिक वनोपजों के वेल्यू एडीशन काम को बंद कर दिया, बस्तर कनिष्ठ चयन बोर्ड की कार्यवाही बंद हो गयी, हाट बाजार क्लीनिक दम तोड़ चुकी है। कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी बंद है। मलेरिया उन्मूलन अभियान दम तोड़ चुकी है। देश भर में चर्चित तथा बस्तर में रोजगार का प्रमुख साधन डेनेक्स भी बदहाल हो चुका है। पिछले सवा साल में 100 सें अधिक ग्रामीण फर्जी मुठभेंड़ में मारे गये। भाजपा के लिये बस्तर का मतलब शोषण का केंद्र मात्र है। सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठाने वालों को ही टारगेट किया जा रहा है।



### बस्तर की बहुमूल्य खदानों को मित्रों को सौंप रही डबल इंजन सरकार

**डबल इंजन की सरकार की लापरवाही से इन्द्रावती और बस्तर दोनों संकट में**

आज बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है, पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।परंतु डबल इंजन की सरकार किसानों की मांग को अनसुना कर इंद्रावती नदी में पानी के लिए उड़ीसा सरकार से चर्चा तक नहीं कर रही है।

राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ राज्य और उड़ीसा सरकार के बीच गर्मी के मौसम में इंद्रावती नदी के पानी के बंटवारे को लेकर 28 दिसंबर 2003 को एक अनुबंध हुआ था जिसमें उड़ीसा सरकार ने यह विश्वास दिलाया था कि गर्मियों के दिनों में जब इंद्रावती नदी में पानी कम होता है उस समय दोनों राज्य पानी का बराबर-बराबर बंटवारा करेंगे परंतु आज उड़ीसा में भाजपा की सरकार है जो उड़ीसा के खातिगुड़ा डैम से पानी नहीं छोड़ रही और जो पानी आ रहा है वो पानी भी जोरा नाला से उड़ीसा की ओर ही प्रवाहित होकर सबरी नदी में जाकर मिल जा रहा है जिसके चलते आज समूचा बस्तर गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। विगत 14 महीना से राज्य में भाजपा की सरकार है, जल संसाधन मंत्री बस्तर से ही आते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं बावजूद इसके केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 9 बड़े प्रोजेक्ट आज तक इंद्रावती नदी में इस सरकार ने आरंभ नहीं करा पाया है।

## छग प्रदेश टेनिस संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा, हिमांशु द्विवेदी चुने गए अध्यक्ष

**रायपुर**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। वार्षिक आम सभा ने संघ के अध्यक्ष का चुन लिया है। छ्ग प्रदेश टेनिस संघ के अध्यक्ष पद पर डॉ. हिमांशु द्विवेदी का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। साथ ही गुरुचरण सिंह होरा सर्वसम्मति से महासचिव चुने गए।




राजधानी रायपुर में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ की वार्षिक आम सभा की बैठक हुई. इस बैठक में अगले 4 वर्ष के लिए छ्ग प्रदेश संघ की कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया। इस चुनाव को सुचारु रूप से कराने के लिए ऑल इंडिया टेनिस संघ की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में अनिल धुपर पहुंचे।वहीं चुनाव अधिकारी के रूप में डॉ. अतुल शुक्ला, छ्ग ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक के रूप में विजय अग्रवाल और खेल युवा कल्याण विभाग छ्ग शासन की ओर से प्रवेश जोशी पर्यवेक्षक के रूप उपस्थित रहें।

**छग प्रदेश टेनिस संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी**

अध्यक्ष- डॉ. हिमांशु द्विवेदी, महासचिव- गुरुचरण सिंह होरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- अवतार सिंह जुनेजा, उपाध्यक्ष- सुशील बालानी,रूपेंद्र सिंह चौहान, जीएस बांबरा, राजेश पाटिल, नरेश गुप्ता। कोषाध्यक्ष- एस बत्रा, सह सचिव- सुनील सुराना, तरणजीत सिंह होरा, आनंद ठाकुर। कार्यकारिणी सदस्य- डॉ. अजय पाठक, प्रदीप माथानी,प्रकाश कलश, रणधीर सिंह विरदी, चरणजीत सिंह ओबेरॉय,नेल्सन जतिन कुमार, जसप्रीत खनुजा,हेनरी सेंटियागो मुकेश पिल्लै,गुरमीत सिंह भाटिया।

## यादव ठेठवार समाज रायपुर राज का वार्षिक महाधिवेशन में समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। यादव ठेठवार समाज रायपुर राज का वार्षिक महाधिवेशन आज राज मुख्यालय भवन महादेवघाट रायपुरा, रायपुर में समाज के 103 नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया समाज के प्रदेशाध्यक्ष गुलेंद्र यादव जी ने अपने सारगर्भित संबोधन में समाज की एकजुटता ही अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है




प्रदेशाअध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती ललिता यदु ने महिला सशक्तिकरण और समाज में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। महासभा युवा प्रकोष्ठ के ऊर्जावान प्रदेशाध्यक्ष परमानंद यादव ने यादव समाज के समग्र विकास और उत्थान के लिए राजनीतिक क्षेत्र में अधिक से अधिक भागीदारी को अनिवार्य बताया। इसी क्रम में, नगर पालिका मंदिर हसौद के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने अपने उद्बोधन में यादव समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने समाज को संबोधित करते हुए यादव ठेठवार समाज भवन के निर्माण के लिए ?5 लाख की उदार आर्थिक सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने समाज के शारीरिक रूप से अक्षम बंधुओ के लिए श्रवण यंत्र व ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। महाधिवेशन के अवसर पर राज ठेठवार श्रीकांत यदु समाज के अध्यक्ष संतोष यदु महासचिव मनीराम यादव, कोषाध्यक्ष शोभाराम यदु, संरक्षक हरिराम यदु ,उपाध्यक्ष नवीन यदु सभापति हृदय राम यादव, सचिव युगल यदु, सह सचिव भगत राम यादव, सलाहकार नरेश यादव, प्रवीण यादव रामजीवन यदु, उप कोषाध्यक्ष लव यदु, कार्यालय सचिव करण यदु, यशवंत यादव, बालेन्द्र यदु, गजानंद यादव, शशिकांत यदु, महेश यादव, महितोष यादव, बंसी लाल यादव, धनेश्वर यादव, गंगोत्री यदु, केशरी यादव, दुर्गेश नंदिनी यदु अंजनी यदु, माया यदु सहित 17 पार के सामाजिक बंधु गण एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## बस्तर शांति की ओर बढ़ चुका है, अब हमारा लक्ष्य लोगों को आजीविका देना : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जगदलपुर में आयोजित विकसित बस्तर की ओर कार्यक्रम में बस्तर में कौशल विकास और रोजगार को लेकर सरकार की दूरदृष्टि साझा की। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि जब हम सांसद थे, तब देश में कौशल विकास मंत्रालय का गठन हुआ ङ्क और आज यह विभाग देश के युवाओं के भविष्य निर्माण में क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर में चल रहे कौशल विकास प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्किलिंग केवल एक सेक्टर तक सीमित नहीं है — भाषा प्रशिक्षण, विदेशी रोजगार, हस्तशिल्प, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, कंस्ट्रक्शन, टेक्नोलॉजी जैसे अनेक क्षेत्रों में कौशल विकास संभव है।

- बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 85 कोर्स पंजीकृत
- आत्मसमर्पित माओवादियों में से 222 को रोजगार के लिए प्रशिक्षित, 62 प्रशिक्षणरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अब शांति की ओर अग्रसर है। शांति के बाद सबसे बड़ी चुनौती है ङ्क यहां के युवाओं को रोजगार देना। और यह कार्य हम पूर्ण निष्ठा से करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल कौशल विकास पर ध्यान देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इससे बस्तर का युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपने हुनर की पहचान बना सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित बस्तर की ओर बढ़ते हुए संभाग में युवाओं के कौशल उन्नयन और रोजगार प्रशिक्षण के लिए कौशल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, पीएम कौशल विकास योजना , पीएम विश्वकर्मा योजना और नियद नेल्लानार योजना का संचालन किया जा रहा है। इन रोजगार प्रशिक्षण में विशेषकर नक्सल प्रभावित युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने का प्रस्ताव शामिल है।

बस्तर संभाग में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 85 कोर्स पंजीकृत है। पोर्टल के माध्यम से इनका पूर्णता आनलाइन क्रियान्वयन किया जाता है। सभी जिलों में आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा है। वर्तमान में 64 व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता है।

वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित लक्ष्य के अनुसार 456 नियोक्ताओं के माध्यम से 4 हजार 915 युवाओं को प्रशिक्षण, 5 हजार 875 रोजगार के अवसर प्रदान किया जाना है। इसके लिए महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, नंदी फाउंडेशन, स्र्ष्ठष्ट इंटरनेशनल और नीति आयोग जैसी संस्थाओं से अनुबंध किया गया है।

बस्तर संभाग में पीएम कौशल विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 64न्न लक्ष्य पूर्ण किया गया तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अब तक 6 हजार 123 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

विकसित बस्तर की ओर बढ़ते हुए नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत बस्तर संभाग के 24 कैंप के 95 चिन्हित ग्रामों के 457 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। योजना के अंतर्गत आत्मसमर्पित माओवादियों में से 222 को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है जबकि 62 प्रशिक्षणरत है।


छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के
नवनियुक्त अध्यक्ष
श्री संजय श्रीवास्तव जी
को
पदभार ग्रहण समारोह
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
16 अप्रैल 2025 | 11:30 बजे से
बीटीआई ग्राउंड,
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
विकास अग्रवाल
प्रदेश सहसंयोजक
झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ (छ.ग.)
गोपेश साहू
पार्षद
संतोष साहू
पार्षद
रवि शादीजा
भाजपा नेता
शिरीष तिवारी
पूर्व संचालक
जिला सह.के.बैंक रायपुर
राजेश गुप्ता
पार्षद- शंकर नगर
वार्ड
महेंद्र पंडित
प्रदेश संयोजक
झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ (छ.ग.)
इं. मखमूर इकबाल खान
प्रदेश महामंत्री,
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (छ.ग.)
रोहित साहू
पार्षद
अनूप खेलकर
पूर्व मंडल अध्यक्ष,
शंकर नगर
आकाश बालानी
भाजपा नेता
प्रदीप वर्मा
पार्षद
किशोर गुप्ता
भाजपा नेता
आरिफ भिंसरा
सामाजिक
कार्यकर्ता
विनीत : समस्त कार्यकर्त्ता, भारतीय जनता पार्टी (छ.ग़.)

# गाड़ी में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना हुआ अनिवार्य

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। अगर आपने गाड़ी अप्रैल 2019 से पहले खरीदी है तो तत्काल हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट ;एचएसआरपी लगवा लिजिए नहीं तो जांच के दौरान पकड़े जाने पर आपको 500 से दस हजार रुपए तक का चालान अदा करना पड़ जाएगा परिवहन विभाग एचएसआरपी के लिए 15 अप्रैल तक का समय तय किया था जिसके बाद से अब चालानी कार्रवाई की जाएगी रायपुर बिलासपुर में कलेक्टर दर में होगी 100 फीसदी की बढ़ोतरी प्लाटए मकान दुकान खरीदना हो जाएगा महंगा प्रदेशभर में 40 लाख और रायपुर जिले में दस लाख से अधिक वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाया जाना है पिछले कुछ महीने के भीतर मात्र 60 हजार वाहनों में ही नंबर प्लेट लगवाया गया है ऐसे में अब परिवहन विभाग और यातायात पुलिस मिलकर कार्रवाई करेगी

**40 लाख वाहनों में लगनी है नंबर प्लेट :** परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में 60 हजार से अधिक और रायपुर जिले में 24ए903 वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाए जा चुके है वहीं 35 हजार वाहनों का पंजीयन कराया गया है मगर करीब 40 लाख वाहनों में इसे लगाया जाना है इसके लिए रोसमार्टा सेटी और रियल मेजान इंडिया लिमिटेड कंपनी के साथ ही ऑटोमोबाइल डीलरों को नंबर प्लेट लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।



**आज से हो सकती है चालानी कार्रवाई**

**कलेक्टोरेट में खुला काउंटर :** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के लिए रायपुर कलेक्ट्रेट में एक काउंटर खुल चुका है ताकि वाहन चालकों को कोई परेशानी न हो यहां बाइक के लिए 365 रुपए और कार के लिए 500 रुपए से अधिक निर्धारित शुल्क लेकर एचएसआरपी बनाकर दिए जा रहे हैं

**ये हैं निर्धारित शुल्क :** दोपहिया ट्रैक्टर और ट्रेलर का शुल्क जीएसटी सहित 365 80 रुपयेए तीन पहिया के लिए 427.16 रुपये हल्के मोटरयान के लिए 656 08 रुपये और पैसेंजर कार के लिए 705ण्64 रुपये निर्धारित किया गया है सभी भुगतान डिजिटल मोड से किए जा रहे हैं

**सभी वाहनों में एचएसआरपी अनिवार्य :** अपर परिवहन आयुक्त डीण् रविशंकर ने बताया कि एक अप्रैल 2019 के पहले के दोपहियाए चार पहिया वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया हैण् इसके लिए सभी आरटीओ को निर्देश जारी किए जा चुके हैं 15 अप्रैल अंतिम तिथि थी। अब बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के अनुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# सटोरिए कलकत्ता में बैठकर कर रहे थे ऑनलाइन सट्टा संचालित

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कलकत्ता से संचालित हो रहे महादेव पैनल के खिलाफ बडी कार्रवाई. रायपुर के सटोरियो के द्वारा कलकत्ता में बैठकर महादेव ऑनलाइन सट्टा कर रहे थे संचालित. ढ्ढक्क मैचो के दौरान लगवा रहे थे ऑनलाइन दांव. करीब 10 स्टोरियों को गिरफ्तार कर रायपुर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम. ज्यादात्तर सटोरिये रायपुर के लाखेनगर, पुरानी बस्ती समेत शंकरनगर के निवासी. शहर के कई बडे और पुराने सटोरियों के निर्देशन में कलकत्ता से ऑपरेट हो रहा था महादेव ऑनलाइन सट्टे का पैनल. कई बडी गिरफ्तारियां भी संभव. बडी संख्या में कम्पयुटर और नगदी समेत करोडो रूपये लेनदेन का हिसाब लिखे कई रजिस्टर बरामद. क्राइम ब्रांच गिरफ्तार सटोरियो से पुछताछ में जुटी. रायपुर पुलिस बुधवार देर शाम तक पुरे मामले का कर सकती है खुलासा? आप को बता दे कि हाल ही में राजधानी रायपुर से लगे तिल्दा नेवरा से संचालित गजानंद एप के कामगारों पर कार्यवाही की गई जिसमे 3 से 4 कामगार को गिरफ्तार किया गया था किंतु जो मेन खाईवाल है वह आज भी पुलिस की नजरो से दूर है। ह्व3 ठ्ठद्गह्ल2 शह्लझ्.ष्थ्द्ब के सूत्रों ने बताया की तिल्दा नेवरा नगर में 5 से 6 ऑनलाइन सट्टा एप संचालित हो रहा है नगर में गजानंद एप, रेशू, मोटा भाई, 777 और भी अन्य ऑनलाइन सट्टा एप संचालित हो रहा है।जो पुलिस की नजरो से दूर है और यह ऑनलाइन सट्टा एप नगर के नवजवानों युवकों को बरबादी की राह में धकेल रहे है। कब होगी इनपर कार्यवाही?



- **10 स्टोरियों को गिरफ्तार कर रायपुर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम**
- **तिल्दा नेवरा में कई बड़ी गिरफ्तारियां भी संभव**

# देर रात पुलिस ने होटल, लॉज, ढाबा कैफे और बार पर मारा छापा

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नवा रायपुर में देर रात तक चलने वाले होटल.बार में पुलिस ने छापा मारा। आबकारी नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर पुलिस ने मैनेजरों के खिलाफकार्रवाई की। वहीं आईपी क्लब और एल्सवेयर क्लब में नशे में धुत लड़के.लड़कियां देर रात तक पार्टी करते मिले। तय समय पर क्लब बंद भी नहीं किया गया था। इस दौरान पुलिस ने क्लब संचालकों को फटकार लगाई। पुलिस के मुताबिक रविवार की रात सेंध लेक के पास स्थित एल्सवेयर के ब्ल्यू.9 और आईपी क्लब में पुलिस ने जांच करने पहुंची। दोनों में आधी रात तक शराब परोसते मिले। पुलिस ने दोनों बार के मैनेजर जाकिर खत्रीए परमानंद प्रधान के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। आबकारी लाइसेंस का उल्लंघन करने का मामला भी बनाया गया है। शहर के अधिकांश बार और ढाबों में बेखौफलेटलाइट तक शराब परोसी जा रही है। तेलीबांधा के वीआईपी रोड के बारए रेस्टोरेंट और ढाबा में रोज देर रात तक मजमा लगा रहता है। इसी तरह सिविल लाइन विधानसभा डीडी नगर टिकरापारा आमानाका इलाके में कई बार और रेस्टोरेंट हैं जहां आबकारी नियमों की धज्जियां उड़ रही है। रात 2 बजे शराब परोसने के अलावा पार्सल के जरिए शराब भी बेचते हैं। इनकी कभी जांच नहीं होती।

**नशे में धुत मिले लड़के–लड़कियां मैनेजरों पर हुई कार्रवाई**

**शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई:** इसके अलावाए देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव कर गाड़ी चलाने वाले लोगों के खिलाफपुलिस ने 10.10 हजार रुपए का फाइन किया है। वहींए सभी के लाइंसेस रद्द करने लिए त्ज्व् विभाग को पत्र भी भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया किए तीन महीने में ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले 300 लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

# सेवा कार्य में नवनिर्वाचित अग्रबंधु सदैव रहें तत्पर : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा रायपुर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा नगरीय निकाय चुनाव में निर्वाचित अग्र बंधुओं का सम्मान बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर के मुख्य आथित्य में आज मैक कॉलेज में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथिबृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर विशेष अतिथि के रूप में राजेश अग्रवाल विधायक अंबिकापुर राजीव अग्रवाल अध्यक्ष सीएसआईडीसी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सर्व प्रथम नगरीय निकाय में निर्वाचित अग्र बंधुओं को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी अग्रसेन जी के वंशज हैं। हम सभी को सेवा के कार्य से जुड़ना चाहिए। साथ ही सभी को आम लोगों में भी सेवा की भावना जागृत करनी चाहिए और आम जनता का दिल जीतने का कोशिश करते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर अग्र बंधु को गरीब बच्चों की पढ़ाई गरीब बच्चों का इलाज और जरूरत मंद बेटियों की शादी के कार्य में सहयोग करना चाहिए।



**नगरीय निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए अग्रबंधुओं का हुआ सम्मान**

प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि कार्यक्रम में नगरीय निकाय में नवनिर्वाचित अग्र बंधुओ का सम्मान दुपट्टा अग्रसेन जी की माला, सम्मान पत्रक के साथ अग्रसेन जी की मूर्ति के साथ किया गया। नगरीय निकाय में निर्वाचित हुए लगभग 45 अग्रबंधु उपस्थित थे। जिसमें 15 महिलाएं भी थी। जिनका सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न जगह से आए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष का भी सामान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन से किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार अग्रवाल मनमोहन अग्रवाल योगी अग्रवाल बिसंभर अग्रवाल योगेश अग्रवाल प्रमोद जैन सुभाष अग्रवाल ओमी बगड़िया हनुमान प्रसाद अग्रवाल सतपाल जैन सुरेश अग्रवाल अशोक अग्रवाल मनीष अग्रवाल राम अग्रवाल माया मुरारका ममता सुभाष अग्रवाल के साथ ही प्रदेश भर से आए अग्रबंधु उपस्थित थे।

# नो-पार्किंग में खड़ी मालवाहक वाहनों के विरुद्ध दूसरे दिन कार्रवाई





**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। यातायात पुलिस रायपुर द्वारा वाले रिंग रोड नम्बर 02 में नो पार्किंग में लापरवाही पूर्वक खड़ी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध लगातार दूसरे दिन भी विशेष अभियान कार्यवाही की गई। उक्त अभियान कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी टाटीबंध एवं भनपुरी को लगाया गया है जिनके द्वारा दल.बल के साथ सुबह 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक विशेष अभियान चलाते हुए नो पार्किंग में लापरवाही पूर्वक खड़े 72 मालवाहक वाहनों के विरूद्ध मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई साथ ही 14 वाहनों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 285 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण माननीय न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी। यातायात को बाधित कर नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर दिया जाता है जिससे उक्त मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी असुविधा होती है तथा हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है जिसे यातायात थाना टाटीबंध व भनपुरी के पेट्रोलिंग टीम द्वारा तथा हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा लगातार एनाउंसमेंट कर भगाया जाता है। किन्तु कुछ वाहन चालकों द्वारा जानबूझ कर अपने वाहन को रिंग रोड में खड़ी कर यातायात को बाधित किया जाता है ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा समय.समय पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है।

इसी क्रम में लगातार दूसरे भी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉण् प्रशांत शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ;रायपुर पश्चिमद्ध के निर्देशन पर उप पुसिल अधीक्षक यातायात रायपुर श्री सतीष ठाकुर के नेतृत्व में थाना प्रभारी यातायात टाटीबंध निरीक्षक भुनेश्वर साहू द्वारा दल बल के साथ रिंग रोड नम्बर 02 में हीरापुर.कबीरनगर क्षेत्र में नो पार्किंग में खड़ी मालवाहक वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए दो दिनों के भीतर 135 मालवाहक वाहनों के विरूद्ध मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई साथ ही 23 वाहनों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 283 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण माननीय न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी।

वाहन चालकों से अपील है कृपया यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाएँ। शहर की यातायात व्यवस्था का सुगम संचालन करना हम सब की जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग एवं नियमों का पालन किये जाने से बेहतर से बेहतर यातायात व्यवस्था बनाई जा सकती है। हमेशा नियमों का पालन कर वाहन चलाएँ नोपार्किंग में वाहन खड़ी ना करें नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देए नशे की हालत में वाहन न चलाए यातायात संकेतों का पालन कर वाहन चलाएँए मोबाईल फोन से बात कर वाहन न चलाए।

# पंजाब से रायपुर पहुंचा हेरोइन चिट्टा, दो तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफचलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है थाना आमानाका क्षेत्र के टाटीबंध स्थित काका ढाबा के पास सुलभ शौचालय के पीछे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को 12.69 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया पकड़े गए आरोपी पंजाब के अमृतसर जिले के निवासी हैं और उनके कब्जे से जप्त सामान की कुल कीमत लगभग 1,28,900 रुपये आंकी गई है इस मामले में पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र सिंह, पिता पूरन सिंह, उम्र 44 वर्ष, निवासी माखन विंडी, थाना जांडियाला गुरु, जिला अमृतसर, पंजाब और अमृतपाल सिंह, पिता सुरजीत सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी धरदेव, थाना मेहता चौक, जिला अमृतसर, पंजाब को अरेस्ट किया है पुलिस नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है 14 अप्रैल 2025 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आमानाका की संयुक्त टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति काका ढाबा के पास हेरोइन चिट्टा की तस्करी करने की फिराक में हैं टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए हुलिए के आधार पर दोनों आरोपियों को चिह्नित कर धर दबोचा पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम धर्मेंद्र सिंह 44 वर्ष और अमृतपाल सिंह ;32 वर्ष दोनों अमृतसर पंजाब के निवासी बताया तलाशी में उनके पास से 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा एक तौल मशीनए और बिक्री से प्राप्त नकदी बरामद की गई आरोपियों के खिलाफथाना आमानाका में धारा 21;बी नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे हेरोइन चिट्टा अमृतसर से रायपुर लाए थे और इसे स्थानीय स्तर पर बेचने की योजना बना रहे थे जप्त सामान में शामिल है इसकी कुल कीमत लगभग 1,28,900 रुपये आंकी गई है



# ऑल इंडिया पुलिस खेलकूद में छग टीम को मिले 11मेडल



**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। केरल में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में छत्तीसगढ़ टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 पदक हासिल किए।इसके पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2022-23 में था, जब टीम ने पांच पदक हासिल किए थे।

केरल को कोचिन स्थित राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में फर्स्ट् ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर 2024-25 का (बैडमिंटन एवम टेबल टेनिस) का आयोजन किया गया था।प्रतियोगिता में सभी राज्य और केंद्रीय पुलिस बल और एजेंसियां को मिलाकर कुल 45 टीम शामिल हुए थे।

डीजीपी अरुण देव गौतम, ए डीजी सी ए एफ विवेकानंद सिन्हा के मार्गदर्शन में खेल अधिकारी राजेश कुकरेजा के समन्वय में छत्तीसगढ़ की सशक्त टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इन उपलब्धियों में खास बात यह रही कि दोनों बार टीम के मैनेजर आईपीएस सूरज सिंह परिहार थे।

**प्रतियोगिता में मिले पदक:** प्रथम बार राजपत्रित ओपन मिक्स डबल्स गोल्ड एस पी सूरज परिहार और डीएसपी आकर्षी कश्यप, सिल्वर एस पी भावना गुप्ता और मिजोरम पुलिस पार्टनर डीएसपी मुर्मूता। राजपत्रित ओपन महिला सिंगल डीएसपी आकर्षी कश्यप गोल्ड मैडल, एसपी भावना गुप्ता सिल्वर मेडल। राजपत्रित ओपन महिला डबल्स गोल्ड मेडल डीएसपी आकर्षी कश्यप और एसपी भावना गुप्ता। महिला टीम इवेंट ब्रॉन्ज एसपी भावना गुप्ता, डीएसपी अंजली येरेवार, डीएसपी आकर्षी कश्यप, आरक्षक लीलेश्वरी गावड़े। राजपत्रित मिक्स डबल्स 45+ कैटेगरी ब्रॉन्ज मेडल डीएसपी अंजली येरेवार और रमेश येरेवार। महिला सिंगल 45+ गोल्ड डीएसपी अंजली येरेवार। महिला सिंगल 45+ कैटेगरी सिल्वर निरीक्षक प्रमिला मंडावी।प्रथम बार टेबल टेनिस राजपत्रित महिला सिंगल गोल्ड एसपी भावना गुप्ता। राजपत्रित मिक्स डबल सिल्वर एसपी भावना गुप्ता एवम् केरल का पार्टनर।

# मंदिर के पास कटे मिले गौ माता के कान

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। सिमगा थाना क्षेत्र में गाय के चार कान कटे हुए पड़े मिले। इस वारदात से लोगों में आक्रोश का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच.पड़ताल में जुटी हुई है। प्रार्थी तुकेश सोनकर उम्र 23 वर्ष निवासी महामाया पारा सिमगा ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि 13 अप्रैल को 12.30 बजे हनुमान जन्मोत्सव का प्रसाद वितरण और समानों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से महामाया मंदिर गया था। उसी दौरान धनजंय एवं ओमकार सोनकर के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर की छाया में बैठने के लिए गए तो देखा कि महामाया मंदिर के दिवाल के बगल एवं आसपास गाय के चार कान कटे हुए पड़े मिले। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हमारे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से क्रूरता पूर्वक गौमाता के कान को काटकर मंदिर के दिवाल के बगल एवं आस पास फेंक दिया गया है।

**देखकर लोगों के उड़े होश हिंदू समाज में आक्रोश**

**हिंदू धर्मावलंबियों में आक्रोश:** उक्त घटना से हिंदू धर्मावलंबियों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस को सूचना मिलने पर अपराध की गंभीरता को देखते थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे अपने दल बल सहित मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया एवं घटना के संबंध में पुलिस के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जहां एडिशनल एसपी हेमसागर सिदार के साथ भाटापारा शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी भी पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस के द्वारा आस पास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज के माध्यम से अज्ञात आरोपी के बारे में पता करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 299ए 11 ;1द्ध के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं एडिशनल एसपी हेमसागर सिदार ने कहा कि आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा चाहे वो कोई भी हो।

# रेलवे स्टेशन पर चाकूबाजी

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशन पर आज एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जब बाल कटवाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया इस जानलेवा हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेजाया गया वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया इस घटना के बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी ह यह पूरी घटना जीआरपी थाना क्षेत्र की है जानकारी के मुताबिक जयपुर से रायपुर स्टेशन पर उतरे युवकों के एक समूह में शामिल लक्की यादव नामक युवक ने पैसे नहीं होने पर बाल कटवाने को लेकर हुए विवाद में अपने दोस्त शिवकुमार पर चाकू से वार कर दिया शिवकुमार को जांघ में गंभीर चोट आई है जिसे तत्काल मेकाहारा अस्पताल भेजा गया है फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है घटना के बाद आरोपी लक्की यादव मौके से फरार हो गया बताया जा रहा है कि वह टिकरापारा बिलासपुर का निवासी है दोनों युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ जयपुर से रायपुर आए थे फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द आरोपी को पकड़ने का दावा कर रही है

**जयपुर से साथ घूमकर कर आए दोस्त ने ट्रेन से उतरते ही किया हमला**

# पुरानी रंजिश के चलते ईंट-पत्थर से हमला

**रायपुर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में पुरानी रंजिश में ईंट पत्थर से हमला हुआ है। देर रात तीन आरोपियों ने एक युवक के साथ गाली.गलौज कर मारपीट भी की है। मारपीट के बाद आरोपी मौके से भाग गए। फिलहाल इस मामले में मंदिर हसौद पुलिस आगे की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मनोहर वर्मा ने थाने में सोमवार रात शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। रात 11 के करीब वह अपने घर पर था। इस दौरान शीतल यादव नंदकुमार यादव धनीराम यादव घर के पास आए। फिर पुरानी रंजिश को लेकर घर पर ईंट पत्थर फेंकने लगे। इसके बाद मनोहर घर के बाहर निकला।

**गाली–गलौज के बाद मारपीट कर भागे**

**युवक के साथ की मारपीट:** जब मनोहर ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वह उसे पर भी ईंट पत्थर से हमला कर दिए। इसके बाद गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद मारपीट करके वह मौके से फरार हो गए। इस वारदात में मनोहर के सिर आंख और मुंह के पास चोटें आई उसका खून निकलने लगा। इस मामले में मंदिर हसौद पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल लाइन प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में भूमि अंतरण, खाता विभाजन, व्यपवर्तन पर प्रतिबंध

**दुर्ग**, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना नई रेलवे लाइन में प्रभावित पाटन अनुभाग के सम्मिलित ग्राम ठकुराईनटोला, बठेना, देमार अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा तथा दुर्ग अनुभाग के सम्मिलित ग्राम घुघसीडीह, खोपली, बोरीगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, भानपुरी, चंदखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद कुल 23 ग्रामों के निजी भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन, खरीदी.बिक्री आदि को प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा और परियोजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अस्थायीरूप से प्रतिबंधित किया है। ज्ञात हो कि उप मुख्य अभियंता निर्माण, बिलासपुर, दपूम रेलवे, बिलासपुर के अनुसार खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना अन्तर्गत नई रेलवे लाइन का निर्माण किया जाना है।

उक्त रेलवे लाईन के निर्माण में जिले के पाटन अनुभाग के ग्राम.ठकुराईनटोला, बठेना देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह फेकारी, धौराभाठा तथा दुर्ग अनुभाग अन्तर्गत ग्राम घुघसीडीह खोपली, बोरीगारका पुरई, कोकडी, कोडिया भानपुरी, चंदखुरी, कोनारीए चंगोरी, विरेझर, धनौद सहित कुल 23 ग्रामों की निजी एवं शासकीय भूमि प्रभावित होगी। प्रस्तावित रेलवे लाईन की जानकारी होने के बावजूद कुछ लोग और दलाल बिना किसी वैध अनुमति या कानूनी जांच के जमीन के लेन.देन में लिप्त हो जाते है। इससे न केवल ग्रामीणों को भविष्य में समस्याओं का सामना करना प ?ता हैए बल्कि इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजना के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। उक्त रेलवे लाइन के अभिसरण क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीद.बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने हेतु अनुरोध किया गया।

उल्लेख है कि अर्जन के अधीन भूमि का बटांकनए छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण भूमि अर्जन की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस प्रक्रिया में मूल भूमिस्वामी को समुचित लाभ होने के बजाय भूमि की खरीद.बिक्री में संलिप्त बिचौलियों और भू.माफिआओं द्वारा लाभ अर्जित किया गया है। साथ ही भूमि के अवैधानिक अंतरण के कारण शासन को अनावश्यक आर्थिक क्षति होने के अलावा वाद कारणों की बहुलता के परिणामस्वरूप सार्वजनिक हितों के परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब होता है। अतः भूमि.अर्जन प्रक्रिया के अधीन भूमि के बेहतर प्रशासन के लिये तत्काल आवश्यक कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता को देखते हुये किसी भी विधि के अधीन अपेक्षक निकाय से प्राप्त प्रस्ताव या भू.अर्जन की प्रक्रिया में जारी किसी अधिसूचना या खनन के लिये जारी किसी आशय पत्र प्राप्ति के उपरांत उक्त भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन कलेक्टर की लिखित अनुज्ञा के बिना नहीं किये जाने तथा भूमि के खसरा के कालम.12 में इसकी समुचित प्रविष्टि तत्काल की जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। तदुपरांत छत्तीसगढ़ भू.राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2024 छग राजपत्र में प्रकाशन द्वारा धारा 165, 172 एवं 178.ख के संशोधित प्रावधानों के अनुसार अपेक्षक निकाय से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात या अर्जन हेतु अधिसूचना जारी होने के पश्चात भू.अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन प्रतिषिद्ध किया गया है। अतः उपरोक्त ग्रामों में किसी भी प्रकार का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन, खरीदी.बिक्री के संबंध में हितबद्ध प्रभावित व्यक्ति अथवा पक्षकार, कलेक्टर के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्तुत अभ्यावेदनों पर अपेक्षक निकाय से अभिमत प्राप्त कर उचित निर्णय लिया जाएगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें : संभागायुक्त

## संभाग आयुक्त राठौर ने की संभाग स्तरीय समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा



**दुर्ग,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री सत्य नारायण राठौर ने कहा कि अधिकारी सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रथम चरण में विभागों को प्राप्त लोगों की समस्या संबंधी आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक व सही ढंग से समयावधि में निराकरण करना सुनिश्चित करें। शासन स्तर की मांगे होने पर ऐसे प्रकरणों को विधिवत् विभागीय माध्यम से शासन को पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि आवेदन खारिज करना है तो इसका कारण बताना होगा। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने आज संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में उक्त बाते कही।

उन्होंने विगत दिवस सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे द्वारा जिला अधिकारियों की बैठक का जिक्र करते हुए अवगत कराया कि जिला अधिकारियों की बैठक में न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस पर नियंत्रण हेतु विभागीय अधिकारियों को आवश्यक पहल करने निर्देशित किया है। सभी संभागीय अधिकारी निर्देश का अधिनस्थ कार्यालयों के माध्यम से पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबी दूरी की गाड़ियों के लिए निर्धारित रेस्ट एरिया को फंक्शनल कर प्रारंभ कराने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को शैक्षणिक संस्थानों के आस.पास मादक पदार्थों की ब्रिकी पर रोकथाम हेतु कोटपा एक्ट के तहत संबंधित विभागों के माध्यम से प्रभावी पहल करने कहा। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने संभाग में जल जीवन मिशन की स्थिति की भी जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता पीएचई ने बताया कि संभाग में 24 समूह जल प्रदाय योजना निर्माणाधीन हैए 20 योजनाओं के 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके है। इस योजना से संभाग 4315 गांवों में 990 गांव कव्हर हो रहे है। संभाग आयुक्त ने संभाग के जलाशयों में जल भराव की स्थिति की जानकारी लेते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारी को चालू सत्र और आने वाले वर्षों के लिए पानी की विशेषकर पेय जल व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभाग के पंचायतों को प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने की जानकारी देते हुए संयुक्त आयुक्त सहकारिता को पंचायतों को प्राथमिकता के साथ मत्स्य और वनोपज समिति से जोड़ने के निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त सहकारिता ने अवगत कराया कि संभाग के 1094 ग्राम पंचायतों को प्राथमिक सहकारी समिति से कव्हर्ड कर लिया गया है। संभाग आयुक्त ने दुर्ग जिले के कोटनी नगपुरा के मध्य शिवनाथ नदी और खैरागढ़ जिले के आमनेर नदी में निर्माणाधीन सेतु की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि कोटनी नगपुरा के मध्य शिवनाथ नदी सेतु निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। एप्रोच रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार खैरागढ़ जिले की आमनेर नदी में निर्माणाधीन सेतु के लिए रिटेंडर कार्य पूर्ण हो चुका है। नई निर्माण एजेंसी द्वारा शेष निर्माण कार्य शीर्घ पूर्ण किया जाएगा। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों से अधिनस्थ कार्यालयों में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों एवं वाहन चालकों आदि जिन्हें शासन द्वारा वर्दी प्रदाय की जा रही है वे नियमित ड्रेस कोड व नाम पट्टिका के साथ कार्यालय आना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने इस पर अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक ध्यान देने कहा। संभाग आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों द्वारा कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान चतुर्थ वर्ग कर्मचारी ड्रेस कोड में नहीं पाए गए तो संबंधित कार्यालय प्रमुख जिम्मेदार होंगे। ऐसी स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उपायुक्त (राजस्व) पदुम लाल यादव सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एकाएक हुई घंटे भर की बारिश से मचा हड़कंप



**दुर्ग**, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। सुबह से तेज चिलचलाती धूप के बावजूद एकाएक दोपहर 3 बजे के आसपास बूंदाबादी शुरू हुई जिसने देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश का रूप धारण कर लिया। लगभग एक घंटे से भी ज्यादा देर तक चली इस बारिश से शहरी जनजीवन जहां के तहां ठहर गया। मोतीपारा में शारदा टाकीज के पीछे आम का एक पुराना वृक्ष धराशायी हो गया। इसके अलावा शहर के अन्य कई स्थानों पर पुराने वृक्ष, दूकानों के साईन बोर्ड इत्यादि गिरने की सूचना है। लगभग दो घंटे तक विद्युत अवरोध भी रहा। हालांकि पुलिस के अनुसार शहर में वर्षा की वजह से कहीं भी किसी भी तरह की क्षति की खबर नहीं है।

आज सुबह रोज की तरह मौसम साफ था। धीरे धीरे वैशाख की धूप बढ़ने लगी और दोपहर तक धूप इस कदर चिलचिला रही थी कि लोग गमछा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## तेज हवा-बारिश से 33 केवी लाईन पर पेड़ गिरा, घंटो लाईन बंद

■ पेयजल आपूर्ति प्रभावित



आज दोपहर 3 बजे अचानक मौसम बदलने और आंधी तूफान व बारिश के कारण कई जगह पेड़ गिर गए। मालवीय नगर जल परिसर के पास नगर निगम के फिल्टर प्लांट को विद्युत सप्लाई करने वाले 33 केवी व 11केवी विद्युत लाईन के तार पर 25 फीट बड़ा पेड़ गिर जाने से 24 व 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में दोपहर बिजली सप्लाई बंद हो गई जिसकी सूचना निगम अधिकारियों द्वारा दिए जाने के बाद विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा तीन घंटे के मशक्कत के पश्चात 33 केवी लाईन से गिरे पेड़ को अलग कर शाम 7 बजे बिजली सप्लाई बहाल की गयी। विद्युत सप्लाई बंद होने के कारण 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़े बघेरा टंकी सिकोला बस्ती टंकी पोटिया टंकी व कातुलबोर्ड ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कुपोषित बच्चों को वितरित की गई सुपोषण टोकरी

## कुपोषण दूर करने चलाया जा रहा पोषण पखवाड़ा



**दुर्ग**, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में एकीकृत बाल विकास परियोजना के परिश्रेत्र शिवपारा के आंगनबाड़ी केंद्र शिवपारा 01 मे पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आज 15 अप्रैल को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 3 सैम श्रेणी के बच्चे को सुपोषण टोकरी प्रदान की गयी। सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा बच्चों के पालको को बताया गया कि घर मे उपलब्ध सामग्रियों से बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर निकाला जा सकता है। माताओ को कुपोषण से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। शिशु जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस मे होने वाले शिशु के शारीरिक, मानसिक विकास, वजन मे वृद्धि और इस में पोषक तत्वों के महत्व को समझाया गया। उक्त कार्यक्रम मे पर्यवेक्षक शशि मानिकपुरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रानू सोनी, कृष्णा साहू सहायिका सुशीला निषाद, मितानिन बिंदु राजपूत, गर्भवती, शिशुवती, पालकगण वार्ड की अन्य महिलायें तथा बच्चे उपस्थित हुए। बात दे कि पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। पोषण अभियान का मकसद तकनीक और परंपरा के तालमेल से बच्चों एवं महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। पोषण पखवाड़ा 2025 बच्चे के जीवन के पहले 1 हजार दिनों पर केंद्रित है, क्योंकि यह बच्चे के विकास के लिए बेहद अहम वक्त होता है।

# पद्म पुरस्कारों के लिए मंगाये जा रहे ऑनलाईन आवेदन

**दुर्ग,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2026 हेतु पात्र व्यक्तियों से ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव पर 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। वर्ष 2026 में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करने हेतु निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है।

पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य करने वाले जैसे.कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों सेवा के लिए प्रदाय किया जाता है, कोई भी व्यक्ति किसी जाति, व्यवसाय हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

# जनसमर्पण सेवा संस्था ने किये सेवा कार्य के 3 हजार दिन पूरे

**दुर्ग**, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग ने जरुरतमंदो को निःशुल्क भोजन सेवा के अलावा अन्य सेवाभावी कार्यों के 3 हजार दिन याने 8 वर्ष 3 माह का लंबा समय पूर्ण कर लिया है। इन सेवा कार्यों की खास बात रही कि यह सेवा कार्य 3 हजार दिनों में एक दिन भी कभी थमा नहीं। सेवा कार्यों में बराबर निरंतरता रही। संस्था के कुल 40 युवा सदस्यों का यह सेवाभावी कार्य छत्तीसगढ़ में अपने तरह का अनोखा रिकॉर्ड है। सेवा के इन 3 हजार दिनों को यादगार बनाने जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा 19 अप्रैल को मानव सेवा के साथ.साथ पशु.पक्षियों की सेवा करने का भी निर्णय लिया गया है। इस सेवाभावी कार्य के लिए पुराना बस स्टैण्ड में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें भीषण गर्मी में पशु.पक्षियों के लिये संस्था द्वारा



19 अप्रेल को पुराने बस स्टैंड में संस्था करेगी भव्य कार्यक्रम

उनके दाना-पानी के लिए शहर के पूरे 60वार्डों में प्रति वार्ड 8 नग कोटना और करीब 70 नग सकोरे का वितरण किया जाएगा। इस सेवाभावी कार्य में पार्षदों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में विधायक, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिनके हाथों से पार्षदों को वार्डों के लिए कोटना व सकोरे प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष योगेश बंटी शर्मा ने पत्रकार वार्ता में दी।

कोई भूखा ना सोए, इस पहल के साथ 1 जनवरी 2017 से आज तक बिन रुके बिना किसी दिन नागा के प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं शहर के विभिन्न स्थानों में करीब 150-200 जरूरतमंद गरीब, असहाय, दिव्यांगजनों को संस्था द्वारा प्रतिदिन भोजन निरंतर करवाया जा रहा है। इस कार्य में संस्था के युवा साथियों के साथ अन्य स्वयंसेवकए धार्मिक एवं सामाजिक संस्था भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इस कार्य में आम जनता की भागीदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना शुरू करने के बाद से दानदाताओं का सहयोग निरंतर मिल रहा है।

संस्था के सेवाभावी कार्यों में सदस्यगण आशीष मेश्राम, राजेंद्र ताम्रकार, अर्जित शुक्ला, सुजल शर्मा, प्रकाश कश्यप, आदित्य नारंग, विकास पुरोहित, मृदुल गुप्ता, ईश्वर साहू, दद्दू ढीमर, संजय सेन, महेश गुप्ता, ईशान शर्मा, शब्बू पाकीजा, अख्तर खान, शंकु ढीमर, हरीश ढीमर, ऋषि गुप्ता, मोहित पुरोहित, रूपल गुप्ता, वासु शर्मा, शुभम सेन, शिबू खान, दुर्गेश यादव, सचिन व अन्य सदस्यों का लगातार सहयोग मिल रहा है।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# नगर में मनाई गई अनेक स्थानों पर अम्बेडकर जयंती



**भिलाईनगर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु) । भिलाई इस्पात मजदूर संघ के द्वारा भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन कार्यालय सेक्टर 6 में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई । संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार पांडेय महामंत्री चन्ना केशवलू ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की। महामंत्री चन्ना केशवलू ने डॉ अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इतने वर्षों बाद भी संविधान की वो ताकत आज भी कायम है। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष आई पी मिश्रा, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, वेगी अविनाश, वीरेंद्र गोस्वामी, विवेक सिंह, संयुक्त महामन्त्री प्रदीप कुमार पाल, जोगिंदर कुमार, रवि चौधरी, मिर्ज़ा बेग, भानु प्रताप साहू, सचिव ए वेंकट रमैया, संजय कुमार साकुरे, अखिलेश उपाध्याय, संतोष सिंह, राकेश उपाध्याय, घनशयाम साहू, अनिल शुक्ला,जगन्नाथ नाले, महेश यादव, पुरुषोत्तम रेड्डी, श्रीनिवास राव, वास, सुबोधित सरदार, चिरंजीवी, के रवि, विवेक सिंह उपस्थित थे ।

## ब्लॉक कांग्रेस सुपेला ने मनाई जयंती



**भिलाई नगर ।** डॉ आंबेडकर की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर द्वारा कृष्णा नगर में स्थापित मंदिर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर माल्या अर्पण किया । कार्यक्रम में अतिथि ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप और भीमराव मेश्राम उपस्थित हुए । नंदकुमार कश्यप ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की रक्षा करने के साथ समाज के अल्पसंख्यक वर्ग, गरीब वर्ग, शोषित वर्गों के कल्याण के लिए बाबा साहेब के योगदान रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष मो रफीक, आनंद डोंगरे नरसिंग नाथ, राजेंद्र महिलांग, शोयब मो खान, अशोक रामटेके, प्रकाश वासनिक, सीएल मेश्राम, एन डी नागवंशी, इस्माईल खान, दिनेश वासनिक, कविता खरपड़े, नामेश्वरी सोनपिपरे, प्रीति श्रीरंगे, अलका मेश्राम, कांता गजभिए उपस्थित थे।

## डॉ. अंबेडकर को किया याद



**भिलाईनगर।** पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने डॉ. अबेडकर जयंती के पर पावर हाउस अंडर ब्रिज के समीप आदमकद प्रतिमा में माल्यअर्पण किया उनके संघर्ष और कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता जिनके बदौलत आज यह वर्ग खुली हवा में सांस ले रहा है। डॉ. अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्री मंडल में विधि मंत्री थे सन् 1956 में काटमांडू में हुये विश्व बौद्ध सम्मेलन में उन्हे आधुनिक बुद्ध की उपाधि से सम्मानित किया गया लोग उन्हें देवता की तरह पूजते थे वे जहां भी जाते थे 14 अप्रैल 1990 को मरणोपरांत डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अरूण सिंह, रामा विश्वकर्मा, भास्कर राव, प्रभाकर राव, तहुर, रामाराव, दीदार, गुलाम उस्मानी, कन्नाराव, दिनेश 'बाबासाहेब भीमराव

## अंबेडकर की जयंती सीटू ऑफिस में मनाई गई



**भिलाईनगर।** डॉ अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर मौजूदा परिस्थितियों में बदलते श्रम कानून एवं भारत का संविधान विषय पर चर्चा रखी गई एवं उस महान युगदृष्टा को नमन कर याद किया गया जिन्होंने न केवल भारत के संविधान की नींव रखी, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों को एक नई पहचान दी। सीटू नेताओ ने कहा कि उन्होंने हमारे देश में मजदूरों की बेहतरी के लिए जो श्रम कानून बनाया उसे मौजूदा सरकार खत्म कर रही है इसके खिलाफसंघर्ष को तेज करना होगा। डॉ. अंबेडकर का जीवन अन्याय के खिलाफएक अनवरत संघर्ष था। एक दलित परिवार में जन्मे बाबासाहेब ने स्वयं सामाजिक और आर्थिक शोषण का दंश झेला। विश्व में 8 घंटे काम को लेकर संघर्ष चरम पर था। उस समय भारत में बाबासाहेब ने मजदूरों के लिए काम के घंटों को 12.14 घंटे से घटाकर 8 घंटे करने का ऐतिहासिक कदम उठाया। सीटू नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानून को खत्म कर 4 श्रम संहिताओं में बदलने के मजदूरों विरोधी फैसलों के खिलाफ संयुक्त रूप से 20 मई 2025 अखिल भारतीय हड़ताल का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

## डॉ अम्बेडकर जयंती शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद विजय



**भिलाईनगर।** डॉ. आंबेडकर जयंती के अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल विभिन्न कार्यक्रमो में शामिल हुए। पावरहाउस डॉ आंबेडकर चौक में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सुनील रामटेके ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद, विशिष्ट अतिथि रिंकेश सेन, देवेन्द्र यादव विधायक, असीम बेग, वर्षो वागडे, ज्ञान वागडे रहे तथागत समाज कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, सिद्धांत, के द्वारा भंडारे में सांसद विजय बघेल ने अपने हाथों से भोजन परोसा सांसद ने कहा भिलाई के हृदय स्थल अम्बेडकर चौक में एक मंच पर सभी को आमंत्रित किया केवल बौद्ध समाज ही नहीं दुसरे समाज को भी आमंत्रित ऐसे ही सद्भावना बनी रहें। इतिहास गवाह है उस समय की बड़ी जिम्मेदारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने दी डा बाबासाहेब को संविधान लिखने कि जिम्मेदारी दी। 1891 को मध्य प्रदेश के महू में दलित परिवार में उनका जन्म हुआ था उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा।

# विधायक स्कूटी से पहुंचे खम्हरिया सुनी समस्या

## मौके पर ही निगम अधिकारियों को दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा के सभी 37 वार्डों में विधायक रिकेश सेन का डोर टू डोर कैंपेन आज मंगलवार से शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह जुनवानी और खम्हरिया की गलियों में स्कूटी से पहुंचे विधायक ने लोगों से उनकी कुशलक्षेम जानते हुए समस्याएं पूछी और तत्काल निराकरण भी किया। इस दौरान निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और खम्हरिया वार्ड में सड़क, सफाई, पेयजलापूर्ति से संबंधित परेशानियों को सूचीबद्ध किया। वैशालीनगर विधायक रिकेश ने बताई जा रही समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। वैशाली नगर विधायक अपनी दो पहिए वाहन को स्वयं चलते हुए खमरिया पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होनें कहा कि हम अगर डोर टू डोर कैंपेन चलाएंगे तो जनसमस्या को ज्यादा सुन सकेंगे इसीलिए आज वो नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 1 खम्हरिया पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि आज मेरे द्वारा जुवानी और खम्हरिया में जनसमस्या डोर टू डोर पहुंच कर सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक हफ्ते के भीतर जहां रोड बनाना है। वहां रोड, जहां लाइट लगाना है वहां लाइट, जहां अवैध रूप से शराब बिकने की शिकायतें आ रही हैं वहां तत्काल कार्यवाही हो। कुछ मोहल्ले की महिलाओं ने शिकायत करी कि आसामाजिक तत्व देर रात तक मोहल्ले के चौक चौराहे और खाली मैदान में जमघट लगा शोरगुल तथा नशे में हंगामा करते हैं। विधायक ने ऐसे सभी स्थलों को सूचीबद्ध कर स्मृति नगर पुलिस को तत्काल ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। वार्ड में कई स्थानों पर डोम शेड की मांग भी की गई है। विधायक रिकेश ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में भी शीघ्र पहल वो करेंगे। विधायक सेन ने बताया कि मेरी यह पहल निरंतर जारी रहेगी। जब तक मैं अपने वैशाली नगर विधानसभा को स्वच्छ सुंदर नहीं बना लेता, मैं रुकने वाला नहीं हूं। लगातार मैं अपने वैशाली नगर के लिए कार्य कर रहा हूं और मुझे पूरा विश्वास है जल्द से जल्द हम सब मिलकर वैशाली नगर विधानसभा को एक स्वच्छ और सुंदर विधानसभा के स्वरूप में देखेंगे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भीषण गर्मी में दो पहिए वाहन में जब लोगों के पास पहुंच रहे है, तो लोग उनसे मिल कर अपनी समस्या तो रख रहे है, साथ ही कह रहे है, कि लोगों के दुख दर्द सुनने वाला विधायक रिकेश गर्मी पर परवाह किये बिना ही, लोगों की समस्या को न सिर्फ सुन रहे है, अपितु मौके पर ही समस्या के निराकरण कर रहे है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के अनुसार नगर पालिक निगम क्षेत्र जो वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र में आते है, सभी वार्डो में स्वयं पहुंचकर लोगों की समस्या सुनकर उसका निराकरण करेगें।

# आयुक्त पहुंचे नहर पानी का निरीक्षण करने



**भिलाईनगर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तांदुला जलाशय से नहर के लिए पानी छोड़ा गया है। जो बड़ी नहर से जुड़े हुए छोटे.छोटे नहर के माध्यम से निगम भिलाई क्षेत्र के छोटे बड़े लगभग 22 तालाब भरे जाते है। आयुक्त भिलाई निगम राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अन्य अधिकारियों के साथ नहर पानी एवं अन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण करने गए। नहर पानी की निकासी कैसे हो रही है। तालाबों तक बराबर पानी पहुंच रहा है की नहीं, रास्ते में अगर कहीं पर लिकेज है, तो उसे भी दूर किया जा रहा है। तालाबों के भर जाने से उस क्षेत्र का जल स्तर बढ़ जाता है, बोर में पानी आ जाता है और निस्तारी के लिए सबको पानी मिलने लगता है। हुड़को क्षेत्र से आने वाले नहर पानी से जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र के तालाब भरना शुरू हो गए है। जिसमें प्रमुख रूप से हुड़को तालाब, भेलवा तालाब नेहरू नगर, स्मृति नगर चौकी तालाब, जुनवानी तालाब, खम्हरिया तालाब, आमा तालाब, शीतला मंदिर तालाब आदि तालाबों तक पानी पहुंच गया है। नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में ही नहर नाली का सफाई करवाया गया था। जिससे पानी समुचित रूप से पहुंच सके। खुर्सीपार क्षेत्र से बड़े नहर से पानी आना शुरू हो गया है। उधर के भी तालाब भरे जा रहे है। क्षेत्र के निवासियों से अपील है कि नहर में पानी अधिक प्रवाह से बह रहा है, कोई भी व्यक्ति नहर में नहाने मत जावे और अपने साथ साथ बच्चों का भी ध्यान रखें। आज खुर्सीपार के बड़े नहर में 7 साल का बच्चा कागज का टूकड़ा फेकने के लिए नीचे जा रहा था। आयुक्त की नजर पड़ी उसे तुरन्त हटाया गया। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# निगम के पदोन्नत कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र



**भिलाईनगर**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई में पदोन्नति हेतु नियमित पद नहीं होने के कारण लम्बे अवधि से निगम के कुछ कर्मचारियो का पदोन्नति विगत 14 वर्षो से लंबित था। जैसे ही पद रिक्त हुआ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर छानबीन समिति गठित की गई। सिन्यारटी एवं योग्यता को आधार मानते हुए 5 कर्मचारियो को पदोन्नत किया गया। आज मंगलवार को पदोन्नत कर्मचारियो को आयुक्त नगर पलिक निगम भिलाई राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा पदोन्नति पत्र प्रदान किया गया। राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम को सहायक राजस्व अधिकारी, चौकीदार शशिभूषण मोहंती को सहायक ग्रेड-3, संतराम देवांगन, दिनेश बेलचंदन एवं कोमल पटेल को चौकीदार पद से पदोन्नत करते हुए सहायक राजस्व निरीक्षक बनाया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल से सभी कर्मचारियो को शुभकामना देते हुए उनसे अपने पदोन्नत पद के अनुरूप अच्छे से कार्य करने के लिए कहे। यह भी बताए की जो भी नागरिक निगम में काम लेकर आते है, उनसे अच्छे से व्यवहार करना है। सबकी समस्या को सूनना है और अपने से जो हो सके शीध्र निराकरण करें। जो नहीं हो सकता है उससे उच्च अधिकारियो को अवगत करावेंए यह पहल सबको करना है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थापना अधीक्षक रिता चतुर्वेदी को निर्देश दिए है कि अन्य किसी कर्मचारी का पदोन्नति या अनुकंपा नियुक्ति लंबित हैए तो सभी प्रकरणो को शीध्रता से प्रस्तुत किया जावे। जिससे समय अवधि में सबका निवारण किया जा सके।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस पर जवानों का प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। समारोह में अग्निशमन जवानों ने परेड अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त अग्निशमन वाहनों, यंत्रों तथा सुरक्षा उपकरणों के साथ साथ छोटी छोटी लापरवाहियों के कारण होने वाले अग्नि दुर्घटनाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया। संयम, एकाग्रता और अनुशासन के परिचायक अग्निशमन जवानों का प्रदर्शन समारोह का विशेष आकर्षण रहा। अनिर्बान दासगुप्ता ने अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परेड का निरीक्षण किया। अग्निशमन जवानों द्वारा राष्ट्र और संयंत्र के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की शपथ ली गई। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। दर्शकों के लिए सीढ़ी ड्रिल, प्राथमिक चिकित्सा अग्निशमन डेमो, गृह सुरक्षा, रसोई आग, पार्टी आग, केबल सुरंग, ट्रांसफार्मर तेल आग और हाई एक्सपांशन फोम सहित जानकारी पूर्ण और रोचक अग्नि सुरक्षा ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। अग्नि दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाते हुए अपनी प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु, प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और इसके प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस 2025 का विषय एकजुट होंए अग्निसुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ एम रवींद्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार देबदत्त सतपथी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी के महापात्रा, सेफी चेयरमैन एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सर्वप्रथम मुंबई डॉकयार्ड में शहीद हुए 66 अग्निशमन जवानों को श्रद्धांजली दी एवं अग्निशमन जवानों के बलिदान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा यह श्रद्धांजली केवल मुंबई डॉकयार्ड में शहीद हुए उन 66 जवानों के लिए ही नहीं वरन् किसी भी अग्नि दुर्घटनाओं में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले हमारे हर अग्निवीर के प्रति है। श्री दासगुप्ता ने कहा कि संयंत्र के भीतर व बाहर स्थित प्रत्येक विभाग व कार्यालयीन भवनों, स्कूल, चिकित्सालय आदि में स्थापित प्रत्येक अग्निसुरक्षा उपकरणों के समयबद्ध रखरखाव और उन्नयन कार्यों को नियमित रूप से करना चाहिए।

# भिलाई 3 के ज्योति बया को पीएचडी की उपाधि



**भिलाईनगर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नाकोत्तर महिला स्वासी महाविद्यालय रायपुर के समाजशास्त्र के शोध की छात्रा एवं भिलाइ-3 निवासी ज्योति बया को पीएचडी की उपाधि मिली है। उनके शोध का विषय गोधन न्याय योजना का समाज शास्त्रीय अध्ययन पर किए गए शोध के लिए यह डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। विभाग की प्राध्यापक डॉक्टर मनीष महापात्रा के निर्देशन में गोधन न्याय योजना हितग्राहियों महिलाओं की आर्थिक सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया है। ज्योति बया को उपाधि मिलने पर भिलाई 3 के सामाजिक वर्ग, परिवार के सदस्यों, ईस्ट मित्रों जिसमें राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक संजय मैथिल, संध्या सोनवानी, सरस्वती दानेश्वरी आदि ने बधाई प्रेषित किए हैं। भिलाइ-3 निवासी ज्योति बया ने बताया कि उनकी इस उपलिब्ध पर उनके माता-पिता व उनके शिक्षकों का अहम भूमिका रही है। गोधन न्याय योजना का समाज शास्त्रीय अध्ययन से उन्हें शासन की योजना की अहम जानकारी मिली है।

# पाइप लाईन संधारण का कार्य शुरू



**भिलाईनगर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के शिवनाथ इंटेकवेल में रॉ.वाटर जलशोधन संयंत्र में दुर्ग गंज पारा के सामने पाइप लाईन में लिकेज हो रहा था। जिसका संधारण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जलशोधन संयंत्र में 1000 डाया का पाइप बिछा हुआ है। यह सबसे महत्वपूर्ण पाइप लाईन है, इसी के माध्यम से नगर निगम के 77 एम.एल.डी एवं 66 एम.एल.डी जलशोधन संयंत्र में पानी पहुंचाया जाता है। फिर वहां से शुद्धिकरण करके पीने योग्य बनाया जाता है। तत्पश्चात निगम क्षेत्र के सभी बड़ी टंकियों को भरा जाता है। वहीं से सभी क्षेत्रों में पानी का वितरण किया जाता है। जब तक जलशोधन संयंत्र भरेगा नहीं तब तक पानी सप्लाई नहीं हो पाएगा। आज सुबह तड़के ही पाइप लाईन के लिए खुदाई शुरू हो गई है। निगम के जल विभाग का पुरा अमला लगा हुआ है। शीध्र से शीध्र कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। सभी नागरिको अपने घरों में पानी को स्टोर करके रख लेवें। निगम द्वारा सभी क्षेत्रों में टेंकर से पानी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र बड़ा है आवश्यकता के अनुसार सभी क्षेत्रों में पानी पहुचाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। सर्तकता तौर पर सभी लोग अपने घरों में पानी जरूर बचत करें। आज मंगलवार को सुबह निगम के अधिकारी भ्रमण कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक-एक गुंडी पानी के लिए तरसते थे। दूर से पानी लाते थे। लाइन लगाते थे तब जाकर पानी मिलता था। अब सबके घर में पानी आ गया है। अब निगम का पानी दो दिन नहीं आएगा तब पता चलेगा कि पानी का कितना मूल्य है।

# दीवारों पर रंगीन पेंटिग बनी आकर्षण का केन्द्र



**भिलाईनगर,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के प्रमुख चौंक-चौराहे, प्लाई ओवर ब्रिज के नीचे, अंडरब्रिज आदि जगहो पर आकर्षक पेटिंग करके दिवालों को सजाये जा रहे है। खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा यह पेटिंग किया जा रहा है। इस पेटिंग की विशेषता है कि यह लंबी अवधि तक चलेगा और पानी से घुलाई कर देने पर पुनः नये जैसे दिखने लगता है। वर्तमान में नेशनल हाईवे से लगे हुए नेहरू नगर चौक, ब्रिज के नीचे सुपेला चौक, प्लाई ओवर के खम्बो पर जन जागरूकता, पर्यावरण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, प्राकृतिक सौंदर्य आदि को प्रतिबिम्बित करते हुए बनाया गया है। इसके पश्चात सभी जोन के प्रमुख चौंक-चौराहो जहां पर उपयुक्त स्थल मिलेगा, वहां पर पेटिंग की जायेगी। कुछ स्थानों पर आते जाते राहगिरों द्वारा सेल्फी भी लिया जा रहा है। निगम भिलाई द्वारा ऐसे लोगो को सचेत किया जाता है कि सेल्फी लेते समय यातायात नियमो का पालन करें। कहीं भी गाड़ी खड़ा करके सेल्फी न लेए इससे दुर्घटना होने की संभवना बनी रहती है। नगर को साफ सुथरा स्वच्छ बनाने में नगर निगम भिलाई के साथ-साथ आम नागरिको की भी महत्वपूर्ण भूमिका हैए उन्हे भी ध्यान देना होगा। कि इस प्रकार का किये गये अच्छे कार्यो के नीचे कचरा न फेंकें, उसे खीरोचकर गंदा न करें। निगम भिलाई द्वारा सभी प्रकार के पोस्टर, बैनर लगाने वाले एजेंसियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति के कहने से कहीं पर भी बैनर, पोस्टर मत लगवावें। ऐसी जानकारी मिली है कि एजेंसियों को कार्य का आर्डर मिलने पर उन्ही के आदमीयों द्वारा बैनर, पोस्टर लगाया जाता है। जब तक लिखित में निगम का आदेश बैनर, पोस्टर लगाने के स्थल का नहीं होगा। तब तक कहीं पर भी बैनर, पोस्टर लगाना नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत अवैध है। सीधे एजेंसी के आदमियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा। इसकी पुरी जिम्मेदारी एजेंसी की होगी। उनका गुमशता एवं ट्रेड लाईसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा। पुरे नगर के चौंक-चौराहो को बैनर पोस्टर लगाकर खराब किया जा रहा है। इससे दुर्घटना होने की पुरी संभावना बनी रहती है।

**पलारी में उर्स पाक आज**

**पलारी** 15 अप्रैल। हर साल की इस साल भी कौमी एकता उर्स कमेटी द्वारा हजरत सैय्यद अब्बास अली रहमत तुललाह आलेह का सलाना उर्स पाक मनाया जाएगा इस मौके पर शहर मे शाही सँदल चादर निकाली जाएगी जो नगर का गश्त करते हुए दरगाह शरीफ पँहूचकर चादरपोशी कर नगर सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी जाएगी।



# बुधवारी सब्जी बाजार को यथावत स्थान पर पुन: प्रारंभ करने किया नपा का घेराव

**डोंगरगढ़**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में बुधवारी सब्जी बाजार को यथावत स्थान पर पुन: शुरू करने आज वार्ड नंबर 14 व 15 के लगभग सौ लोग उपस्थित हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने नगर पालिका पहुंचकर घेराव किया पालिका अध्यक्ष उस समय पहुंचे नहीं थे तो उन्होंने पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा के कमरे में जाकर उनसे मुलाकात की और अपनी बात रखी वहां पहुंची महिलाओं ने बताया कि कोरोना काल में अस्थाई रूप से पुराने अस्पताल के सामने स्थित पुजारी सब्जी मंडी बंद कर दी गई थी जो अब तक उन्हें प्रारंभ नहीं की गई है जबकि इसके पूर्व पालिका के कार्यकाल में इसे 26 लाख रुपए की लागत से बनवाया भी गया था उसके बाद वैसे ही छोड़ दिया गया इससे बुधवारी पारा एवं आसपास के वार्डों के निवासियों को सब्जी खरीदने में असुविधा हो रही है उन्हें मजबूरन सब्जी खरीदने के लिए गोल बाजार स्थित सब्जी बाजार जाना पड़ता है जिस समय और धन दोनों की हानि हो रही है तथा अत्यधिक भीड़ होने के कारण यातायात पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बुधवारी सब्जी बाजार आसपास के नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करता था और उनका महत्वपूर्ण क्रय विक्रय केंद्र था। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुधवारी सब्जी बाजार को यथावत स्थान पर पुन प्रारंभ करें नागरिकों के इस निवेदन पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सभापति अमित जैन ने अपनी सहमति जताते हुए कहा कि हमने आपके आवेदन से पूर्व ही पीआईसी की बैठक में इस मुद्दे को शामिल किया है तथा जल्द ही इस पर निर्णय जनता के हित में किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में लोकेश्वर साहू पारस साहू अजीत परिहार रोशनी ज्वेलर्स मोंटी भाटिया अमित पांडेय गुरप्रीत सिंघ भाटिया श्रीमती लतिका साहू दिलेश्वरी साहू रितु साहू कांति साहू फुलेश्वरी साहू नंदिनी केसर साहू रुक्मणी साहू रामेश्वरी साहू राजकुमारी साहू कनकराज साहू त्रिलोचन जंघेल धीरज साहू मोतीराम यादव मोनू साहू सुनील




साहू सुदेश टेंबुरकर नरेंद्र कुमार पांडे अंकित पांडे मिथिलेश स्वामी काशीराम साहू राजेश देवांगन सेवाराम साहू अमरजीत सिंह जनता इलेक्ट्रिकल संजय साहू उषा साहू पूर्णिमा साहू ललित साहू भगवंतीन साहू खिलेश्वर साहू देवेश्वरी साहू चंपा साहू द्रोपती साहू लक्ष्मी साहू भागचंद साहू भारत साहू फुलेश्वरी साहू ज्ञानचंद साहू लक्ष्मी साहू नीलम यादव राम निषाद जयप्रकाश साहू किरण लिल्हारे चंद्रमणि बसेना संगीता मेश्राम दुर्गा सूर्यवंशी सीमा यादव मनोरमा मेश्राम द्वारिका देवी मेश्राम उत्तम कुमार देवांगन राहुल देवांगन दीपक कुमार आर परिहार मनजीत सिंह हस्ती जंघेल शंकर लाल लारिया राबिया बिंदु साहू रणजीत सिंह अमित पटवा अभिराज भाटिया हरदीप सिंह भाटिया दीनदयाल सिन्हा वीणा पटेल मुन्नी यादव वेद कुमार दुर्गा सूर्यवंशी शीतल पाल पुनम निषाद पार्वती सूर्यवंशी फिरंगी यादव सुमार्वती पाल कृष्ण यादव राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। 26 लाख रु की लागत से बने सब्जी मंडी बना असमाजिक तत्वों का डेरा जमा रहता है। वार्ड वासी एवं आम नागरिक को हो रही है परेशानी जिसे लेकर आज सब्जी मंडी के पास रह रहे वार्ड वासी एवं दूकानदार को बड़ी परेशनियों का ससमना करना पड़ रहा है जानकारी के अनुसार देर शाम होते ही मंडी में शराबियो का अड्डा बन जाता है। महिलाओं ने मुखर होकर अपनी बात रखी और बताया की शाम होते ही महिलाएं उसे मार्ग से गुजर नहीं पाती यह स्थान शराबियों का अड्डा बन जाता है असामाजिक तत्व वहां महिलाओं को छेड़ते भी हैं जिस पर श्री डोंगरे ने जल्द ही इस घटना से पुलिस को अवगत कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि गोल बाजार सहित बुधवारी बाजार में भी सड़क पर सब्जी बेचने वाले या अन्य सामान बेचने वालों को जल्द ही व्यवस्थित किया जाएगा जो निर्धारित स्थान पर सामग्री का विक्रय नहीं करेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी जिससे नगर की यातायात की व्यवस्था सुचारू हो। सफाई व्यवस्था के बारे में भी उन्होंने संज्ञान में लिया और कहा कि यह सिर्फ नगर पालिका है कि ही जिम्मेदारी नहीं है नागरिकों को भी इसमें आगे आना होगा शासन ने सभी 24 वार्डों के लिए डोर टू डोर कचरा एकत्र करने की व्यवस्था दी है महिलाएं सुबह पहले बिना भेदभाव के हर घर से कचरा एकत्र कर रही हैं। उसके बाद चैक चैराहों पर तथा व्यावसायिक स्थलों पर बेहिसाब कचरा डंप हो रहा है जल्द ही नगर पालिका इसके लिए सार्वजनिक स्थानों पर कचरा पेटी लगाएगी उसके पश्चात सड़क पर कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पालिका अधिकारी अनुपस्थित नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा की अनुपस्थिति पर लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा कि नगर पालिका में जब भी किसी भी कार्य के लिए नागरिक पहुंचते हैं पालिका अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं सप्ताह में एक या दो दिन ही उनकी उपस्थिति नजर आती है ऐसी स्थिति में नागरिक किस अपनी समस्याओं के लिए आवेदन करें उन्होंने पालिका अधिकारी की अनुपस्थिति पर खासी नाराजगी व्यक्त की।

## अंबेडकर जयंती रैली में भाजपाइयों ने नगरवासियों को दिया स्वच्छता का संदेश



**डोंगरगढ़**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। बाबा साहब आम्बेडकर जयंती पर बौद्ध समाज द्वारा निकाली रैली में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती सहित नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरेए मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना ने सफाई करके नगर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया वहीं स्वास्थ्य केंद्र के सामने भाजपा द्वारा रैली का स्वागत करके शरबत वितरण किया गया इस दौरान प्रदेश भारत का महामंत्री रामजी भारती नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संगीता टेबूरकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मगे लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रदीप बाघ एभाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वरए पार्षद देवेंद्र साखरेए रेखा राघवते प्रीर्ति समुदे सराफराज नवाज पप्पू नामदेव जैन कुमार मेश्रामए अनिल मेश्राम महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव अनीता इंदुरकर सुषमा कोठारी एसपी मिश्रा भीषम ठाकुर विश्वनाथ यादव ज्योति बड़वाईक मीना यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जय भीम से गुंजा धर्मनगरी रैली में उमड़ा बौद्ध समाज का जनसैलाब

**डोंगरगढ़,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के 134 वीं जयंती के अवसर पर आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के तत्वावधान में शाम 6 बजे से नगर की सबसे बड़ी रैली का आयोजन बुद्ध विहार से विशाल रैली एवं झांकी व छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित नृत्य के साथ अनुशासित तरीके से निकाला गया ए रैली बुद्ध विहार से प्रारंभ होकर जो कि जयस्तंभ चौक गोल बाजार रेल्वे चौक का रास्ता तय करते हुये वापस बुद्ध विहार में समाप्त हुई। रैली में बौद्ध समाज का विशाल जनसैलाब सहित 7 डीजे रहे जिसमे बुद्ध व भीम गीतों के साथ जय भीम के नारों से नगर गुंजा जोरदार फटाकों की आतिशबाजी की गई। जयस्तंभ चौक पर बुद्ध विहार से निकलने वाली रैली के साथ साथ मे अलग अलग वार्डो से निकलने वाली रैली जयस्तंभ चौक पर शामिल होकर लगभग 2 किमी लम्बी एक विशाल रैली रूप धारण किया जो देखते ही बनता था। भाजपा कांग्रेस पार्टी सहित अन्य समाज के लोगों ने शोभा यात्रा का भव्य स्वागत कर



नागसेन बुद्ध विहार के सदस्यों ने सफाई कर की सेवा रू. नागसेन बुद्ध विहार के सदस्यों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सफाई का संदेश दिया जहाँ एक ओर जगह जगह स्वल्पाहार की व्यवस्था थी वहीं उनसे होने वाला कचरे को युवाओं के द्वारा सड़क की झाड़ू से सफाई कर उन्हें उठाकर कचरा गाड़ी में इकट्ठा कर सफाई का संदेश दिया।

बौद्ध समाज के द्वारा आम्बेडकर जयंती के अवसर पर रैली निकालनी की परंपरा प्रारंभ हुई थी जो आज तक जारी है जिसके समाज के लोगों का योगदान सराहनीय हैं। जयंती के शुभ अवसर पर काग्रेस भाजपा सहित विभिन्न समिती व समाज के द्वारा रैली का स्वागत किया गया वही इनके द्वारा स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। इस रैली में भारी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाये उपस्थित रहे।

## परसोदा में 22 एकड़ में लगी आग, फायर बिग्रेड बुलाया



**गुण्डरदेही,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार दोपहर ढाई बजे अचानक मौसम के बदले मिजाज से आए तूफान मे खेत की सफाई मे लगाए गए आग से ग्राम परसदा (मोखा) के तीन किसानो के 22 एकड़ के पैरावट जलकर खाक हो गया जानकारी के अनुसार खेत के मेढ़ मे सूखे पेड़ के जड़ को नष्ट करने के लिए किसान द्वारा आग लगाई गई थी जो हवा तूफान आने के कारण आग की लपटे गांव के पास रखे पैरावट में जा पहुंचा जिससे किसान धनराज साहू के 10 एकड़ धनेश साहू के 7 एकड़ और सोनसाय साहू के 5 एकड़ के पैरावट मे आग लग गई आनन फानन मे बालोद से फायर बिग्रेड के गाड़ी को बुलाया गया जिससे आग को काबू नही कर पाया देर रात तक आग बुझाने का कार्य जारी था इस आगजनी से तीनों किसानो को लगभग 1 लाख से भी ज्यादा का नुकसान होने की संभावना जताई है पीड़ित किसानो ने बताया की इसकी जानकारी गुण्डरदेही तहसीलदार को दिया गया।

## पोस्ट ऑफिस में लगी बाबा साहेब की डाक टिकट की प्रदर्शनी

**बालोद**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। देशभर में संविधान के निर्माता बाबा साहेब बीआर अंबेडकर की जयंती मनाई गई। उन्होंने ना सिर्फ आजादी की लड़ाई में एक अहम भूमिका निभाई बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए संविधान निर्माण की भी जिम्मेदारी उठाई। हर साल उनकी जयंती को समरसता दिवस के रूप में भी धूमधाम से मनाया जाता है। इस कड़ी में बालोद के पोस्ट ऑफिस में उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित डाक टिकट की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जिन्हें शासन द्वारा विभिन्न अवसरों पर जारी किया गया है। उक्त टिकटों का संग्रहण नगर के वरिष्ठ संग्राहक डॉ प्रदीप जैन के द्वारा किया गया है। लोगों को अंबेडकर के कार्यों और देश के संविधान निर्माण में योगदान के प्रति जागरूक करने के लिए उन्होंने पोस्ट ऑफिस में टिकटों की प्रदर्शनी लगाई है। ज्ञात हो कि 14 अप्रैल 1891 में जन्मे बाबा साहेब की इस साल 134 वीं जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने देश से जाति प्रथा और समाज में कुव्यवस्था को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई थीण् उनका मानना था कि सभी जाति के लोगों को एक जैसा अधिकार मिलना चाहिए ताकि आगे चलकर किसी भी प्रकार भेदभाव ना हो। उन्होंने अपने जीवन काल में कई महत्वपूर्ण आंदोलनों में भी हिस्सा लिया एक दलित परिवार से आने वाले बीआर अंबेडकर ने अपने जीवन में बहुत यातनाएं झेलीं लेकिन कभी किसी कमजोर का साथ नहीं छोड़ा। टिकट प्रदर्शनी के साथ उनके जयंती पर मीडिया के जरिए डॉक्टर जैन ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष के कुछ पलों के बारे में भी बताया। उन्होंने आंबेडकर के बारे में बताया कि वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद, राजनेता तथा समाज सुधारक थे। अपने प्रगतिशील कृतित्व और रोशन व्यक्तित्व के कारण वे आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। डॉ बाबासाहब आम्बेडकर लोकप्रिय,




भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक भी थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और उन्होंने तथाकथित दलितों में व्याप्त भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। उनके सफल नेतृत्व में ही हमने भारतीय गणतंत्र का सपना साकार होते देखा। भारत सरकार द्वारा उनके सम्मान में सन् 1966, 1991 एव 2015 में विभिन्न अवसरों पर डाक टिकट भी जारी किए गये। डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता के तौर पर प्रसिद्ध हैं। डॉण् भीमराव अंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्षरत रहा है। जनहित में किये गए उनके प्रयासों और देश के गरीबों और दलितों के लिए किये गए उनके कार्यों के लिए उन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया गया था।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के लिए विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा प्रारंभ

**बेमेतरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने हेतु बेमेतरा जिले में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। यह अभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य शत-प्रतिशत नये आवास सर्वेक्षण को पूर्ण करना है। यह कार्य 'मोर दुआर साय सरकार' अभियान के तहत किया जा रहा है।

**यह कार्य 'मोर दुआर साय सरकार' अभियान के तहत किया जा रहा**

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची तथा आवास प्लस सूची में छूटे पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 17 सितम्बर 2024 को आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया था। भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण का कार्य ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र द्वारा किया जा रहा है। ये अधिकारी आवास प्लस एप के माध्यम से लाभार्थियों का डेटा एकत्रित कर रहे हैं। इसके साथ ही पात्र हितग्राही स्वयं भी अपने मोबाइल के माध्यम से सर्वेक्षण कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें आवास प्लस एप का नवीनतम संस्करण 2.1.20 तथा आधार फेस आईडी एप को प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपने आधार कार्ड व जॉब कार्ड की जानकारी अपलोड करनी होगी। यदि किसी लाभार्थी को तकनीकी समस्या आती है, तो वे संबंधित जनपद पंचायत के आवास कर्मी, ग्राम पंचायत सचिव, आवास मित्र या रोजगार सहायक से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सर्वेक्षण की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने हेतु ग्रामीणों को स्थानीय बोली व भाषा में भी जानकारी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

## प्रादेशिकी का शेष...

### एकाएक हुई घंटे भर की ...

इत्यादि पहनकर निकले थे। एकाएक दोपहर 3 बजे हल्की हवा चली और फिर बूंदाबांदी शुरू हो गई। देखते ही देखते बूंदाबांदी ने वर्षा का रूप धारण कर लिया। यह वर्षा लगभग एक घंटे से भी ज्यादा देर तक चली। राहगीरों ने किसी तरह दूकानों, जगह जगह बने यात्री प्रतिक्षालय, मंदिरों, पेट्रोल पंपों के शेड के नीचे छुपकर खुद को भींगने से बचाया। इसी तरह की स्थिति शीतला मार्केट महिला समृद्धि बाजार, इंदिरा मार्केट, व अन्य बाजार क्षेत्रों में देखने को मिली। सैकड़ों महिला पुरूष बाजारों में घूमघूम कर शापिंग, मार्केटिंग कर रहे थे कि एकाएक बारिश में तरबतर होने लगे। बाजार क्षेत्रों में भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। लोगों ने खुद को दूकानों इत्यादि के शेड के नीचे छुपकर खुद को भींगने से बचाया।

इश वर्षा से शहर के कुछेक स्थानों में पानी भरने की भी शिकायतें मिल रहीं थी मगर वर्षा बंद होने के 15-20 मिनट में पानी नालियों के माध्यम से बाहर निकल गया।

### तेज हवा-बारिश से ...

टंकीयो में पानी नहीं भरा जा सका जिसके कारण आज शाम की पाली में खुलने वाली नल की पानी सप्लाई नहीं हो पाई है चूंकि टंकीयो में पानी भरने में 4 से 8 घंटा का समय लगता है इस कारण बुधवार सुबह निर्धारित समय में पानी सप्लाई की जाएगी।

### जनसमर्पण सेवा संस्था ने...

श्री शर्मा ने बताया कि विगत साढ़े 8 वर्षो से संस्था द्वारा लोगों को भोजन सेवा देने के अलावा साबुन निरमा, तेल, दवाईयां दूध जैसी रोजमर्रा जरूरत की वस्तुएं, दिव्यांगों के लिये व्हील चेयर, ट्रायसिकल, वैशाखी, का वितरण किया गया है। इसके अलावा ठंड से बचाव के कंबल इत्यादि का वितरण किया जाता है। अब तक 48 सौ से अधिक कंबल व 53 ट्राइसिकल वितरित किये जा चुके है। गौवंश के लिये 1 हजार से ज्यादा रेडियम की पड़िया गाय के गले में बांधी जा चुकी है। श्री शर्मा ने कहा कि जनसहयोग से जनसेवा का यह कार्य आगे भी चलना रहेगा। संस्था द्वारा रोगियों के लिये एंबुलेंस सेवा भी शुरू की गई है।

## कुम्हारी भाजपा ने मनाई अम्बेडकर जयंती



**कुम्हारी,** 15 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश और जिला संगठन के निर्देश अनुसार सोमवार को कर्मा भवन बाजार चौक वार्ड क्रमांक 7 में कुम्हारी मंडल के द्वारा संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं संगोष्ठी का कार्यकम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं कार्यक्रम के प्रभारी राकेश पाण्डेय उपस्थित रहे, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया एवं मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी राकेश पाण्डेय ने डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान का भारतीय लोकतंत्र में उसकी महत्ता का विश्लेषण करते हुए अपनी बात रखी। इसके अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, तृप्ति चंद्राकर, पार्षद अश्वनी देशलहरे, हरिदास वैष्णव, मनोज वर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने भी अपना उदबोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार सोनी ने किया एवं आभार श्रीमती सुनीता कुर्रे के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में पार्षद उमाकांत साहू, उमेश्वरी साहू, हेमलता निषाद, माखन कोसरिया, दीपक चतुर्वेदी, सुमित द्विवेदी, इमरान रिजवी, गोविंद बघेल, गीता निर्मलकर, दिलेश्वर मारकंडे, ,जुली सिंह, फिंगेश्वर साहू, नारायण सोनकर, तिलक परिहार, खिलेश्वरी टंडन, साधना स्वर्णकार, राजा सोनकर, कवि ठाकुर, योगेश ठाकुर, गीतेश धीवर, हरीशचंद्र विश्वकर्मा एवं राममुरारी निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पंचायत आपरेटर संघ ने मानदेय को लेकर सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही,** 15 अप्रैल। मंगलवार को ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ की बैठक जनपद पंचायत गुण्डरदेही में आहूत की गई थी जिसमें अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी गुण्डरदेही अतिरिक्त तहसीलदार शिक्षा विभाग से बीईओ एबीईओ के साथ सहायक अतिरिक्त करारोपण अधिकारी मौजूद थे बैठक मे अधिकारियों को ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटरों की स्थिति एवं मानदेय के संबंध में बताया गया की ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटरों की मानदेय न्यूनतम है और इस न्यूनतम 25 सौ रुपए.मानदेय में ही हमें जनपद एवं जिला पंचायत में कार्य करने जाना होता है। इसके अलावा तहसील स्तर व जनपद स्तर पर अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जाती है लेकिन किसी प्रकार का मानदेय या भत्ता नहीं दिया जाता है साथ ही मानदेय 4-6 माह में दिया जाता है। उक्त ज्ञापन की सूचना छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, प्रदेश सचिव दीपक ठाकुर एवं सह सचिव सुरेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव चिमन साहू, सहायक सचिव ताम्रध्वज निर्मल एवं 117 ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटरों की उपस्थिति में सौपा गया।

## भाजपा टेकाढ़ोड़ा में डॉ. अम्बेडकर की जयंती मनाया, किया नमन



**कुसुमकसा/ डौण्डी,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कुसुमकसा /टेकाढ़ोड़ा ग्राम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा नेता संजय बैंस सभा को संबोधित किया और कहा की भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसुमकसा के द्वारा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर ग्राम टेकाढ़ोड़ा मे माहार समाज के साथ सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर जी वा भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की गई व झंडारोहण किया गया। फिर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देशानुसार सेवा पख्वाड़ा के तहत डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जेयंती मनाया गया। भाजपा पार्टी कुसुमकसा मंडल लगातार बाबा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमाओं में जाकर समाज के बीच जाकर इस कार्यक्रम को करती है। कार्यक्रम के एक दिन पूर्व भी इस प्रतिमा में जाकर प्रतिमा के आसपास की भी साफ सफाई भाजपा डौंडी मंडल के कार्यकर्ताओं ने की थी इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि सोमेश साहू पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस संतोष जैन पुष्पजीत बैस कमल कांत साहू कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, साथ ही माहार समाज के अनुयाई भी उपस्थित रहे।

**देश के महापुरूषों की जयंती पर भाजपा समाज के बीच जा कर करती कार्यक्रम : संजय बैस**

## मुस्कान नामदेव ने 11वीं बायोलॉजी में 91.4 प्रतिशत अंक हासिल की



**गुण्डरदेही,** 15 अप्रैल। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल गुण्डरदेही के स्टुडेंट व राजेश नामदेव की पुत्री कुमारी मुस्कान नामदेव ने 11 वी बायोलॉजी मे 91.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता पिता स्कुल व अपने नगर का नाम रौशन किया है। ज्ञात हो कि मुस्कान नामदेव पिछले वर्ष 10 वी मे भी 95 प्रतिशत अंक हासिल किया था नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन उपाध्यक्ष विजय सोनकर नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष दर्शन जैन गुण्डरदेही हरीश चावड़ा सुरेश सोनी सोहन सोनी केशव साहू चेतन साहू सहित आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षको ने बधाई दी है।

## सारंगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हेतु आवेदन 22 तक

**बिलाईगढ़,** 15 अप्रैल (देशबंधु)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत नगरीय निकाय सारंगढ़ के वार्ड 10 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से एकीकृत बाल विकास परियोजना खेलभांठा सारंगढ़ में 22 अप्रैल 2025 तक आवेदन आमंत्रित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित वार्ड या नगरीय निकाय का निवासी होना चाहिए। नगरीय निकाय के मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर उसकी कॉपी या निवास प्रमाण पत्र में वार्ड के निवासी के लिए पार्षद या पटवारी का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए।

## निधन

### हितेश्वरी वर्मा

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार**, 15 अप्रैल। ग्राम पुरान निवासी देवकी-खेमराम वर्मा की पुत्री हितेश्वरी (हिना) वर्मा का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बुधारु राम जायसवाल

**भाटापारा,** 15 अप्रैल। भाटापारा स्थानीय ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड निवासी बुधारु राम जायसवाल 77 वर्षीय का 14 अप्रैल को शाम 7 बजे निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे स्व. जायसवाल अपना पूरा भरा परिवार छोड़ गए। आज प्रात: 11 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें स्वाजाति बंधु सहित अनेक मौजूद थे। वे दिलीप, उमेंद जायसवाल के पिता व हर्ष जायसवाल के दादा थे।



### अरुण कुमार धूरंधर

**तिल्दानेवरा,** 15 अप्रैल। ग्राम ताराशिव निवासी अरुण कुमार धुरंधर (दाऊजी) 69 वर्ष, का आकस्मिक निधन 14 अप्रैल सोमवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम ताराशिव के मुक्तिधाम में किया गया। वे शीतल, गायत्री, शालिनी एवं सुनील, सपना के पिता थे। अंतिम संस्कार में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।



### दीपक श्रीवास्तव

**दुर्ग,** 15 अप्रैल। पोलसाय पारा दुर्ग निवासी दीपक श्रीवास्तव पिता स्व.गोपाल श्रीवास्तव उम्र 43 वर्ष रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे एएसआई यशवंत श्रीवास्तव के साले थे।



### अवधेश कुमार चंद्राकर

**बागबाहरा,** 15 अप्रैल। ग्राम पंचायत खोपली निवासी अवधेश कुमार चंद्राकर का आज मंगलवार 15 अप्रैल की सुबह हार्ट अटैक आने से दुखद निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। वे क्षेत्र के भाजपा नेता दिनेश कुमार चंद्राकर के छोटे भाई थे। जिनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को ग्राम खोपली में किया गया। स्व. चंद्राकर के निधन पर ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



# रणवीरपुर में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुई भावना बोहरा

■ पद्मश्री अनुज शर्मा और आरूग बैंड की प्रस्तुती



**कवर्धा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार को ग्राम रणवीरपुर में श्री शीतला माता प्राचीन मूर्ति के नूतन मंदिर प्रतिस्थापना के अवसर पर पद्मश्री अनुज शर्मा जी एवं आरूग बैंड द्वारा भव्य भजन संध्या के आयोजन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं और ग्रामवासियों के साथ भजन संध्या में मातारानी के भक्तिमय गीतों का रसपान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालुगण ने भजन संध्या में सहभागिता निभाई और माँ शीतला के नूतन मंदिर में दर्शन भी किये। ग्राम सेमरहा के बच्चों ने भी मंदिर में दर्शन कर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक भक्ति गीत की प्रस्तुती भी दी। इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने भी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि मातारानी की भक्ति से ओतप्रोत, श्रद्धा और ऊर्जा से परिपूर्ण इस संध्या ने सम्पूर्ण वातावरण को दिव्यता से आलोकित कर दिया। भाव-विभोर कर देने वाले भजनों ने मन को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई। इस अवसर पर उन्होंने माँ शीतला के चरणों में नमन करते हुए जनकल्याण और छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि भजन संध्या एक आध्यात्मिक आयोजन है जिसमें भक्ति भजनों और गीतों के माध्यम से ईश्वर की भक्ति की जाती है। ऐसे आयोजन आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह आध्यात्मिक उन्नति का आधार है, भजन संध्या में भक्ति भजनों और कीर्तन के माध्यम से व्यक्ति ईश्वर के साथ गहरा संबंध स्थापित करता है। यह मन को शांति प्रदान करता है और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाता है।

उन्होंने आगे कहा कि भक्ति भजन हमें मानसिक शांति प्रदान करता है, भजनों की मधुर धुनें और भक्ति भाव तनाव को कम करते हैं। यह ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है वहीं यह सामाजिक एकता का भी प्रतीक है जिसमें लोग एक साथ आते हैं, जिससे समुदाय में एकता और भाईचारा बढ़ता है। यह सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है। यह भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है। इसमें पारंपरिक भजनों और संगीत के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर का प्रसार होता है। इसके साथ ही हमें नैतिक प्रेरणा, करुणा और सत्य के संदेश देते हैं, जो लोगों को अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित करते हैं। मातारानी के जगराते और भजन भगवान के प्रति हमारी प्रगाढ़ आस्था, विश्वास एवं भक्तिभावना का प्रेरणापुंज है जो हमारे व्यवहार एवं विचार में सकारात्मक प्रेरणा तथा उर्जा का संचार करता है। मैं इस भजन संध्या में पधारे समस्त क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों एवं भक्तों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ जिनकी सामूहिक सहभागिता से नूतन मंदिर में माँ शीतला की प्राचीन मूर्ति की प्रतिस्थापना और भजन संध्या का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# विधायक दीपेश ने बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की




**बेमेतरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बहिंगा पंचायत के आश्रित ग्राम करही में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू ने बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरान विधायक श्री दीपेश साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, च्बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अप्रतिम पुरोधा थे। यह दिन केवल एक जयंती नहीं है, यह एक विचार, एक चेतना और एक क्रांति की स्मृति है। उनका जीवन त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा है। उनके विचार आज भी हम सबको समाज में एकता और समरसता बनाए रखने की सीख देते हैं। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम एक समावेशी और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।ज्ज उन्होंने आगे कहा कि आज की युवा पीढ़ी को बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए, ताकि वे अपने गांव, राज्य और देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकें। उन्होंने कहा की बाबा साहब का मानना था कि च्शिक्षा वह शस्त्र है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं।ज्ज उन्होंने खुद असंख्य कठिनाइयों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज के लिए प्रेरणा बने। कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स जैसे विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों से उन्होंने शिक्षा प्राप्त की, लेकिन अपने ज्ञान को कभी निजी उपलब्धि नहीं बनाया, बल्कि उसे समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया द्य आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो यह आवश्यक है कि हम उनके दिखाए रास्ते पर चलें। सामाजिक समरसता, समान अवसर, और सबके लिए न्याय ङ्क यही उनके विचार थे। हमें भी अपने जीवन में उन मूल्यों को आत्मसात करना होगा, जिनके लिए बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।

इस अवसर पर अवधेश सिंह चंदेल जी पूर्व विधायक बेमेतरा एवं मंत्री प्रदेश भाजपा छ.ग., भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, हेमा जय दिवाकर, अध्यक्ष ज. पं. बेमेतरा गजानंद साहू जी, अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल बेमेतरा प्रबल सिंह ठाकुर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति जेवरा , हर्ष वर्धन तिवारी,रीनासाहू, ललिता साहू महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, ,टोपसिंह टंडन, शक्ति केन्द्र प्रभारी जेवरा,संदीप खरें, पूर्व सरपंच ग्रा. पं. बहिंगा जयकुमारी देवशरण साहू सरपंच,प्रमिला खरें उपसरपंच पिंकी गुप्ता संजू सिँह ओमेश्वरी साहू समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-बहिंगा करही उपस्थित रहे ।

# राष्ट्र स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता में डेयरी पॉलीटेक्निक बेमेतरा ने मारी बाज़ी

**बेमेतरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय डेयरी संघ एवं दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में 10 एवं 11 अप्रैल 2025 को डॉ. सी. राजेश्वरी सभागार, श्री सत्य साईं शोभाज्ञान मानव विकास केंद्र, अटल नगर, नवा रायपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का विषय च्डेयरी उद्योग॰ रोजगार एवं स्वास्थ्य परक दीर्घकालिक उपक्रमज्ज था।



कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री माननीय टंकराम वर्मा ने की। इस अवसर पर देशभर से आए डेयरी विशेषज्ञ, दुग्ध उत्पादक कृषक, डेयरी उद्योगों के प्रतिनिधि एवं डेयरी प्रशिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी शामिल हुए।

सम्मेलन के दौरान आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय चीज प्रतियोगिता में देशभर के 25 प्रमुख डेयरी महाविद्यालयों ने भाग लिया। चार चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता में डेयरी पॉलीटेक्निक, बेमेतरा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरियाणा) ने द्वितीय तथा कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हिसार (हरियाणा) ने तृतीय स्थान हासिल किया।

उल्लेखनीय है कि बेमेतरा जिले के चोरभट्ठी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक, बेमेतरा की स्थापना मात्र चार वर्ष पूर्व हुई थी, और इतने कम समय में राष्ट्रीय स्तर पर यह सफलता संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यहां डेयरी टेक्नोलॉजी विषय में द्विवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है, जिससे उत्तीर्ण विद्यार्थी राज्य के विभिन्न संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं।

प्रतियोगिता में डेयरी पॉलीटेक्निक, बेमेतरा की विजेता टीम की सदस्याएं अनुभूति द्विवेदी एवं निकिता शर्मा को मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम पुरस्कार स्वरूप टैब प्रदान किए गए।यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि प्रदेश में डेयरी शिक्षा के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं की सशक्त पहचान भी है।

# नपं अध्यक्ष अनीता अग्रवाल को प्रदान किया गया अग्र गौरव सम्मान

**थानखम्हरिया,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में अग्रवाल समाज के द्वारा आयोजित 'अग्र गौरव सम्मान'कार्यक्रम में थानखम्हरिया नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल का सम्मान किया गया।



हाल ही में संपन्न हुये छ. ग. नगरीय निकाय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के चुनावों में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि चुने जाने पर अग्रवाल सभा रायपुर तथा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में मैक कॉलेज ऑडिटोरियम समता कॉलोनी रायपुर में इनका अग्र गौरव सम्मान किया गया। थानखम्हरिया नगर पंचायत की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल का इसी क्रम में सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अनीता अग्रवाल का सम्मान किया। अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, बिशंभर अग्रवाल आदि की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। अनीता अग्रवाल को सम्मानित किये जाने पर पुरूषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, आशीष अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अतुल सिंघानिया, हरि अग्रवाल, हितेश कागलीवाल, साकेत अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, साकेत सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, पंकज अग्रवाल, यशेष अग्रवाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अनीता अग्रवाल को बधाई दी।

# डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को मिला भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर इंटरनेशनल अवार्ड

**कवर्धा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को भारत सरकार के नेशनल इंस्टीट्यूट फ़ॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति आयोग) और संयुक्त राष्ट्र वैश्विक बाजार से पंजीकृत संस्थान वर्ल्ड अगेंस्ट करप्शन पीपल कॉउन्सिल, पुणे, महाराष्ट्र द्वारा प्रतिष्ठित भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर इंटरनेशनल अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। डॉ. चन्द्रवंशी को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों और समाज में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उनकी शिक्षा, सामाजिक सेवा और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके प्रयासों को मान्यता देता है। डॉ. चन्द्रवंशी पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, जिनमें वर्ल्ड रिकॉर्ड भी शामिल है। यह नवीनतम सम्मान उनकी उपलब्धियों की सूची में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उनके समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह पुरस्कार न केवल डॉ. चन्द्रवंशी के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षकों, परिजनों, मित्रों व संघ पदाधिकारियों ने बधाई दिया है।



सुशासन तिहार

# आवेदन निराकरण व समाधान शिविर की तैयारियों पर जोर

■ ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करें: सीईओ अग्रवाल



**बेमेतरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री टेकचन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंकिता गर्ग जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीउपस्थित थे ।

बैठक की शुरुआत में श्री अग्रवाल ने 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित सामाजिक समरसता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ आगामी सुशासन तिहार - 2025 में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय-सीमा के भीतर किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निराकरण पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) की सहायता ली जा सकती है, जो कि अधिकृत व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की गई है7

श्री अग्रवाल ने कहा कि आगामी माह 5 मई से 31 मई 2025 तक होने वाले समाधान शिविर भी अच्छे ढंग सम्पन्न करें ।इन शिविरों में समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों की संबंधित लोगों को किए गए निराकरण की जानकारी भी दी जायेगी । इसके अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस इसके लिए समय रहते तैयारी कर ली जाए। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंकिता गर्ग, जिले के सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिले में दौरे के दौरान मोर दुआर साय सरकार विशेष पखवाड़ा (15 से 30 अप्रैल) के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की जानकारी लाभार्थियों तक पहुँचाने और योजना की पात्रता संबंधी जानकारी देने के लिए भी प्रयास किए करें। इसके अलावा भूजल संरक्षण हेतु जनजागरूकता बढ़ाने और जल संरक्षण हेतु लोगों प्रेरित भी किया जाए ।

# निपानी में महिला की हत्या के मामले में सभी पहलुओं पर संदेहियों व परिजनों से बयान लेकर पुलिस छानबीन जारी

■ हाल जानने मृतका के घर पहुंची विधायक

**बालोद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। बालोद ब्लाक के ग्राम निपानी में 35 वर्षीय महिला मीना उर्फरामबती साहू की सिर पर गंभीर वार कर की गई जघन्य हत्या के मामले में बालोद पुलिस अब तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सभी पहलुओं पर छानबीन जारी है। तो वही संदेहियों से भी पूछताछ रही है। पहले शक की सुई परिवार के लोगों पर ही अटकी हुई है। इस घटना में कई सवाल सामने हैं। जिन्हें सुलझाने का प्रयास पुलिस कर रही है। जिस घर में महिला की हत्या हुई उसी के दीवार से लगे हुए परिवार के अन्य सदस्यों का घर है। सोचने वाली बात है कि इतनी बड़ी हत्या हुई और बगल में रहने वाले लोगों को इसकी भनक तक ना लगी। ऐसे में पुलिस को पहले संदेह रात में आसपास रहने वाले परिवार के सदस्यों पर ही है। तो वही उनके पति से भी पूछताछ की गई है कि वह वास्तव में नाचा कार्यक्रम में गए थे कि कहीं और थे। इस तरह सभी संदेहियों और परिजनों से अलग.अलग बयान लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर भी एक अनुमान लग जाएगा की हत्या कितने घंटे पहले हुई होगी। पुलिस को करीब रात 2 बजे इस मामले की जानकारी मिली प्रारंभिक जांच में बात आई है कि घटना 11 से 12 बजे के बीच की है। परिवार में उनके बच्चे और कुछ सदस्य किसी रिश्तेदार के षष्ठी कार्यक्रम में गए थे। जो 11 बजे के बाद घर लौटे और बेटी द्वारा ही पहले लाश देखने पर घटना की जानकारी हुई।



गांव में जन चर्चा है कि पहले भी उक्त महिला को परिवार के ही लोगों द्वारा काफी प्रताड़ित किया गया था। कई बार उसके साथ मारपीट की घटना हो गई थी। विगत 10 अप्रैल को भी उनके पति द्वारा उन्हें बेदम पीटे जाने का मामला सामने आया था। जिस पर अपनी जान बचाते हुए घर से पेटिकोट और ब्लाउज में ही भागते हुए महिला कोटवार और पंचायत तक पहुंची थी और न्याय की गुहार लगाई थी। पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा महिला के पति को समझाइश दी गई थी कि इस तरह मारपीट मत किया करो। उनकी पत्नी ने उस समय पुलिस में शिकायत करने की बात कही थी। लेकिन आपसी समझाइश के बाद मामला शांत हो गया था और कही थी कि अगर इसके बाद मेरे साथ इस तरह की मारपीट की घटना होती है तो मैं थाने में शिकायत करूंगी। गांव तक मामला निपट गया था। अब इस घटना के तीन दिन बाद इस तरह महिला की हत्या हो जाना सभी को शक के कटघरे में खड़ा कर रहा है। पुलिस द्वारा फिलहाल इस मामले में मीडिया में कोई खुलासा नहीं किया जा रहा है ताकि जांच प्रभावित न हो और हत्यारे अलर्ट ना हो जाए। इस घटना में एक से अधिक आरोपी भी होने की आशंका है। हत्या से संबंधित हथियार भी घटनास्थल पर नहीं मिले हैं। डॉग स्कायड की टीम भी छानबीन कर रही है तो वही ग्रामीणों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। महिला के मायके पक्ष वालों ने भी मामले में ससुराल पक्ष के लोगों पर संदेह जताते हुए उचित जांच और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है। वहीं निपानी में हुई उक्त 35 वर्षीय महिला मीना साहू की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या की जानकारी मिलने पर बालोद विधायक संगीता सिन्हा मृतका के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंची थी और घटना के संदर्भ में जानकारी ली। परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया और दोषी को सख्त सजा दिलाने की बात कही। इस मौके पर जनपद सदस्य हुलसी साहू, ब्लाक महामंत्री ऐनुराम साहू के सहित ग्राम के स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश में जैन साधुओं पर हुए मारपीट एवम लूटपाट के संबंध में जैन श्री संघ गुंडरदेही के द्वारा राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**बालोद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। 13 अप्रैल 2025 को मध्य प्रदेश के जावद विधानसभा क्षेत्र में सिंगोली के पास कछाला ग्राम के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम हेतु ठहरे हुए जैन समाज के साधुओं से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उनसे लूटपाट के इरादे मारपीट की गई एवं संतों को बुरी तरह से पीटा गया। ज्ञात हो की जैन साधु एवं साध्वी जी महाराज साहब अपने पास किसी भी प्रकार से रूपए पैसे आदि नहीं रखते भोजन भी शाकाहारी घरों से मांग कर ग्रहण करते हैं उपरोक्त शर्मनाक घटना से हम शर्मिंदा है। और



जैन श्री संघ गुंडरदेही इस घटना की कड़ी निन्दा करती है हमारे सनातन धर्म हिंदुओं के आराध्य भगवान हनुमान जी के मंदिर पर बदमाशों ने शर्मनाक हरकत की है यह घटना न केवल समाज की शांति और अहिंसा के सिद्धांतों के खिलाफहै बल्कि मानवीय मूल्यों का भी अपमान है। जैन धर्म हमें दया, करुणा, सहिष्णुता और सम्मान सीखता है और इस तरह की हिंसक घटनाएं हमारे उन आदर्शों को ठेस और हृदय को पीड़ा पहुंचती है।

अहिंसा को परम धर्म मानकर समस्त मानवता और सभी जीवो के कल्याण हेतु अपना जीवन जीने वाले संतों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं सुख साता की प्रार्थना करते हैं उक्त घटना को लेकर निष्पक्ष जांच प्रशासन द्वारा करवा कर जो भी इस घटना के अपराधी हैं उन पर कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग करते हैं ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं पर आकर अंकुश लग सके और पुनरावृति न हो साथ ही यह भी मांग करते हैं कि राष्ट्र की धरोहर इन जैन संतों के विहार के समय स्थानीय प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। इसलिए जैन श्री संघ गुण्डरदेही के द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

# मंत्री राजवाड़े ने गंगा मैया का लिया आशीर्वाद

**बालोद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आकस्मिक बालोद जिले का दौरा किया। इस दौरान मंत्री की औचक निरीक्षण से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। वहीं मंत्री राजवाड़े ने झलमला स्थित गंगा मईया मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सखी वन स्टॉप सेंटर, घरौंदा, वृद्धाश्रम, नशा मुक्ति केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मंत्री के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी नदारत दिखे। वहीं मौके पर समाज कल्याण विभाग की सचिव, महिला बाल विकास विभाग की सचिव, संचालक सहित तमाम आलाधिकारी मौजूद थे। जिला भाजपा संगठन ने सर्किट हाउस में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी और महिला बाल विकास विभाग अधिकारी की शिकायत कर उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाया। जिसके बाद मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आगबबूला हो गई और उन्होंने महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को कड़ी फटकार लगा दी। इस दौरान उन्होंने सुधर जाने की हिदायत भी दी।

## सोमनी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# मोटरसाइकिल शातिर चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

- आरोपियों द्वारा जिले एवं आसपास के जिला में घुम–घुमकर रेकी कर देता था घटना को अंजाम
- मोटर सायकल चोरी करने वाले 3 आरोपी एवं 6 खरीददार गिरफ्तार
- आरोपियों के कब्जे से 11 नग दुपहिया वाहन एवं दो नग कटा हुआ दुपहिया वाहन जप्त




**राजनांदगांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रार्थी टहलदास निर्मलकर पिता सुरेश निर्मलकर उम्र 36 साल निवासी ग्राम ठाकुरटोला दिनांक 13.04.2025 को थाना सोमनी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका मोटर सयकल सुपर स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 08 जी 9985 को उसके घर के सामने से शाम करीबन 04:30 बजे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया, मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया बाद पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में प्रभारी अधिकारी थाना सोमनी उप निरीक्षक जलालुददीन खान के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल की टीम गठित कर आरोपी पता तलाश दौरान मुखबीर सूचना पर से संदेही देवेन्द्र साहू पिता हुकुमचंद साहू उम्र 31 साल निवासी ग्राम बरगाही थाना घुमका जिला राजनांदगांव छ0ग0 को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर घटना दिनांक 13.04.2025 को अपने दोस्त तामेश्वर बारले के साथ मिलकर अपने चोरी के मो0सा0 एचएफ डिलक्स से मो0सा0 सुपर स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 08 जी 9985 को ग्राम ठाकुर टोला से चोरी करना बताये, आरोपी देवेन्द्र साहू से कडाई से पुछताछ करने पर अपने दोस्त तामेश्वर वर्मा पिता मोरध्वज वर्मा उम्र 23 साल निवासी ग्राम ठेलकाडीह थाना ठेलकाडीह जिला के0सी0जी0 छ0ग0 के साथ मिलकर 01. उरला दुर्ग ओव्हर ब्रिज के उपर से एक नीले रंग की पल्सर को चोरी कर बुंदेली के नितेश वर्मा को 15,000/– मे बेचना, 02. करीबन 4–5 माह पहले राजनांदगांव के राजइम्पीरियल होटल के पास से बजाज सीटी 100 नीले रंग को चोरी कर रंग से पेंट कर बुंदेली के नितेश वर्मा को 5,000/– मे 03. करीबन 4 माह पहले खैरागढ शराब भटटी के पास से सुपर स्पैंडर को चोरी कर बुंदेली के रूपेश वर्मा को 10,000/–रू मे बेचना, 04. करीबन 4 माह पहले तुमडीबोड जाकर सुपर स्पैंडर काला ग्रे रंग मोसा0 को चोरी कर भोथी जालबांधा के दुलेश्वर वर्मा को 10,000/–रू मे बेचना, 05. करीबन 2 माह पहले कोहका बाजार चिचोला के पास काले रंग की स्पैंडर प्लस चोरी कर बुंदेली के संजय वर्मा को 10,000/–रू मे बेचना, 06. करीबन 2 माह पहले मोहारा शराब भटटी से एक सफेद रंग के एक्टीवा स्कूटी को चोरी कर धौराभांठा के संजय वर्मा को 8,000/–रू मे बेचना, 07. करीबन 2 माह पहले राजनांदगांव के चौपाटी के पास से काले रंग का एक्टीवा चोरी किये है। 08. करीबन 1 माह पूर्व खैरागढ शराब भटटी के पास से मोसा0 होण्डा ड्रीम युगा को चोरी किये थे जिसे दुकान मे ब्लेड से कांट कर अब्दूल खान कबाडी तिलई के पास टूकडा टूकडा कर के बेचनां, 09. करीबन 20 दिन पहले सिंघोला करमतरा के पास से एचएफ डिलक्स लाल काले रंग की मोसा0 को चोरी करना, 10. करीबन 01 सप्ताह पूर्व ग्राम बघेरा सोमनी से एक मो0सा0 स्पलेण्डर प्लस काला रंग को बताये, आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त मो0सा0 एक्टीवा क्रमांक सीजी 07 व औजार को एवं चोरी की गयी मो0सा0 10 नग कुल कीमती 5,40,000/– रूपये को आरोपीगण से जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपीगण के विरूद्ध धारा 35(1)(ई) बी.एन.एस.एस., 317(2), 303(2) बीएनएस के तहत विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना सोमनी के उनि जलालुददीन खान, सउनि आर0 राजू. प्र0आर0 डूलेश्वर साहू, हेमंत अनंत, आर0 सहबाज सिध्दिकी, बेनु नेताम, मनोज ठाकुर, काली चरण देशमुख, क्षत्रपाल वर्मा एवं सायबर सेल के सउनि द्वारिका लाउत्रे, आर0 आदित्य सिंह, हेमंत साहू, अविनाश झा, मनीष वर्मा, अवधकिशोर साहू का सराहनीय योगदान रहा है।

# पीएमश्री सेजेस गण्डई के छात्रों ने किया दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण




**गण्डई पंडरिया,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर के पीएम श्री स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय, गण्डई, जिला – खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई (छ.ग.) के कक्षा 6वीं से 12वीं के समस्त विद्यार्थियों (हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम) का दल विगत दिनों विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ शैक्षणिक भ्रमण हेतु संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया के नेतृत्व में शाला के एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष संजय राजपूत एवं श्यामपाल ताम्रकार, उपाध्यक्ष नगर पंचायत गण्डई एवं सदस्य एस.एम.डी.सी. ने हरी झंडी दिखाकर क्रमशः कक्षा 09वीं से 12वीं के छात्र–छात्राओं को शंकराचार्य तकनीकी परिसर, जुनवानी रोड, भिलाई एवं छत्रपति शिवाजी तकनीकी संस्थान, धमतरी रोड, दुर्ग एवं अक्षय पात्र, सेक्टर 06, भिलाई में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना किया, यह भ्रमण एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत समग्र शिक्षा, रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देश के आधार पर आयोजित किया गया। कक्षा 06वीं से 08वीं के विद्यार्थियों को भोरमदेव मंदिर एवं संग्रहालय, जिला – कबीरधाम में विजिट हेतु ले जाया गया। विद्यालय के द्वारा कुल दो दिवस का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को खेल–खेल में विज्ञान के अवधारणाओं से परिचित कराना, नवाचार, तकनीकी ज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करना तथा अनुसंधान के भावनाओं को प्रोत्साहित करना था। साथ–ही विभिन्न पुरातात्विक क्षेत्रों के इतिहास की जानकारी से अवगत कराया जाना था। छात्रों के द्वारा विभिन्न विभागों के वर्कशॉप, प्रयोगशाला, मशीनरी एवं उनके कार्यप्रणाली, इंजीनियरिंग के विभिन्न विधाओं एवं क्रियाकलापों को तकनीकी रूप से सीखना एवं समझना तथा सेमीनॉर के माध्यम से विभिन्न विषयों का ज्ञान हेतु कार्यशाला में भाग लिया गया। साथ–ही अक्षय पात्रा में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े रसोई घर में भाप की सहायता से सैकड़ो लोगो के लिए किस प्रकार भोजन तैयार किया जाता है, उसको देखा एवं उससे संबंधित जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने अपने मन में उत्पन्न होने वाली जिज्ञासाओं को शांत करने के लिये अनेको प्रश्न विशेष विशेषज्ञों से किये तथा उनके जवाब प्राप्त किये। कई रोबोटिक मॉडल का विद्यार्थियों ने उत्सुकता से परीक्षण एवं निरीक्षण किया। इसके पश्चात दूसरे दिन नागवंशी राजाओं द्वारा निर्मित छ.ग. का खजुराहों कहा जाने वाला भोरमदेव मंदिर में भ्रमण हेतु विद्यार्थियों को ले जाया गया। जहाँ उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति एवं पारंपरिक धरोहरों को नजदीक से जाना व सराहा। साथ–ही मंदिर के बाहर के उद्यान में विद्यार्थियों के द्वारा झूलों का भी आनंद लिया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव रहा। जिससे उन्हें पाठ्यपुस्तक से पढ़े जाकर विज्ञान एवं संस्कृति को व्यावहारिक रूप से सीखने एवं समझने का अवसर प्राप्त हुआ। संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने बताया कि उपरोक्त शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क था, तथा समस्त सुविधायें विद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी थी। इस कार्य में विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टॉफ सदस्यों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से शैक्षणिक भ्रमण का कार्य बेहतर तरीके से संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा सहयोग के लिये शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गण्डई के समस्त पदाधिकारीगण एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ सदस्यों को उनके सराहनीय सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ पर्यटक मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू आज करेंगे पदभार ग्रहण

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य होंगे शामिल



**राजनांदगांव,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में कल 16 अप्रेल को शाम 4 बजे पं दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम गौरव पथ रायपुर में भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा छत्तीसगढ पर्यटक मंडल अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान प्रदेश के मंत्री सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति रहेगी।

प्रदेश सरकार ने भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा को छत्तीसगढ पर्यटक मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री शर्मा कल 16 अप्रेल को शाम 4 बजे पं दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम गौरव पथ रायपुर में पदभार ग्रहण करेंगे , वही सम्मान समारोह भी आयोजित किया जायेगा।

**मंत्री मंडल की रहेगी उपस्थिति**

उक्त गरिमामयी आयोजन में आर्शिवादक एवं मार्गदर्शक के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह करेंगे, अतिविशिष्ट अथियों में केन्दीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री राम विचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, संतोष पाण्डेय, विधायक किरण सिंह देव, धरमलाल कौशिक सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# समस्याओं से ग्रस्त है गौरी नगर हफीज ने दिया महापौर को ज्ञापन



**राजनांदगाव,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम का गौरी नगर वार्ड भाजपा के सुशासन में कई समस्याओं से ग्रस्त है। एक दर्जन से ज्यादा समस्याओं को लेकर वार्ड पार्षद हफीज खान ने महापौर मधुसूदन यादव को ज्ञापन दिया है।

पार्षद हाफिज खान ने बताया कि नागपुर रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के राजनांदगांव में बने फ्लाई ओवर जो अग्रवाल ट्रांसपोर्ट (गौरी नगर चौक) राजनांदगांव के पास उतरा है, जिससे गौरीनगर, स्टेशनपारा के रहवासियों को दैनिक कार्य, छात्रों को शैक्षणिक कार्यो से शहर जाने के लिए एन. एच. के सर्विस रोड से जाना पड़ रहा है जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है एवं आये दिन अनेकानेक दुर्घटनाएं हो रही है साथ ही यह भी अवगत होना चाहेगे कि अग्रवाल ट्रांसपोर्ट से ही दल्लीराजहरा स्टेट हाईवे क्रमांक–5 गुजरा है, जिसमें जाने के लिए भी रहवासियों को जाना पडता है। उक्त फ्लाई ओवर के उतार को नेहरू नगर के आगे उतारने से रायपुर नाका के पास नेशलन हाईवे क्रॉस करने वाले लाखों रहवासियों को भारी वाहनों के आवागमन की परेशानी से निजात मिलेगा। उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए अग्रवाल ट्रांसपोर्ट (गौरी नगर चौक) राजनांदगांव की तरफ के फ्लाई ओवर को सभी वार्ड वासियों की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नेहरू नगर के आगे उतारने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध है।

# भीम जयंती पर सुनील बंसोड़ की शानदार प्रस्तुति



**राजनांदगाव,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। बोधिस्तव डॉ बाबा साहेब के जयंती अवसर पर नगर बौद्ध कल्याण समिति का मुख्य आयोजन सिविल लाइन मे आयोजित हुआ उक्त कार्यक्रम मे सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील बंसोड़ ने अपने साथियो सहित बुद्ध एवं भीम गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी द्य उपस्थिति श्रोतागणो ने श्री बंसोड़ के गीतों का भरपूर आनंद उठाया, दीवाना जै भीम का मस्ताना जै भीम का गीत पर श्रोता झूमने लगे, ईष्ट मित्रों ने श्री बंसोड़ को अच्छी प्रस्तुति के लिए बधाई एवं अपनी शुभकामनायें दी ।



**राजनांदगांव**, 15 अप्रैल। नीमच में जैन संप्रदाय के मुनि श्रीयों पर हुआ हिंसक हमला अत्यंत दुखद और निंदनीय है। अहिंसा, करुणा और जीवदया के पुजारी साधु–संतों पर इस प्रकार की कायरतापूर्ण घटना समाज की आत्मा को आहत करती है। इस दुष्कृत्य के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए सकल जैन श्री संघ ने जिलाधीश को राष?ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समस?त सकल जैन श्री संघ मौजूद था।

# अधेड़ पर 4 नाबालिगो से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, मामला दर्ज

**गण्डई पंडरिया,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। गंडई नगर से लगभग 8 किमी दूर स्थित एक गांव में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। 47 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति पर गांव की ही चार नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप लगा है। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही गांव में एक बैठक हुई। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ गंडई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल की देर शाम को गांव के रहने वाले 47 वर्षीय धरम वर्मा ने 6 से 8 वर्ष की आयु की चार नाबालिग बच्चियों को खाने का लालच देकर अपने घर बुलाया। आरोप है कि उसने बच्चों को उनके कपड़े खोलने के लिए कहा। इसके बाद नाबालिग बच्चियों ने घर पहुंचकर इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी।

परिजनों ने तत्काल गांव में एक बैठक बुलाई और 47 वर्षीय धरम वर्मा के कृत्यों को ग्रामीणों के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने गंभीरता दिखाते गंडई थाना में इस मामले की लिखित शिकायत दर्ज करवाई। गंडई पुलिस ने मामले की जांच उपरांत आरोपी धरम वर्मा के खिलाफ धारा 74 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 76 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 एवं 10 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दलित समाज को डॉ. अम्बेडकर की देन विषय पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान



**गण्डई पंडरिया,** 15 अप्रेल (देशबन्धु)। स्व. श्री देवी प्रसाद जी चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में एम.ए.राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आज दिनांक 15 अप्रैल 2025 दिन मगंलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अन्तर विभागीय अतिथि व्याख्यान (सेमीनार) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता डॉ. ओ.पी.कौषिक (अतिथि व्याख्याता) रहे। जिन्होंने दलित समाज को डॉ. अम्बेडकर की देन विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि डॉ. अम्बेडकर के देश सेवा एवं समाज के साथ–साथ पुरे भारत में शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता, जातिगत भेद–भाव, छुआ–छुत से परे सामाज को जागरूक करने का कार्य किया था। साथ ही असित साहू (अतिथि व्याख्याता) ने डॉ. अम्बेडकर द्वारा संविधान निर्माण एवं योगदान पर विस्तृत जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार शेषराम गोरे ने किया गया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष टी. एल. वर्मा, सुभम दुबे, दीपांषु यादव, सुश्री शिल्पी देवांगन एवं एम. ए. राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# छुईखदान में आंबेडकर अनुयायियों ने मनाई धूमधाम से बाबा साहेब की जयंती

- सुबह से लेकर देर रात तक नगर में गूंजता भीम के नारे
- जिला स्तरीय आंबेडकर जयंती समारोह हर्षल्लास पूर्वक मनाई गई



**खैरागढ़,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में जिला स्तरीय आंबेडकर जयंती छुईखदान में मनाई गई भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष संतोष कामडे के नेतृत्व में सुबह मोटर साइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण करने के पश्चात शाम 6 बजे बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने पैदल जुलूस रैली निकाली जिसमें हजारों की संख्या में आंबेडकर अनुयायियों की भीड़ थी। रैली नगर के आंबेडकर भवन से निकालकर अलग–अलग मोहल्ले में भ्रमण करने के पश्चात रैली वापस आंबेडकर भवन पहुंची इसके पश्चात समाज के जिला अध्यक्ष अतिथियों के द्वारा संविधान निर्माता सिंबल ऑफ नॉलेज के डॉ. बी आर आंबेडकर तथा महाकारुणिक गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी लोगों के द्वारा सामूहिक त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया गया उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार करने के बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया मंच पर उपस्थित नगर पंचायत प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास वैष्णव, संजय महोबिया, सज्जाक खान, नवनीत जैन, मंसाराम सीमकर, मधुकर चौखंदे उत्तम बागडे, संतोष कामडे, अमृता कांडे सहित अन्य मंचासीन उपस्थित रहे।

कांग्रेस नेता संजय महोबिया ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर ने उच नीच की भेदभाव को मिटा दिया है। उन्होंने पूरे समाज एक अच्छा संदेश दिया है और समाज को जागरूक करने का काम किया है। आज उनके ही बदौलत हम एक साथ बैठे हुए हैं।

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष साज्जक खान ने समाज को संबोधित करते हुए हुए कहा कि डॉ.बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने हमारे देश को संविधान लिखकर दिया है आज उनके जैसा पढ़ा लिखा व्यक्ति कोई नहीं है। उन्होंने 32 डिग्री हासिल की और उन्हें नव भाषाओं का ज्ञान था। भारत ही नहीं अन्य देशों में भी उनकी पूजा की जाती है। उन्होंने अंत में कहा आप लोगों ने मुझे बुलाया उसके लिए मैं बौद्ध समाज का हमेशा आभारी रहूंगा युवा नेता नवनीत जैन ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर पढ़े–लिखे और एक सुलझे हुए व्यक्ति थे। उन्होंने हमेशा समाज को संगठित करने का काम किया है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के रास्ते पर चलकर हमेशा काम करना होगा समाज को हमेशा शिक्षित करना हमारा प्रथम कर्तव्य होगा नगर पंचायत छुईखदान के प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास वैष्णव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर हमारे लिए अनुकरणीय हैं। मैं उन्हें सादर प्रणाम और नमन करता हूं श्री वैष्णव ने समाज को आगे कहा कि आप सभी बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलें और अपने घर परिवार समाज और गांव का नाम रोशन करें बाबा साहब के जैसा बनकर नगर का विकास करें मैं बौद्ध समाज का आभारी हूं बाबा साहब हमारे लिए पूजनीय कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रवि बसोड़ ने किया वही आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ सदस्य मंशाराम सिंमकर ने किया जिला स्तरीय आंबेडकर जयंती समारोह के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंबेडकर अनुयाई उपस्थित रहे इस दौरान छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष केदार मेश्राम, जयराम बोरकर, अर्जुन मेश्राम, तोरण केलकर, नरेंद्र मेश्राम, सोलिंग रोड़गे, विमल बोरकर सुरेश चौरे, भरत वानखेड़े,दलबीर सिंह,जीवन कामडे, झरना बसोड, कविता नागदेवे पूजा बसोड,अनीता कामडे, राजकुमार बोरकर, रामकृष्ण नारकर, सौरभ नारकर,सहित बड़ी संख्या में आंबेडकर अनुयाई उपस्थित रहे।

# आभार रैली में विक्रांत ने समुचित विकास व समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा



**खैरागढ़,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। केसीजी जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 04 भूर्भुसी से जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम कालेगोंदी, बिरनपुर कला, छिराहीडीह, हरडण्डा, नेवासपुर, काशीटोला, चिलगुड़ा व पेंडरवानी पहुँचकर त्रिस्तरीय चुनाव में विजयी दिलाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों का आभार जताया। श्री सिंह के चुनाव के बाद पहले आगमन से उनका जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात जनमानस को सम्बोधित करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की देवतुल्य जनता को देते हुए कहा कि यह जीत प्रदेश की भाजपा सरकार के सुशासन की जीत है। उन्होने कहा कि जिलेवासियों ने जिस ढंग से त्रि–स्तरीय चुनाव में भाजपा सरकार पर भरोसा जताया है उससे जिले के समुचित विकास की राह आसान हो गई है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी और क्षेत्र का समुचित विकास होगा। उन्होने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों ने जिस उम्मीद और भरोसे से उन्हें शानदार जीत दिलाई है उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित क्षेत्रवासियों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का फूल–माला भेंट कर सम्मान किया। उन्होने अपनी जीत के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नेता राकेश ठाकुर, छुईखदान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजू जंघेल, लीलाराम साहू, रामवतार साहू, ग्राम पंचायत धोधा सरपँच दुजेराम जंघेल, महेश यदु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के ऐतिहासिक एवं साहसिक निर्णयों को जनता तक पहुंचाएं

## भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में वक्ताओं ने किया आव्हान




दुर्ग, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज जलाराम वाटिका में हुए सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सांसद एवं पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सरोज पाण्डेय एवं सांसद विजय बघेल सहित सभी वक्ताओं ने मोदी सरकार द्वारा लिये गये कई ऐतिहासिक व साहसिक निर्णयों की चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी के निर्णयों, कार्यक्रमों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का आव्हान किया। मंच पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, विधायक केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर, विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, तेलघानी विकास निगम के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उषा टावरी, एवं चंद्रिका चंद्राकर भी उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि हमारी सरकार ने साहसिक निर्णय लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने आव्हान किया कि सरकार द्वारा जो साहसिक निर्णय लिये जा रहे है वे निर्णय नीचे कर आम जनता तक जाएं और लोगों को उसका लाभ मिले यह संकल्प भाजपा के सक्रिय सदस्यों को लेना है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि आज पार्टी के अतीत व संघर्ष यात्रा को याद करते का दिन है। उन्होंने कहा कि जो अपने अतीत को विस्मृत कर देता है उसका अस्तित्व भी खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा विकास की कई ऊंचाईयों को छुआ है। वे विश्व के सर्वमान्य नेता है उनके नेतृत्व में पार्टी ने जो साहसिक निर्णय लिये है उनका मैं साक्षी हूं और यह मेरा सौभाग्य है। विधायक दुर्ग शहर में गजेन्द्र यादव ने भाजपा की 45 वर्षो की संघर्ष यात्रा का विस्तार पूर्वक उल्लेख करते हुए पूर्व सांसद दिवंगत मोहन भैया द्वारा पार्टी के साथ जनता को दी गई सेवाओं का उल्लेख किया उन्होंने कहा कि इन जैसे नेताओं के संघर्ष का परिणाम है कि भाजपा आज सबसे ज्यादा सांसद, विधायक वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने भी इतिहास को अनदेखा न करने की अपील सक्रिय कार्यकर्ताओं से की।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने 6 अप्रेल से 14 अप्रेल कर पार्टी द्वारा आम्बेडकर जयंती व भाजपा स्थापना दिवस के तहत किये गये कार्यो का उल्लेख करते हुए पंचनिष्ठा से कार्यक्रमों का संचालन किया। उन्होंने कहा कि इन सभी का यह उत्तरदायित्व है कि पार्टी के मान, सम्मान, वैभव को बरकरार रखते हुए उसे और आगे बढ़ाएं।

सम्मेलन को पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, दिलीप साहू ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम के प्रभारी दिनेश देवांगन ने किया। संचालन पार्टी के जिला मंत्री दीपक चोपड़ा व आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने किया।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ. बालमुकुंद देवांगन, सांवलाराम डाहरे, सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, कौशल साहू, महेन्द्र लोढ़ा, कमलेश फेकर, शिव चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष अरविंद खुराना, कांतिलाल बोथरा, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, जीत यादव, दिव्या कलिहारी, डॉ. शरद अग्रवाल, सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महापौर ने किया बस स्टैंड का निरीक्षण




- गंदगी व अतिक्रमण पर जताया रोष, कार्रवाही के दिए निर्देश

दुर्ग, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज अपनी टीम के साथ नया बस स्टैंड पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने साथ चल रहे अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि नालियों में कचरा गंदगी डालने वाले दूकानदारों को नोटिस जारी कर उनका लाईसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करें। उन्होंने दूकानदारों के नाली क्षेत्र पर किये गये अतिक्रमण स्वयं ही हटा लेने के भी निर्देश दिये। महापौर के साथ इस निरीक्षण के दौरान एमआईसी के स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमएमयू कुणाल भी थे।

श्रीमती बाघमार ने इस दौरान यह भी निर्देश दिया कि बसों की सफाई के दौरान गंदगी, कीचड़ फैलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई के भी निर्देश दिये। उन्होंने दूकानदारों को दूकान के बाहर अतिक्रमण न करने की अपील करते हुए कहा कि वे लोग अपने व ग्राहकों के वाहन भी व्यवस्थित तौर पर पार्किंग में रखने की हिदायत दी। प्रत्येक दूकान के सामने डस्टबीन रखने के भी निर्देश दिये।

## स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन समिति की आज बैठक

दुर्ग, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 16 अप्रैल को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

# बसपा ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया



दुर्ग, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती व बहुजन समाज पार्टी के 41 स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सतनाम भवन ग्राम खोपली में किया गया स इस अवसर पर संतो गुरूओ व महापुरूषों की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की तथा बाबा साहब के जीवन दर्शन को बताया गया तथा उनके उनके अधूरे कारवां को बीएसपी के माध्यम से पूर्ण करने का संकल्प लेकर उनके विचारों को जन.जन तक पहुंचने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर जिले के समस्त कार्यकर्तागण, पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। यह जानकारी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई अध्यक्ष सचिन गवई ने दी।

# काबुली बाबा का उर्स पाक 13 से 18 मई तक



दुर्ग, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्ला अलैह पुराना बस स्टैंड का सालाना उर्स पाक 13 अप्रेल से 18 अप्रेल तक मनाया जायेगा। आज हुई सालाना उर्स पाक कमेटी की बैठक में संस्था के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

उक्त जानकारी देते हुए कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रऊफ कुरैशी ने बताया कि 13 मई को मगरिब की नमाज के बाद दरगाह शरीफ में परचम कुशाई कर उर्स पाक का प्रारंभ किया जायेगा। 14 मई को शाही संदल निकाली जायेगी जो खादिम ए आस्ताना के निवास जामा मस्जिद से निकलकर रात्रि 8 बजे नगर भ्रमण करते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगी। जहां पर चादर पोशी की जायेगी। 15 मई को रात्रि साढ़े 9 बजे रजा फायर वर्क्स के अयाज रजा की ओर से आतिशबाजी की जायेगी। रात्रि 10 बजे निशार एहसान चिश्ती एंड ब्रदर्स चितौड़गढ़ राजस्थान एवं नौशाद चिश्ती कव्वाल एंड पार्टी मुजफ्फर नगर दिल्ली के बीच होगा।

16 मई को मजीद शोला कव्वाल एंड पार्टी का मुकाबला जुनैद सुल्तानी कव्वाली एंड पार्टी बंदायूं, 17 मई को शाकिब अली साबरी कव्वाल एंड पार्टी लखनऊ का मुकाबला गुलाम हबीब पेंटर कव्वाल एंड पार्टी अलीगढ़ के बीच होगा। 18 मई की सुबह 8 बजे कुल की फातिहां होगी। निर्णायक मंडल के प्रभारी हाजी इसराइल बेग शाह ने अपने पुरखों की स्मृति में पुरस्कार देने के इच्छुक लोगों से अपील की है कि वे उनसे संपर्क कर सकते है। कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाल भाटिया ने आभार व्यक्त किया।

बैठक में अजय शर्मा, अजमद अली, शेख आलम, हैदर अली, नसीम फारूखी, अबरार पुवार, मारूफ आलम, मिर्जा साजिद, मुन्ना खान, जाहिद अली, इस्माइल चौहान, मोहसिन हाशमी, दिलराज भाटिया, सिमरन जीत सिंह, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# खैरागढ़ में हर्षोल्लास से मनाई आंबेडकर जयंती



- बाइक रैली निकालकर किया नगर भ्रमण
- भीम के नारे गूंजते रहे दिनभर

खैरागढ़, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में बौद्ध समाज के द्वारा संविधान निर्माता सिंबल ऑफ नालेज डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी की 134 वी जयंती हर्ष उल्लास पूर्वक मनाई गई कार्यक्रम की शुरुआत दाऊचौरा स्थित बुद्ध विहार में सुबह 10 बजे सामुहिक रूप से पंचशील व त्रिशरण का पाठ करने के बाद समाज के सभी लोगों द्वारा दाऊचौरा स्थित बुद्ध विहार से बाइक रैली निकाली गई जो नगर के अमलीडीह, सोनेसरार, इतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, गोल बाजार से होते हुए रैली वापस आंबेडकर चौक में पहुंची आदमकाद प्रतिमा के समक्ष सभी भीम अनुयायियों ने एकत्रित होकर डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर भारतीय बौद्ध महासभा केसीजी जिला अध्यक्ष संतोष कामडे के द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात सभी लोगों के द्वारा सामूहिक रूप से त्रिशरण का पाठ किया गया बाबा साहेब की जमकर जय कारे लगाई गई बाइक रैली में बढ़ चढ़कर लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई, डीजे की धुन पर भीम अनुयायियों ने खूब थिरकते रहे और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर खैरागढ़ बौद्ध समाज के अध्यक्ष उत्तम बागड़े, संरक्षक मधुकर चोखान्द्रे, वरिष्ठ सदस्य मनसाराम सिंमकर, प्रमुख सलाहकार अनुराग तुरे, मोतीलाल भीमटे, भोजराज ऊके, महिला अध्यक्ष कविता नागदेवे, छाया चौरे, पूजा बसोड,

सचिव विमल बोरकर, भारत वानखेड़े, राधेलाल ऊके, प्रदीप बोरकर, देवेंद्र नागदेवे, शशि रामटेके, नरेंद्र मेश्राम, दलबीर सिंह, संजू ऊके, सोलिंग रोड़गे, पाटिल सर, राजकुमार बोरकर, सुरेश चौरे, अनामिका मेश्राम, मुस्कान चौरे, निवेदिता बोमले, पूजा बागड़े, दीप्ति बागड़े, सहित सैकड़ों की संख्या में भीम अनुयाई उपस्थित रहे।

# शवागार परिसर में मिशन संडे टीम ने श्रमदान कर दिखाया जज्बा




खैरागढ़, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर मिशन संडे टीम ने एक बार फिर अपने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए रविवार को शासकीय अस्पताल परिसर में स्थित शवागार के मुख्य मार्ग और आंतरिक क्षेत्र में श्रमदान किया। टीम के संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र की बिगड़ती स्वच्छता स्थिति पर विरोध जताया और जनहित में श्रमदान कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। बताया गया कि शवागार परिसर के सामने मुख्य मार्ग पर लंबे समय से बड़ी-बड़ी कंटीली झाड़ियां और गंदगी का अंबार जमा था वहीं बैठने के लिए लगी कुर्सियों पर भी झाड़ियां उग गई थी जिससे आम नागरिकों को परेशानी हो रही थी। मिशन संडे की टीम ने सुबह-सुबह फावड़ा, कुल्हाड़ी और अन्य औजार लेकर अभियान की शुरुआत की और दोपहर तक मेहनत कर पूरे परिसर को स्वच्छ रूप प्रदान किया।

**जनहित सर्वोपरि, न कोई आरोप न कोई शिकवा**

संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि मिशन संडे केवल शिकायतें और भ्रष्टाचार उजागर करने तक सीमित नहीं है, हम जनहित के कार्यों में सीधे मैदान में उतरकर योगदान देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सवागार परिसर में वर्षों से सफाई नहीं की गई थी जिसकी जानकारी होने पर टीम ने बिना किसी शासन-प्रशासन पर आरोप लगाए खुद श्रमदान कर क्षेत्र की तस्वीर बदल दी।

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी रही सहभागिता**

इस अभियान में नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, विप्लव साहू, अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, हरिदर्शन ढीमर, सूर्यकांत यादव समेत मिशन संडे के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर क्षेत्रवासियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया। निश्चित रूप से मिशन संडे का यह प्रयास न केवल एक जागरूक नागरिक पहल है बल्कि यह भी दर्शाता है कि जब जनता खुद पहल करती है तो बदलाव की शुरुआत होती है।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय गंडई में प्रवेश प्रारंभ




गण्डई पंडरिया, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के पीएम श्री स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय, गण्डई, जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) में सत्र 2025-26 हेतु दिनांक 10 अप्रैल 2025 से नवीन छात्रों के प्रवेश हेतु पोर्टल प्रारंभ हो गया है। इच्छुक पालकगण अंतिम तिथि दिनांक 05 मई 2025 तक ऑनलाईन सेजेस पोर्टल के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

कक्षा 01 में 50 सीट, कक्षा 6वी, 8वी, 9वीं में 2-2 सीट रिक्त है। शासन के नियमानुसार रिक्त सीट में 50 प्रतिशत बालिकाओं को, 25 प्रतिशत बी.पी.एल. परिवार एवं 25 प्रतिशत मुक्त सीट है। निर्धारित सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा। दिनांक 05 मई 2025 से दिनांक 10 मई 2025 तक लॉटरी संभावित तिथि है, लॉटरी के उपरांत दिनांक 11 मई 2025 से दिनांक 15 मई 2025 तक दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन विद्यालय समय में किया जायेगा। बताया गया कि अधिक जानकारी के लिये पालकगण प्रवेश प्रभारी शुभम सिंह (प्राथमिक प्रधानपाठक), सुश्री किरण ठाकुर (व्याख्याता), हेमंत कुमार (सहा.शिक्षक), ममता सोनी (सहा.शिक्षक) से संपर्क कर सकते है। संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय केन्द्र सरकार की पीएमश्री योजना अंतर्गत संचालित है, जहाँ छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के साथ अनुशासन एवं छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाता है, विद्यालय पूर्णत: नि:शुल्क है। अत: अधिक से अधिक पालकगण उपरोक्त योजना का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराना सुनिश्चित करे। आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की आयु 31 मई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए।

# सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों पर समाधान करें आवेदकों से घरोंघर जाकर संपर्क करने के निर्देश



**आयुक्त अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक में दिये निर्देश**

दुर्ग, 15 अप्रेल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार.2025 की तैयारियों को लेकर निगम के डाटा सेंटर सभा कक्ष में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार यह तिहार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जनसंवाद को सशक्त बनाने हेतु 8 अप्रैल को पहले चरण का शिविर शहर के 6 स्थानों में कार्यक्रम हो चुका है।

आयुक्त ने कहा कि सुशासन तिहार 2025 तीन चरणों में से 12 मई से दूसरा चरण प्रारम्भ होगा। जिसमे अधिकारीगण सुशासन तिहार के माध्यम से आवेदनों का निराकरण आमजन की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें। ताकि उन्हें कहीं और भटकना ना पड़े। समाधान की प्रक्रिया अगले एक माह मे पूर्ण किया जाना है। एक माह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

समाधान शिविर 5 मई से 31 मई शहर के 6 स्थानों में लगाये जायेगें। इन शिविरों में मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शेष आवेदनों का समाधान एक माह के भीतर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता गिरीश दिवान, सजंय ठाकुर, हरिशंकर साहू, सुरेश केवलानी सचिव रेवाराम मनु सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

समाधान शिविर का आयोजन 5 से 31 मई यानि तीसरे चरण में होगा। पहले चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से आम जनता से शिकायतें, सुझाव और आवेदन लिए जा रहे है।

पति- तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो।
पत्नी- थैंक्यू सो मच...और बताओ क्या कर रहे हो?
पति- खाली बैठा था तो सोचा थोड़ा मजाक ही कर लूं।



# अर्जुनी देसी व अंग्रेजी शराब भट्टी में ओवररेट पर बेची जा रही शराब

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम अर्जुनी के देसी एवं अंग्रेजी शराब भट्टी में ओवर रेट में अप्रैल माह मे शराब का बिक्री किया जा रहा है। आबकारी विभाग की निष्क्रियता के कारण ग्राम अर्जुनी के देसी शराब भट्टी एवं अंग्रेजी शराब भट्टी में मदिरा प्रेमियों को रात्रि का लाभ उठाकर शराब भट्टी के मैनेजर एवं कर्मचारियों के द्वारा दादागिरी के साथ शराब का बिक्री खुले आम अधिक रेट पर किया जा रहा है। इस ओवर रेट पर शराब बेचना आबकारी विभाग के मिली भगत से संपन्न हो रहा है।



शादी विवाह के अवसर के पर मदिरा प्रेमियों को शराब लेने के लिए जाना पड़ता है। शाम के समय भीड़ भाड का लाभ उठाकर शराब भट्टी के कर्मचारियों एवं मैनेजर के द्वारा लाखों रुपया का अधिक रेट पर मदिरा बेचकर मुनाफा कमाया जा रहा है। यहां के ग्रामीण सुरेंद्र साहू एवं रवि शंकर साहू ने बताया कि देसी शराब भट्टी में 20रू. अधिक रेट पर प्रती पौवा बेच रहे हैं। अंग्रेजी शराब भट्टी में एक पौवा का 50 रुपये अधिक ले कर ग्रामीणों को बेचा गया है तथा देसी शराब भट्टी में प्लेन पावा का 80 के स्थान पर 100 प्रति पौवा ओवर रेट मे बेच रहे हैं, प्रति पौवा 20 अधिक रेट पर वसूली कर रहे हैं। एक ग्राहक ने बताया कि मैं एक पौवा सादा खरीदा तो मुझे 100 रू. शराब भट्टी के मैनेजर के द्वारा लिया गया। अधिक रेट की बात करने पर सेल्स मैन एवं मैनेजर द्वारा लेना हैं तो लो नही तो चले जाओ कहा जाता हैं। शाम को 7 बजे के बाद प्रतिदिन अर्जुनी की शराब भट्टी में ओवर रेट मे शराब बेचे जा रहे हैं।

ग्रामीणो ने पुलिस प्रशासन एवं आबकारी अधिकारियों से शराब की ओवर रेटिंग पर कार्यवाही करने की मांग किया है। जबकि आसपास के ग्राम टोनाटार, नवागांव, बिटकुली, मोपका, बोरसी, करही बाजार, सिंगारपुर, तुरमा, फरहदा तक शराब माफिया का कोचियों के द्वारा शराब की सप्लाई खुले आम किया जा रहा है। कोचियों ने शराबभट्टी के मैनेजर से सेटिंग कर 5 प्रति पावा अधिक रेट में बेचकर पैसा कमा रहे हैं और कोचियों के द्वारा आसपास के गांव में रात्रि के समय में सप्लाई किया जाता है।

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**धमतरी,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में आज अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर अग्नि सुरक्षाकर्मी शहीदों के सम्मान में नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों और जवानों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी श्रीमती शोभा ठाकुर ने जन जागरुकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान नगर सेना के कर्मचारी, नगर सैनिक एवं फायर कर्मी उपस्थित थे। बता दें कि जिले में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा जिसमें अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न जागरुकता अभियान एवं कार्यक्रम जिले में आयोजित किये जायेंगे।

**जिला सेनानी ने जन जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी**

# सुपोषण एवं अन्नप्राशन पखवाड़ा में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा : राठी

**महासमुंद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी से दुरभाष पर चर्चा कर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि छ.ग. शासन के आदेश से सुपोषण एवं अन्नप्राशन पखवाड़ा शहर के आंगनबाड़ी केन्द्रो मे जारी है लेकिन जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों की उपेक्षा की जा रही है जबकि जनप्रतिनिधि जनता के बीच की कड़ी है। पार्षदों का अपमान नही बल्कि जनता का अपमान है जिसे बर्दास्त नही करेंगे।



अधिकारी से कहा गया कि पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करना अधिकारी का काम है। पूर्व में भी ऐसे कई आयोजन महिला बाल विकास के हुये है जिसमें उपेक्षा कि गई है। सभी पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को उनके वार्ड के आंगनबाड़ी में आयोजित सुपोषण सप्ताह में भागीदार बनाये। अधिकारी समीर पाण्डेय ने दुरभाष पर कहा कि ऐसी जानकारी में नही था सभी जगह जनप्रतिनिधियों आमंत्रित करने के लिए आंगनबाड़ी के प्रभारी निर्देशित किया जावेगा।

# नगर निगम की अवैध होर्डिंग्स पर चला बुलडोजर

**धमतरी,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर की खूबसूरती और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम धमतरी द्वारा अवैध होर्डिंग्स और विज्ञापन बोर्डों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के तहत निगम की टीम ने घड़ी चौक से अर्जुनी चौक तक दर्जनों बड़े होर्डिंग्स, बैनर और फ्लेक्स हटाए। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों और चौराहों से सैकड़ों अनधिकृत विज्ञापन सामग्रियों को हटाया गया।




नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कई बार चेतावनी और नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन कुछ व्यापारियों और संस्थानों ने नियमों की अनदेखी करते हुए बिना अनुमति के बोर्ड लगा दिए थे। इससे शहर की स्वच्छता पर असर पड़ रहा था, साथ ही यह यातायात के लिए भी जोखिमपूर्ण हो गया था। लगातार मिल रही शिकायतों और निरीक्षण के बाद निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए यह अभियान चलाया।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा ने आमजन से अपील की है कि वे विज्ञापन के लिए तय प्रक्रिया और नियमों का पालन करें। बिना अनुमति किसी भी प्रकार के प्रचार सामग्री न लगाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्यवाही नियमित रूप से की जाएगी। यह पहल शहर को साफ, सुरक्षित और व्यवस्थित रखने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

# झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र की बैठक

**कटगी/बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव समिति झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र 47 गॉव अंतर्गत झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र के पदाधिकारियो का कार्य काल समाप्त हो जाने के कारण झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र चुनाव समिति द्वारा समाजिक पदाधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव पदो के लिए चुनाव 13 अप्रैल दिन रविवार को यादव धर्मशाला ग्राम बलौदा मे सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक सम्पन्न हुआ। जिसमें 1964 मतदाताओ में से 896 मतदाताओ ने अपना योगदान दिया।

**बैठक में संतोष यादव को अध्यक्ष चुना गया**



चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार संतोष कुमार यादव, भुजाऊ राम यादव एवं खोलबाहरा यादव थे। जिसमें संतोष कुमार यादव विजयी हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए भी 3 उम्मीदवार थे जिसमे मालिक राम यादव कोरियाडीह को 115 वोट बाबू लाल यादव दुन्डरा को 331 वोट चंदराम यादव अमोदी को 406 वोट मिले। इस प्रकार 75 वोट से चंदराम यादव को बिजयी घोषित किया गया। सचिव पद के लिए 2 प्रत्याशी खडे थे >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पानी की बर्बादी रोकने नल कनेक्शन किया बंद

**महासमुंद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। पानी की बर्बादी रोकने पालिका ने फौरी कार्रवाई करते हुए निजी कनेक्शन को बंद कर दिया। इससे अब अन्य क्षेत्रों को पानी पहुंचेगा। नपा उपाध्यक्ष के वार्ड में चांडक पेट्रोल पंप गली के आगे रामकृष्ण मिश्रा निवास के पास एक निजी मकान जो दो साल से बंद है से लगातार पानी बह रहा था। इस संबंध में खबर प्रकाशन के बाद नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने संज्ञान लेते हुए तुरंत पालिका कर्मचारियों को बंद करने का निर्देश जारी किया। इससे सैकड़ों लीटर पानी जो बहकर नाली में जा रहा था वह बंद हो गया। इस पर मोहल्लेवासियों ने उपाध्यक्ष व पालिका अधिकारियों को साधुवाद दिया है।





# खल्लारी मेला महोत्सव हमारे प्राचीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक धरोहर है: विधायक द्वारिकाधीश यादव

**बागबाहरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन एवं देवीस्थल आस्था का प्रतीक और सांस्कृतिक धरोहर से परिपूर्ण प्रसिद्ध खल्लारी मेला महोत्सव इन दिनों पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। मेले के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम एक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव थे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, मंदिर कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद त्रिवेदी, उपाध्यक्ष डेमन राज पनुरिया, एवं सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एडिशन ठाकुर मंच पर विराजमान थे।



### खल्लारी माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई

इस कार्यक्रम की शुरुआत खल्लारी राज की 'राजमाता खल्लारी देवी माता' की पूजा-अर्चना से हुई। भक्तिमय वातावरण में जब माता के जयकारे गूंजे, तो समस्त श्रद्धालुगण भक्ति भाव से भावविभोर हो उठे।

### विधायक यादव का खल्लारी माता पर ओजस्वी संबोधन

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मंच से उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए खल्लारी माता की महिमा पर एक सारगर्भित एवं प्रेरणादायक उद्बोधन दिया।

अपने उद्बोधन में श्री यादव ने कहा कि, खल्लारी माता केवल हमारी आस्था की प्रतीक ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की आत्मा हैं। उनकी उपस्थिति इस धरती को शक्ति, समृद्धि और संस्कारों की भूमि बनाती है। यह मेला महोत्सव केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि हमारी परंपरा, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतिबिंब है। हम सबका कर्तव्य है कि हम इस पवित्र स्थल और परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक संजो कर रखें।

उन्होंने आगे कहा कि, खल्लारी माता ने हर युग में अपने भक्तों को मार्गदर्शन दिया है। जब हम सामूहिक रूप से मां के चरणों में समर्पित होते हैं, तो न केवल धार्मिक बल मिलता है, बल्कि सामाजिक और मानसिक रूप से भी हम सशक्त बनते हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

विधायक के संबोधन के पश्चात सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें गरिमा दिवाकर एवं स्वर्णा दिवाकर की लोककला टीम ने भव्य संगीतमय एवं नृत्य की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकसंस्कृति से ओत-प्रोत गीतों और प्रस्तुतियों ने मेले को और भी आकर्षक बना दिया।

### समापन पर उमड़ा जनसैलाब

खल्लारी मेले के इस तीन दिवसीय आयोजन में क्षेत्रवासियों के साथ-साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु एवं सांस्कृतिक प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा की गई व्यवस्थाएं भी सराहनीय रहीं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत बागबाहरा के सीईओ एम एल मंडावी, पार्षद मंता यादव,ट्रस्ट कमेटी सदस्य तोष राम साहू,विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, मनहरण गुप्ता, लोकेश उइके, राहुल यादव, सुनील व्यवहार मुबारक खान, मोगेश राज पांडे, तोषण चक्रधारी, यशवंतठाकुर,उपेंद्र दीवान ,रामलाल सिन्हा, रिंकू चेतन चंद्राकर सहितबड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण,गणमान्य नागरिकगणतथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन व माताएं बहने उपस्थित थे ।

# सुअरमाल राज कलार समाज के वार्षिक अधिवेशन में पदाधिकारियों ने सार्वजनिक सोच में बदलाव का किया आह्वान



**महासमुंद** 15 अप्रैल (देशबंधु)। सुअरमाल परिक्षेत्र कलार समाज का वार्षिक अधिवेशन सोमवार को वनांचल क्षेत्र के ग्राम भलेसर में श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा और डडसेना वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉण् नीरज गजेंद्र ने समाज और जनप्रतिनिधियों को नई दृष्टि देने वाला उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि डॉ नीरज ने हालिया पंचायत चुनावों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे समाज सेवा में केवल ऊंचाई नहीं, व्यापकता भी लाएं। उन्होंने कहा कि खजूर की तरह अकेले ऊंचे नहीं, बरगद की तरह फैलकर छायादार बनें। जो सबको अपनी छांव में जगह देता है, वही सच्चा जनसेवक होता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे समाज के हर व्यक्ति को समान दृष्टि से देखेंए मार्गदर्शन करें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। समाज के जिला संरक्षक ईश्वर सिन्हा ने वैवाहिक आयोजनों में हो रहे अनावश्यक खर्चों पर चिंता जताई और सनातन परंपराओं के अनुरूप सादगीपूर्ण विवाह की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि समाज यदि रीति.रिवाजों की मर्यादा में रहेगा, तो नई पीढ़ी को भी सही दिशा मिलेगी। अधिवेशन में मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा पिथौरा, दानेश्वर सिन्हा खल्लारी, युवा मंच अध्यक्ष दौलत सिन्हा और शिक्षक मुरलीधर सिन्हा ने भी समाज में शिक्षा, रोजगार और संस्कृति के विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडलेश्वर प्रेमशंकर सिन्हा ने समाज के प्रबुद्ध और होनहार लोगों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। संचालन पूर्व सरपंच बलराम सिन्हा और डिगन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर पंचायतों के विभिन्न पदों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि सरपंच खेमराज सिन्हा मोंगरापाली, खिलेश्वरी सिन्हा खट्टी, समेत पंचों का सामाजिक अभिनंदन किया गया। अधिवेशन में जिला उपाध्यक्ष भूखनलाल सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष कल्पना सिन्हा, पूर्व मंडलेश्वर तुकनंदन सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमन सिन्हा, आत्माराम गजेंद्र, सचिव कंवल सिन्हा, खोलराज छोटू डडसेना जिलाध्यक्ष नुआपाडा, ईश्वर सिन्हा, भुखऊ सिन्हा, कंचन सिन्हा, हेमंत सिन्हा, चिंताराम सिन्हा, गैंदलाल सिन्हा, नरसिंह सिन्हा और नेताराम सिन्हा सहित प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर के अनेक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# तुसदा में आयोजित हनुमान जयंती एवं रामायण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक द्वारिकाधीश यादव



**बागबाहरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुसदा में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

ग्राम में आगमन होते ही ग्रामीणों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री हनुमान जी एवं राम दरबार की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात आयोजित रामायण पाठ में भक्ति रस की धारा बह चली।जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति रस की सरिता का आनंद प्राप्त किया।


मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में श्री हनुमान जी के अद्भुत चरित्र, उनकी भक्ति, सेवा और समर्पण भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'हनुमान जी न केवल शक्ति और बुद्धि के प्रतीक हैं, बल्कि वे आदर्श सेवक, सच्चे भक्त और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य अनुयायी भी हैं। आज की पीढ़ी को उनके चरित्र से प्रेरणा लेकर जीवन में सेवा, समर्पण और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।'

विधायकश्री यादव ने यह भी कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे श्रीराम और हनुमान जैसे चरित्रों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, तमोरा सरपंच सेवाराम साहू, ढेलू राम यादव, सुकरूराम साहू, धर्म सिंह दीवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर पूरे गांव का वातावरण रामभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# ग्रामीण क्षेत्रों में अंबेडकर जयंती मनाई गई




**जी जामगांव** 15 अप्रैल(देशबंधु)। ग्रामीण क्षेत्रो में अनेक जगहों पर बाबा साहेब का 134 वां जन्मदिवस मनाया गया । आज, भारत के महान सपूत, संविधान निर्माता, और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती है। उन्होंने अपना जीवन समाज के वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष, उनकी शिक्षा, और उनके विचार आज भी हमें समानता, न्याय, और बंधुत्व के मूल्यों को स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हैं।इस कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री लालचंद पटेल जी ने अपने सम्बोधन में कहा

आइए, इस विशेष दिन पर हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। शिक्षा को महत्व दें, सामाजिक भेदभाव को मिटाने का प्रयास करें, और एक ऐसे समावेशी समाज का निर्माण करें जहाँ हर किसी को सम्मान और समान अवसर मिले।

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने हमें सिखाया कि संघर्ष और दृढ़ संकल्प से हर बाधा को पार किया जा सकता है। उनकी जयंती हमें यह याद दिलाती है कि हमें हमेशा कमजोरों की आवाज़ बननी है और न्याय के लिए लड़ना है। बुधराम नेताम, गोविद यादव,आशीष रात्रे,गणपत रात्रे,महेश साहू ,विनोद मरकाम,वरुणादेव नेताम,रामेस्वर मरकाम,लखेश्वरी ध्रुव, सुनीता मरकाम एवम अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे।

# कर्मचारियों के लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग

## सुशासन तिहार अंतर्गत जिलाध्यक्ष ओम शर्मा ने किया ऑनलाइन आवेदन

**महासमुंद** 15 अप्रैल (देशबंधु)। छग सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला महासमुन्द के अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा द्वारा कर्मचारियों की दो महत्वपूर्ण एवं लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सरकार द्वारा जुलाई 2019 से जनवरी 2021 तक शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को पेंडिंग रखा गया जिसके कारण किसी प्रकार एरियर्स राशि भुगतान भी नहीं की गई जिससे कर्मचारियों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। चुनाव के दौरान केन्द्र के समान महंगाई भत्ता प्रदान करने की घोषणा को मोदी की गारण्टी बताया गया जिसके कारण कर्मचारियों ने विश्वास किया परंतु सरकार बनने के बाद वर्तमान सरकार भी मोदी जी की गारण्टी पूरी करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। साथ ही शासकीय सेवकों की सेवा में



रहते हुए मृत्यु होने पर अधिकतम 50 हजार रुपये प्रदान करने की योजना काफी पुरानी है जबकि वर्तमान में महंगाई की दर काफी बढ़ चुकी है। मध्यप्रदेश सरकार ने वर्तमान महंगाई दर के अनुरूप अनुग्रह राशि की सीमा 1 लाख 25 हजार कर दी है। छग सरकार से भी अनुग्रह राशि की सीमा में वृद्धि करने की मांग की गई है। श्री शर्मा ने आवेदन क्रमांक 25544612900011 के अंतर्गत महंगाई भत्ते को निर्धारित दर के अनुसार एरियर्स सहित भुगतान करने तथा आवेदन क्रमांक 25544612900012 के अंतर्गत अनुग्रह राशि में वृद्धि की मांग की गई है।

# जयंती पर आम आदमी पार्टी ने बाबासाहेब अंबेडकर को किया याद

**महासमुंद** 15 अप्रैल (देशबंधु)। आम आदमी पार्टी महासमुंद द्वारा पार्टी कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के 134 वीं जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर राकेश झाबक ने बताया कि हमारी पार्टी ने डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के सिद्धांतों का हमेशा सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद डॉ अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, उन्होंने भारतीय संविधान को एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी दस्तावेज के रूप में तैयार किया। संविधान में उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मूल आधार बनाया। उन्होंने दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की ताकि उन्हें समान अवसर मिल सके। उनका यह कार्य भारत के सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। आज जब हम अंबेडकर जयंती को मना रहे हैं, तो हमें इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय की स्थापना करें, शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाएं और भारत को एक सशक्त, समाज और समावेशी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की ओर से राज्य सह.सचिव संजय यादव, जितेन्द्र साहू, पुनाराम सिन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे । बाद में अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रार्थना पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।




# डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई

**बागबाहरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती आज 14 अप्रैल को नगर समेत समूचे अंचल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को श्रद्धां सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान नागरिकगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।



बागबाहरा शहर भाजपा मंडल के ग्राम सोनदादर आमगांव में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती उनके तैलचित्र की पूजा अर्चना करके मनाई गई । जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर , जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर एवं सुरेश महंती ने सभा को सम्बोधित किया। साथ ही इस कार्यक्रम के जिला प्रभारी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबे लाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, महामंत्री हरमीत सिंह बग्गा, आबिद खान , दुर्गा वस्त्रकार , किसुन पाटले, गायन पटेल, दयाराम ठाकुर, युवराज दीवान शंकर लाल कौशिक, मनमोहन मधुकर और तुकाराम चंद्राकर के साथ भाजपा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम पंचायत खैरटखुर्द एवं भिलाईदादर में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती ग्रामीणो द्वारा पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाई गई।

बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम में उपस्थित एम्बेसडर कोमल साहू युवा उपाध्यक्ष छुईहा एवं नारायण पटेल, जनपद प्रतिनिधि धनीराम मरकाम ,सरपंच श्रीमती जाके स्वारी टिकेलाल चक्रधारी,उपसरपंच श्रीमती प्रीति मुकेश साहू,पंच लता चे लक,पंच देवकुमार मल्होत्रा ,पंच केवल चक्रधारी ,पंच नारायण साहू एवं अन्य ग्राम के लोग उपस्थित थे। ग्राम पंचायत भीमखोज के आश्रित ग्राम जोरतराई में सरपंच भेखराम बघेल , रोजगार सहायिका कमलेश्वरी चंद्राकर, महेंद्र ध्रुव पंच प्रतिनिधि, लुकेश्वर सबर पंच प्रतिनिधि, श्रीमती विशाखा सबर पंच, कीर्तन लाल साहू एवं ग्रामवासी के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर जयंती कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया ।

आज 14 अप्रैल को भारतीय संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न सिर्फ दलितों, वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि वे महिलाओं के अधिकारों के भी बहुत बड़े हिमायती थे। डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्यप्रदेश के महू में एक महार परिवार में हुआ था। जिसे उन दिनों समाज में निचली जाति माना जाता था। ऐसे में अंबेडकर ने समाज में असमानता और भेदभाव का सामना किया। स्कूल में उन्हें अन्य बच्चों से अलग बैठाया जाता था। दलितों की इतनी बुरी स्थिति देखकर उन्होंने अपना पूरा जीवन पिछड़े वर्गों के उत?थान में लगा दिया। वह दलितों, शोषित और पिछड़ों की आवाज बनकर लोगों की मदद करते रहे।

# मोर दुवार साय सरकार महाभियान शुरू

**बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में नये आवास सर्वेक्षण को शतप्रतिशत पूर्ण कराने हेतु मोर दुवार साय सरकार महाभियान 15 अप्रैल 2025 से शुरू होने जा रहा है। आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पूर्ण कराने हेतु यह विशेष पखवाड़ा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक तीन चरणों में सम्पन्न होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में मोर दुवार साय सरकार महाभियान हेतु सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

- पीएम आवास योजना के तहत छूटे हुए पात्र हितग्राहियो का होगा सर्वे
- तीन चरणों में सम्पन्न होगा विशेष पखवाड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में जिला एवं विकासखंड स्तर पर शुभारम्भ होगा जिसमें 15 से 19 अप्रैल तक मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा सांकेतिक रूप से एक-एक परिवार का सर्वेक्षण किया जाएगा। द्वितीय चरण अंतर्गत 20 से 28 अप्रैल तक ग्राम नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक द्वारा प्रत्येक ग्राम में सभा आयोजित करेंगे। सर्वेक्षक द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षक एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से सर्वे कार्य शतप्रतिशत पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित किये जाएंगे।

# पदोन्नति में तत्काल आरक्षण रोस्टर बहाल की मांग तेज

- आरक्षण सहित पदोन्नति फोरम एवं अजजा संघ धमतरी ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जी जामगांव** 15 अप्रैल(देशबंधु)। 13 अप्रैल को आरक्षण सहित पदोन्नति फोरम छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ जिला शाखा धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में फोरम के राज्य संचालक मंडल सदस्य एवं धमतरी के अजजा संघ जिलाध्यक्ष गेवाराम नेताम के नेतृत्व में तथा सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओंकार साहू को माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम छत्तीसगढ़ के समस्त विभागों में पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर को तत्काल बहाल करते हुए पदोन्नति प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। पदाधिकारियों ने विधायक ओंकार साहू को

छत्तीसगढ़ राज्य की आधी आबादी अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी पिछले छह साल से राज्य में भारत के संविधान में निहित अनुच्छेद 16(4)क सहपठित अनुच्छेद 335 का परिपालन नहीं होने से परेशान हैं।

इन प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक शासकीय पदों में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के दावे होने के बावजूद पदोन्नति में आरक्षण नीति अधिसूचित नहीं की जा रही है एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों के दावे के अंतर्गत आने वाले पदों में गैर आरक्षित वर्गों को भरा जा रहा है जिससे समाज के शासकीय सेवकों तथा समाज के बेरोजगारी युवक युवतियों को होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि सरकार बने लगभग डेढ़ साल हो गया, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को पदोन्नति में आरक्षण नीति लागू करने निवेदन कर चुके हैं, बावजूद हमारी आवाज सुनी नहीं जा रही है। अभी वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग में लगभग 3000 पदों में प्राचार्य पदोन्नति तथा व्याख्याता पदोन्नति एवं कुछ संभागों में माध्यमिक शाला हेड मास्टर संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रियाधीन है जिसमें भी माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय एवं आदेशों की अवहेलना विभागों द्वारा की जा रही है इन सारी तथ्यों बातों से विस्तार पूर्वक अवगत कराया। पदाधिकारियों की बात को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद विधायक ने उक्त मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही हेतु अनुशंसा पत्र प्रेषित करने हेतु आस्वस्त किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष सुजाता ध्रुव, जिला सचिव उदय नेताम, धमतरी तहसील कार्यकारी अध्यक्ष राहुल नेताम, उपाध्यक्ष दौलत राम ध्रुव, अंजना नेताम, तहसील महासचिव धमतरी गौतम पोटाई, कोषाध्यक्ष टीकम ध्रुव, पदाधिकारीगण टीकाराम कुंजाम, तुलसीराम नेताम, कृष्णाराम मरकाम, राजेंद्र ध्रुव, घनश्याम नेताम, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, आधार सिंह ध्रुव, जितेंद्र नेताम, राकेश कुंजाम सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# मगरलोड में भाजपा महिला मोर्चा ने मनाई डाक्टर अंबेडकर की जयंती

**मगरलोड,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत मगरलोड भैसमुन्डी में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती जवाहर चौक रंगमंच में बाबा साहेब के छाया चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित किया गया । पूर्व पार्षद रोहित साहू ने कहा भीमराव अम्बेडकर दलितों के मसीहा साथ ही भारत देश के संविधान के निर्माता थे। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कविता यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डाक्टर अंबेडकर का जन्म 14 अप्रेल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में हुआ। और वह भारत के पहले कानून मंत्री थे। भारत के इतिहास में अंबेडकर महान व्यक्ति जिन्होंने समाज की दिशा और दशा को पूरी तरह बदल दिया। कविता यादव ने कहा यह केवल एक व्यक्ति की जयंती नहीं बल्कि एक आंदोलन की याद है।महान समाज सुधारक दलितो के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा दिया। डाक्टर अंबेडकर की मृत्यु 6 दिसबर 1956 को हुई उन्हें मरणोपरांत 1990 में भारत रत्न दिया गया। इसीलिए हर साल 14 अप्रेल को इनका जन्म दिन अंबेडकर जयंती पूरे भारत में एक राष्ट्रीय महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती यशोदा साहू, पूर्व एल्डरमेन श्रीमती शांति देवांगन, विष्णु साहू, रोशन साहू, गोपाल साहू, राजेन्द्र साहू, पूजा साहू, दिनेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, सुमित्रा बाई,कला बाई, पुनिया ध्रुव, सत्यवती, बंसती, लछणी, नंदनी, कुमारी बाई,प्रेमीन उपस्थित थे।



# जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर को किया याद

**भाटापारा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के 134वें जन्म जयन्ती को भाजपा कार्यालय में मनाया गया। इस से पूर्व 13 अप्रैल रविवार की संध्या को नगर के अम्बेडकर चौक पर भी भाजपा कार्यकर्त्ताओ द्वारा दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब को याद कर नमन किया गया..कार्यक्रम में मुख्यरुप से उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प व माल्यार्पण कर नमन किया।



कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में शिवरतन शर्मा ने कहा कि डॉ. बाबा साहब अंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों की सेवा ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने आगे कहा, च्बाबा साहब का जीवन वंचितों, पीड़ितों और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित था। उनका मानना था कि जो समाज कमजोर की सेवा नहीं करता, वह अपने अधिकारों का भी सम्मान नहीं कर सकता।

**बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समर्पण और असाधारण प्रतिभा का प्रतीक रहा : शिवरतन शर्मा**

उन्होंने यह भी कहा कि शिवरतन शर्मा ने कहा की च्भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने डॉ. बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न देकर उन्हें यथोचित सम्मान दिया। आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उनके आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की ओर तेजी से अग्रसर है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। वे महान समाज सुधारक, विधिवेता और संविधान निर्माता थे। उन्होंने जीवनभर सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी। बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समर्पण और असाधारण प्रतिभा का प्रतीक रहा.।

उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, मोहन बांधे, महाबल बघेल, योगेश अनंत, आशीष जायसवाल, दिलीप छाबड़िया, ओमप्रकाश रात्रे, गोवर्धन डहरिया, गोपाल देवांगन, नंदकिशोर अग्रवाल, सुनंद मिश्रा, उमाशंकर वर्मा, गोविन्द पटेल, बंटी टंडन, कुंजराम कौशले, दसरथ साहू, कान्हा मिश्रा, आयसा खान, तनूजा धृतलहरे, अंजनी जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे.

# 131 जोड़ों सहित सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक सुंदरकांड पाठ



**भाटापारा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर की श्री पंचमुखी हनुमान सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा स्थानीय मंगल भवन पुरानी सरस्वती शिशु मंदिर मंडी रोड में 131 जोड़ों के द्वारा संगीतमय सुंदर कांड पाठ का बृहद एवं भक्तिमय अनुष्ठान किया गया जिसमें 131 जोड़ों के अलावा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सुन्दर कांड पाठ किया उक्त कार्यक्रम में प्रमुख जजमान के रूप में भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सपत्नीक ने राम दरबार एवं हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मदकुद्वीप से पधारे संत रामरूपदास त्यागी जी महाराज उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में हनुमान जी के पावन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति अपनी भक्ति व निष्ठा के बल पर भगवान को अपने वश में कर सकता है किंतु वह भक्ति निष्काम होनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर फूलों से सुसज्जित मंच पर राम दरबार की मनमोहक झांकी सबका मन मोह रही थी मंच पर आचार्य रज्जन महाराज सहित भागवताचार्य पंडित हरगोपाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र भृगु, राजेंद्र जोशी, गोपाल पुरोहित, शेखर तिवारी, तंजीव अरोरा एवं गिरधर महाराज ने अलग अलग रागों में संगीत के साथ सुंदर कांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं भजनों का गायन किया अंत में हनुमान जी की महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

ज्ञात हो कि समिति द्वारा गत 17 वर्षों से नगर के विभिन्न मंदिरों, प्रतिष्ठानों, एवं घरों में प्रत्येक मंगलवार को सुंदर कांड पाठ किया जाता है एवं विशेष पर्व पर कभी 151 जोड़ों कभी 251 जोड़ों द्वारा सुंदर कांड पाठ किया जाता है जो पूर्णत: नि:शुल्क रहता है।

उक्त कार्यक्रम में समिति के अरुण छाबड़ा, पार्षद मनीष मिश्रा, देवेंद्र भृगु, पंडित हरगोपाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, गोपाल पुरोहित, राजेंद्र जोशी, तंजीव अरोरा, गिरधर व्यास, शेखर तिवारी, हेमंत मल, दिनेश सोनी, नागेंद्र गोस्वामी, रवि गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, दुर्गेश शर्मा, विजय पाण्डेय, प्रमेन्द्र भृगु, दीपक मल, संदीप मल, नंदू साहू, गगन गुप्ता, सिद्धांत जाधव, अभिजीत माहेश्वरी, शशांक गुप्ता, शुभम तिवारी, कोमल शर्मा, अरिहंत सेवक, बिहारी जोशी, हर्ष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सौरभ श्रीवास, मनीष बारवाड़, दीपांशु गुप्ता, तुषार साहू, जुगल गुप्ता, आदित्य ठाकुर, शशांक श्रीवास्तव, नन्दन शर्मा, आकाश पुरोहित, वैभव शर्मा, प्रीतम पुरोहित, शिवम गुप्ता, मोहन ध्रुव, जामवंत देवांगन सहित सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# रणनीति बनाकर समय-सीमा में आवेदनों का करें निराकरण : कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का रणनीति बनाकर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।



कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में मांग और शिकायत के आवेदन शामिल हैं। मांग से सम्बधित आवेदनों का निराकरण योजना के नियमानुसार एवं बजट उपलब्धता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण करें। शिकायत से सम्बधित आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करें। किसी कर्मचारी की शिकयत हो तो उस पर यथोचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि आवेदनों के निराकरण के लिए विभागवार एसओपी तैयार कर ले ताकि शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निरकारण शीघ्रता से हों सके। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान जिला मुख्यालय सहित मैदानी अमले अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें।

**कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा**

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतिम चरण अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविर की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विकासखंड से 10 -10 ग्राम पंचायतें समाधान शिविर के लिए चयनित किये गये है। इन ग्राम पंचायतों में केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तिकरण करें। एसडीएम एवं जनपद सीईओ दौरा करें और वहां की मूलभुत समस्याओं का समाधान करें। इसीतरह शिविर अंतर्गत क्लस्टर के ग्राम पंचायतों एवं क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायत के नजदीकी ग्राम पंचायतों की समस्याएं भी दूर करें। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत एवं समय सीमा के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# दिव्यांग रतन लाल को मिला मोटराइज्ड ट्राईसिकल

**बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांग रतन लाल टंडन को मोटराईज्ड ट्राई सिकल प्रदान किया। रतन लाल ने ट्राईसिकल मिलने पर कलेक्टर व शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।



विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम सेम्हराडीह निवासी 35 वर्षीय रतन लाल टंडन पिता भावदास टंडन लगभग 80 प्रतिशत दिव्यांग है जिससे उसे चलने-फिरने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रतन लाल ने बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसिकल नहीं होने से आने-जाने एवं सामान्य दिनचर्या के कार्यो में रोजाना काफी दिक्कत होती थी लेकिन अब मोटराइज्ड ट्राईसिकल मिल जाने से आने-जाने की समस्या दूर हो जाएगी। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# हर पक्का घर में वाटर हार्वेस्टिंग जरूर बनवाएं : कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जलसंचयन विषय पर जलसंवाहिनी का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।




**जलसंचयन वाहिनी का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न**

कलेक्टर दीपक सोनी ने निर्देशित किया कि हर नाला व गड्ढे के पास सॉख गड्ढे (सोखता गड्ढा) बनवाया जाए जिससे वर्षा जल का संचयन हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि हर पक्के मकान में जल संग्रहण (वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली अनिवार्य रूप से स्थापित किये जाएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन ग्रामों में कार्य नहीं हुआ है, वहां की बिंदुवार जानकारी एकत्र कर लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाए एवं नए ठेकेदारों को टेंडर जारी किए जाएं। पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त करने वालों पर पंचायत स्तर पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी रूप से घरों में लगाए गए टुल्लू पंप जप्त कर सम्बधित पर जुर्माना लगाया जाए। इसके साथ ही अतिरिक्त नल कनेक्शन को भी बंद करने के निर्देश दिए ताकि जल की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि 20 तारीख से पहले 50 पंचायतों में हर घर तक जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वैकल्पिक जल स्त्रोतों की व्यवस्था करते हुए तालाबों की सफाई एवं जल संचयन के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने मिशन मून के तहत तीव्र गति से कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, पी एच ई के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर सहित जिला पंचायत के अन्य अधिकारी एवं जल वाहिनी समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती गांव-गांव में धूमधाम से मनाई गई

**बागबाहरा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण मंडल के अन्तर्गत ग्रा' भारत रत्न' डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से चुन्नीलाल साहू (पूर्व सांसद महासमुंद), पीलेश्वर पटेल (पूर्व मंडल अध्यक्ष), रूपेश साहू (मंडल अध्यक्ष), दिनेश चंद्राकर (मंडल महामंत्री), कन्हैया नायक (वरिष्ठ भाजपा नेता), मुकेश कुमार चंद्राकर (अध्यक्ष कृषि साख सहकारी समिति मुनगासेर), लालसिंग नायक (बूथ अध्यक्ष), पुनीत सिन्हा (अध्यक्ष कृषि साख सहकारी समिति गांजर), गुलशन कुमार बघेल (अ ध्यक्ष कृषि साख सहकारी समिति मोंगरापाली रेवा), संजय खांडे (सरपंच प्रतिनिधि डोंगरगांव), देवचरण नायक (युवा नेता), परमिला निषाद, खेलावन चंद्राकर (बूथ अध्यक्ष), कोमल साहू (युवा नेता), नारायण पटेल (युवा नेता) रामजी खांडे, शिव खांडे, सुनील खांडे एवं समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थें। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के रीतिनीति एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत डोंगरगांव के प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमती ओमकुमारी संजय खांडे ने इस दौरान भाजपा प्रवेश किया। उनके भाजपा प्रवेश होने पर पार्टी के बागबाहरा ग्रामीण मण्डल के पदाधिकारियों ने सरपंच को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इसी तरह ग्राम पंचायत पचेड़ा में भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को उनकी जयंती पर सादर नमन ग्रामीणों द्वारा किया गया। देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए उनका संघर्ष और योगदान, संविधान की रक्षा की लड़ाई में हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत पचेड़ा में बाबा साहेब की 135 वी जन्म जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। इस जयंती कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पचेड़ा की सरपंच श्रीमती श्यामाबाई टंडन, आवास मित्र, उपसरपंच, समस्त वार्डो के पंचों के साथ ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें। इसी प्रकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। वे न सिर्फ भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के महान योद्धा भी थे। आइए उनके सिद्धांतों पर चलकर एक समतामूलक और सशक्त भारत का निर्माण करें। बागबाहरा भाजपा शहर मंडल द्वारा विभिन्न ग्रामों में जाकर डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। इसी तरह डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी की जयंती कार्यक्रम मनाने के लिए भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे। आज बागबाहरा शहर मंडल के ग्राम पंचायत सोनापुटी में प्रभारी के रूप में पूर्व पार्षद मोगेश पिंटू चंद्राकर ने पहुंचकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वी जयंती पर उनके जीवन काल में हुए योगदान को ग्रामीणों को याद दिलाकर संविधान निर्माता आंबेडकर जी को उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सोनापुटी की सरपंच श्रीमती बिमलाबाई रेखराज निषाद, उपसरपंच राजेंद्र साहू, मेघराज टंडन, पदमिनी राजपूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामेश्वरी घृतलहरे, सहायिका बोदा बाई ध्रुव, अनिल ध्रुव, भाजपा नेता गिरीश चक्रधारी, बकमा वाले एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।




# गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल के सौजन्य से प्याऊ घर का शुभारंभ

**बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड श्रीमति वंदना तिवारी, जिला सचिव, डॉ. जगदीश कुमार साहू, संयुक्त जिला सचिव श्रीमती कीर्ति वर्मा के निर्देसानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड, नेहा उपाध्याय जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल, जिला प्रशिक्षण गाइड सुश्री रजनी कला पाटकर, विद्यालय के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं विकासखण्ड सचिव चूड़ामणि वर्मा के मार्गदर्शन में प्याऊ घर सेवा की शुरुआत की गई।




ज्ञात हो कि गर्मी दिन-ब-दिन बहुत बढ़ती जा रही है जिसमें आने जाने वाले राहगीर गर्मी से परेशान होते हैं इसके लिए जन सहयोग लेकर प्याऊ घर खोला गया। जिसमें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, राज्य मुख्यालय आयुक्त (गाइड) श्रीमती वंदना तिवारी, एवं डॉ. अजय राव ने प्याऊ घर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही श्रीमती वंदना तिवारी को राज्य मुख्यालय आयुक्त (गाइड) बनाये जाने पर एवं डॉ. जगदीश हीरा साहू को लीडर ट्रेनर का ऑनरेबल चार्ज मिलने पर बुके देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त खोडस राम कश्यप, जिला संघ बलौदाबाजार के कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, नीरज बाजपेयी, जिला सचिव डॉ. जगदीश हीरा साहू, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सूरज कसार स्थानीय संघ बलौदा बाजार के कार्यवाहक अध्यक्ष नरेश केशरवानी, विकासखण्ड बलौदाबाजार सचिव चूड़ामणि वर्मा, स्काउर गंगाराम वर्मा, गाइडर श्रीमती माधुरी श्रीवास सहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार ने दी।

**भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारी हुए शामिल**

# नशे की लत से बच्चों को बचाने नशा मुक्ति अभियान शुरू



**बलौदाबाजार,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में एक युद्ध, नशे के विरूद्ध अभियान को जिले में सघन रूप से एक सुरक्षित, स्वच्छ और शिक्षित भविष्य देने की मंशा से अप्रैल माह में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसमें हॉट-स्पाट स्थलों पर नशावृत्ति में लिप्त बालकों को चिन्हांकन एवं उन्हें नशे से दूर रहने की समझाईश दी जा रही है।

इसी तारतम्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलने वाले अभियान के प्रारंभिक चरण में जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा परिक्षेत्र में सघन भ्रमण कर जनसमुदाय को नशावृत्ति के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बालकों में ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों के उपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति एवं उससे पूरे परिवार-समाज पर होने वाले दूरगामी दुष्प्रभावों के प्रति समुदाय को टीम के द्वारा आगाह किया गया। संयुक्त अभियान टीम के द्वारा भाटापारा परिक्षेत्र में 2 बालिकाओं एवं 1 बालक को भिक्षावृत्ति एवं अपशिष्ट संग्रहण में संलिप्त पाया। बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए, उन्हें बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास ने शासन द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए नशा करने वाले बालकों के संबंध में जिला बाल संरक्षण इकाई को चाईल्ड हेल्पलाईन के टोल फ्री नंबर 1098 एवं कार्यालयीन फोन नंबर 07727-299137 में देने की अपील की जिससे जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बालकों के पुनर्वास की समुचित कार्यवाही की जा सकें। उक्त कार्रवाई में संरक्षण अधिकारी दीपक राय, श्रम निरीक्षक, औषधि निरीक्षक, बीआरसी समन्वयक एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवकिरण अकादमी के समन्वयक को हटाने ज्ञापन



**महासमुंद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नवकिरण अकादमी के समन्वयक को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी छात्र.छात्राओं ने कलेक्टर जनचौपाल पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि समन्वयक की लापरवाही और उनके द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों ने बताया कि अकादमी में बार.बार छुट्टी दे दी जाती है, वाई फाई महीने की 15 तारीख के बाद बंद कर दिया जाता है साथ ही डिस्कशन रूम को भी जबरन बंद कर दिया है। विद्यार्थियों की छोटी.छोटी समस्याओं को समन्वयक द्वारा हल नहीं किया जाता, समन्वयक द्वारा हमेशा मनमानी की जाती है जिससे परेशान होना पड़ता है। बताया कि आगामी महीनों में पीएससी व व्यापमं की बहुत सी परीक्षाएं होनी है तथा पीएससी मेन्स एवं एडीआईए एडीईओए नीट की परीक्षा जून में होनी है। हमें पढ़ाई में दिक्कत आ रही है। इसलिए समस्याओं का निराकरण के लिए नवकिरण अकादमी के समन्वयक को हटा दिया जाए।